रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 9—जनवरी 15, 2016 (पौष 19, 1937)

No. 2] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 9—JANUARY 15, 2016 (PAUSA 19, 1937)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	3
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	17
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	91
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	101
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	1
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	13
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	3
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	17
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	91
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministriess of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	101
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	13
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 दिसम्बर 2015

सं. 112–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जाकिर हुसैन, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. मोहेश चंद्र बोरा, उप निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

03. भुगेश्वर सैकिया, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.06.2011 को एक सूचना प्राप्त हुई थी कि भारी अत्याधुनिक हथियारों से लैस उल्फा उग्रवादियों के एक बड़े समूह ने डिगबोई पुलिस स्टेशन के अधीन आने वाले काकूजान सुरक्षित वन क्षेत्र से सटे हुए तामुली बोगांव नामक गांव में अपना शिविर स्थापित किया है और वे उस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। तदनुसार, डिगबोई पुलिस स्टेशन प्रभारी एवं अन्य सुरक्षा बलों के साथ श्री जाकिर हुसैन, एपीएस, एसडीपीओ, मारघेरिटा के नेतृत्व एवं नियंत्रण के अधीन अपराह्न चार बजे एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अभियान वाले दल को छोटे हिस्सों में विभाजित किया गया और उक्त क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अभियान चलाया गया। श्री जाकिर हुसैन, एपीएस और अपने पुलिस स्टेशन के कार्मिकों के साथ डिगबोई पुलिस स्टेशन के प्रभारी उप निरीक्षक मोहेश चंद्र बोरा के नेतृत्व वाले एक पुलिस दल ने अचानक देखा कि जंगल के सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवक उनकी ओर आ रहे थे। पुलिस दल को देखकर मोटर साइकिल सवार युवकों ने अपनी मोटरसाइकिल वापस मोड़ ली और उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की। फौरन श्री जाकिर हुसैन, एपीएस ने अपने दल को उनका पीछा करने का आदेश दिया। जैसे ही पुलिस उस मोटर साइकिल का पीछा करने लगी मोटरसाइकिल सवार युवकों ने अभियान दल को निशाना बनाते हुए अपने स्वचालित अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री जाकिर हुसैन, एपीएस और उप निरीक्षक मोहेश चंद्र बोरा ने पीएसओ के साथ मिलकर अपनी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की और उन्होंने स्वयं अपने जीवन को भारी खतरे में डालते हुए भी बेहद सूझबूझ से उनका पीछा करना जारी रखा और वे पुलिस दल के किसी भी सदस्य के हताहत हुए बगैर ही मोटरसाइकिल के साथ दोनों युवकों को दबोचने में कामयाब हो गए। दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान दोनों उग्रवादी गोलियां लगने से घायल हो गए। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद, विस्फोटक आदि बरामद किए गए। इस अभियान में उल्फा के शिविर को ध्वस्त कर दिया गया।

जांच के दौरान गोलियां लगने से घायल हुए उग्रवादियों की पहचान (1) सार्जेंट मेजर अकोन बरगोहाइन उर्फ सुनामी, पुत्र श्री भुबोन बरगोहाइन, निवासी–कोलकाता गांव, पुलिस स्टेशन–सापेखाती, जिला–शिवसागर और (2) सार्जेंट मेजर तिकशू बरूआ उर्फ अभय गोगोई, पुत्र श्री मोदीन बरूआ, निवासी–अपर मामोरोनी गांव, पुलिस स्टेशन–डिगबोई, जिला–तिनसुकिया के रूप में की गई। दोनो युवक म्यांमार में प्रशिक्षण प्राप्त उल्फा के कट्टर काडर हैं।

की गई बरामदगी:–

1. 1 (एक) ए.के. 56 राइफल
2. 02 (दो) ए. के. सीरीज मैगजीन
3. ए.के. सीरीज के 25 (पच्चीस) राउंड गोलाबारूद
4. मैगजीन के साथ 9 एमएम की (एक) पिस्तौल

5. 9 एमएम की पिस्तौल के 4 (चार) गोलाबारूद

6. 3 (तीन) चीनी बोतल हथगोले

7. 2 (दो) डेटोनेटर

8. पंजीकरण सं. एएस–23–डी–2663 वाली एक मोटर साइकिल।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जाकिर हुसैन, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी, मोहेश चंद्र बोरा, उप निरीक्षक और भुगेश्वर सैकिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 02.06.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 113–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01 उत्पल बोरा,
उप निरीक्षक

02. लर्निश पेगू,
उप निरीक्षक

03. भूपेन हातीमुरिया,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.05.2012 को लगभग 0900 बजे, सादिया पुलिस स्टेशन के अधीन बासकोटा चुक और मिशिंग बोरगोरा के आम क्षेत्र में सुरक्षा बलों के विरुद्ध विध्वंसक गतिविधियों की तैयारी कर रहे 5/6 संदिग्ध माओवादी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों के संबंध में एक गोपनीय सूचना प्राप्त होने पर, सादिया पुलिस स्टेशन प्रभारी उप निरीक्षक उत्पल बोरा, उप निरीक्षक (पी) लर्निश पेगू और असम पुलिस बटालियन के कार्मिक फौरन उस गांव की ओर रवाना हो गए। उस स्थान पर पहुंचकर, पुलिस दल ने छोटे–छोटे समूहों में बंट कर तलाशी अभियान शुरु कर दिया। तलाशी अभियान के दौरान, उप निरीक्षक उत्पल बोरा और उप निरीक्षक (पी) लर्निश पेगू के नेतृत्व वाले अभियान दल ने मिशिंग बोरगोरा के बाल बहादुर लिंबू और जश बहादुर लिंबू के घर में कुछ व्यक्तियों को आते–जाते देखा। वे पेड़ों के पीछे छिप गए और बेहद सावधानीपूर्वक उस घर की ओर बढ़ने लगे। जैसे ही अभियान दल उस घर के निकट पहुंचा, उस घर के अंदर शरण लिए हुए उग्रवादियों ने पुलिस दल के ऊपर एक हथगोला फेंका। उसके तत्काल बाद भारी हथियारों से लैस माओवादी उग्रवादियों ने घनी झाड़ियों की आड़ लेते हुए उस घर से बाहर निकलने की कोशिश की और उन्होंने पुलिस दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी।

पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। दोनों ओर से हो रही इस गोलीबारी में कांस्टेबल अचिंता दास घायल हो गए लेकिन उन्होंने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बगैर गोलीबारी करना जारी रखा। उप निरीक्षक उत्पल बोरा ने सच्ची नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपने दल को कवर प्रदान किया और उन्होंने उप निरीक्षक (पी) लर्निश पेगू को उग्रवादियों की गोलीबारी के आक्रमण से कांस्टेबल अचिंता दास को बचाने का निर्देश दिया। उप निरीक्षक (पी) लर्निश पेगू अपने दल का नेतृत्व करते हुए रेंगते हुए आगे बढ़े और आत्मरक्षा में निरंतर गोली चलाते हुए अचिंता दास को एक सुरक्षित दूरी पर ले आए। कर्तव्य की राह पर अपने निजी जीवन को गंभीर खतरे की परवाह किए बगैर उप निरीक्षक उत्पल बोरा और उनके दल ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और सीधी गोलीबारी में 04 (चार) सशस्त्र माओवादी उग्रवादियों को मार गिराया, बाद में जिनकी पहचान (1) सिद्धार्थ बर्गोहाइन, उम्र–30 वर्ष उर्फ चंद्र बरुआ उर्फ लाठी, पुत्र रंगमन बर्गोहाइन, तेलीकोला गांव पुलिस स्टेशन–सादिया, कमांडर सीपीआई (माओवादी), अपर असम लीडिंग कमिटी, (2) राजीब गोगोई, उम्र–35 वर्ष उर्फ मेडंग उर्फ वास्तव बरुआ उर्फ मिशन उर्फ चांगमई, पुत्र–प्रोदून्य गोगोई, गांव–तुपसिंगा, पुलिस स्टेशन–सादिया, (3) अरुप चेतिया, उम्र–26 वर्ष उर्फ इयान, पुत्र श्री कुमुद चेतिया, टोकजान अहोमगांव, पुलिस स्टेशन–सादिया और (4) कमला बर्गोहाइन, उम्र–24 वर्ष, पुत्र बुद्धेश्वर बर्गोहाइन, गांव–गोरचिंगा, मेकुरीचुक, पुलिस स्टेशन–सादिया के रूप में हुई। उप निरीक्षक उत्पल बोरा ने ऐसी स्थिति में असाधारण साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया और उन्होंने अपने दल का मनोबल बढ़ाया। अभियान में उनकी ओर से थोड़ी भी चूक हो जाती, तो उससे उन्हें और उनके दल को अपूरणीय क्षति हो सकती थी।

उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि सर्व/श्री (1) उप निरीक्षक उत्पल बोरा, (2) उप निरीक्षक (पी) लर्निश पेगू और (3) यूबीसी भूपेन हातीमुरिया ने तत्परता के साथ कार्रवाई की और उन्होंने सामने से अभियान का नेतृत्व करते हुए उत्कृष्ट बहादुरी एवं शौर्य का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों को ढ़ेर करने में अदभुत साहस का प्रदर्शन किया।

की गई बरामदगी :

1. एके–47 सीरीज राइफल–02

2. एके–56 सीरीज राइफल–01

3. मैगजीन–06

4. जिंदा गोलाबारुद–एके सीरीज–104 राउंड

5. खाली कारतूस–44

6. हथगोला–03

7. डेटोनेटर–01

8. मांग पत्र–27

9. मोबाइल हैंडसेट–04

10. पॉकेट डायरी–05

11. मोबाइल सिम कार्ड–16

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री उत्पल बोरा, उप निरीक्षक, लर्निश पेगू, उप निरीक्षक और भूपेन हातीमुरिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.05.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 114–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अरबिंदा कलिता ,
पुलिस अधीक्षक

02. शीलादित्य चेतिया,
अपर पुलिस अधीक्षक

03. राजू बहादुर छेत्री,
उप निरीक्षक

04. सोरेन उजीर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.09.2013 को लगभग 7.30 बजे अपराह्न में पुलिस स्टेशन चारीद्वार, सोनितपुर के अंर्तगत 12 मील क्षेत्र से एनडीएफबी (एस) के उग्रवादियों द्वारा श्री अनिल कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक, एनएचपीसी, तवांग का अपहरण कर लिया गया था। इसकी जांच से यह खुलासा हुआ कि श्री अग्रवाल को लेकर आ रहे वाहन के चालक की इस अपहरण में मिलीभगत थी। कुछ समय के बाद असम पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने एनडीएफबी (एस) समूह के उन बीस से अधिक सदस्यों में से चार काडरों को अपने साथ मिलाने में कामयाबी पाई, जिन्होंने एनएचपीसी के महाप्रबंधक को बंधक बना रखा था।

दिनांक 11.11.2013 को लगभग 3 बजे अपराह्न में पुलिस उप महानिरीक्षक (उत्तरी रेंज), असम के अधीन असम पुलिस द्वारा सुनियोजित और अत्यंत सतर्कतापूर्वक पूर्वाभ्यास के साथ बंधक–मुक्ति अभियान शुरू किया गया। इसके लिए एक हमला दल, दो सहायक दल और एक बाहर निकालने वाले दल का गठन किया गया। 15 सदस्यों वाले हमला दल का नेतृत्व श्री अरबिंदा कलिता, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, सोनितपुर द्वारा किया जा रहा था और श्री शीलादित्य चेतिया, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), सोनितपुर द्वितीय कमान अधिकारी थे।

हमला दल ने जंगली हाथियों और अन्य जंगली जानवरों वाले जंगल के रास्ते से भालुकपुंग रेलवे स्टेशन से पैदल दुर्गम भू–भाग में (कभी–कभी रस्सियों का प्रयोग करते हुए) चार घंटे लंबी खड़ी चढ़ाई वाली यात्रा की। अंत में वह दल चारीद्वार पुलिस स्टेशन के अधीन असम–अरुणाचल सीमा पर मालडांग क्षेत्र में पहाड़ की चोटी के समीप उस स्थान पर पहुंचा, जहां अपहृत व्यक्ति को रखा गया था। वहां पर दल का नेतृत्व कर रहे श्री अरबिंद कलिता, आई पी एस और श्री शीलादित्य चेतिया, आई पी एस ने उस स्थान की स्थलाकृति के त्वरित आकलन के बाद बंधक को छुड़ाने की अंतिम रणनीति बनाई।

बंधक को मुक्त करवाने के अंतिम अभियान के लिए 15 व्यक्तियों के हमला दल में से दो सहयोगी जोड़ों को तैयार किया गया, जिसमें–(क) श्री अरबिंदा कलिता, आई पी एस के साथ उप निरीक्षक (यूबी) राजू बहादुर छेत्री और (ख) श्री शीलादित्य चेतिया, आई पी एस के साथ कांस्टेबल सोरेन उजीर शामिल थे। इन चार व्यक्तियों ने दल के शेष 11 सदस्यों को वहीं छोड़ दिया जो बंधक को मुक्त करवाकर बाहर लाने के समय सहायता प्रदान करने के लिए उग्रवादियों के कैंप से 30 मीटर की दूरी पर इंतजार करते रहे।

लगभग 7.30 बजे अपराह्न में, श्री कलिता और श्री चेतिया ने अपने–अपने सहयोगी के साथ मिलकर उग्रवादी कैंप के सुरक्षा प्रहरी के नाक के ठीक नीचे से संकरी गहरी घाटी से रेंग कर चढ़ाई करते हुए उग्रवादी कैंप की ओर बढ़ना शुरू किया। योजनानुसार, बंधक श्री अनिल कुमार अग्रवाल दल से तोड़कर मिलाए गए एक काडर के साथ शौच के बहाने कैंप से बाहर आ गए। जब उक्त चारों पुलिस कार्मिकों ने बंधक को अपने कब्जे में ले लिया, तभी एनडीएफबी (एस) के उन उग्रवादियों की ओर से उनके ऊपर भारी गोलीबारी की जाने लगी जिन्होंने यह भांप लिया था कि बंधक को मुक्त करवाया जा रहा है। चारों पुलिस कर्मियों ने स्वयं कवच बनकर गोलीबारी से बंधक को कवर प्रदान करते हुए उसे वहां से निकालने के मार्ग से ले जाते समय बेहद सूझबूझ से गोलीबारी का जवाब दिया।

चूंकि तब तक उग्रवादी लगातार पुलिस दल के ऊपर हथगोले फेंकने लगे इसलिए श्री शीलादित्य चेतिया, आई पी एस और कांस्टेबल सोरेन उजीर के किनारे से गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई की और उग्रवादियों के हमले को स्वयं अपनी ओर मोड़ दिया। इससे श्री कलिता और श्री छेत्री को पीड़ित व्यक्ति श्री ए. के. अग्रवाल को शिविर से सुरक्षित रिहा करवाने और अपने दल के शेष सदस्यों के पास पहुंचने में कामयाबी मिली। दल के पास पहुंचकर श्री कलिता ने उग्रवादी कैंप के ऊपर भारी गोलीबारी कम कर दी और पीड़ित को कुछ दूरी पर तैनात सहायता एवं वहां से बाहर निकालने वाले दलों को सुरक्षित सौंपने के लिए वे आगे बढ़ने लगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पीड़ित को पूरी तरह से सुरक्षित आगे ले जाया जा सके, श्री चेतिया और कांस्टेबल उजीर ने तब उग्रवादियों के ऊपर मोर्टार से गोला दागते हुए पीछे से प्रहरी की कार्रवाई जारी रखी। यह कार्रवाई बीस मिनट से अधिक समय तक तब तक चली जब तक कि उग्रवादी अपने कैंप को ध्वस्त देखकर अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से भाग नहीं गए।

इस अत्यंत साहसिक एवं समन्वित प्रयास के परिणामस्वरूप, पुलिस श्री अनिल कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक, एनएचपीसी, तवांग को सुरक्षित मुक्त करवा सकी और उन्हें उसी रात भालुकपुंग (राज्य राजमार्ग) तक ले गई। तथापि, इस प्रक्रिया में श्री कलिता, श्री चेतिया, श्री छेत्री और कांस्टेबल उजीर छर्रे लगने से घायल हो गए।

इस सफल अभियान में, श्री अरबिंदा कलिता, आई पी एस और श्री शीलादित्य चेतिया, आई पी एस., श्री राजू बहादुर छेत्री, उप निरीक्षक और कांस्टेबल श्री सोरेन उजीर ने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च स्तर के साहस का प्रदर्शन किया। मौत को चुनौती देने वाली बहादुरी और कर्तव्य के प्रति समर्पण, वर्दीधारी उपर्युक्त चार लोगों के कृत्य के गौरवशाली स्तर का बखान करती है। उन्होंने न सिर्फ उग्रवादियों के गढ़ वाले भू–भाग में चार घंटे तक पैदल चलने के अदम्य साहस का प्रदर्शन किया, बल्कि भारी हथियारों से लैस तथा लाभप्रद, सुरक्षित एवं बारूदी सुरंग वाले स्थान में मौजूद उग्रवादियों का सामने से मुकाबला किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अरबिंदा कलिता, पुलिस अधीक्षक, श्री शीलादित्य चेतिया, अपर पुलिस अधीक्षक, राजू बहादुर छेत्री, उप निरीक्षक एवं सोरेन उजीर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 115–प्रेज/2015—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सुशील खोपड़े,
उप महानिरीक्षक

02. उपेन्द्र कुमार सिन्हा,
पुलिस अधीक्षक

03. अरविन्द कुमार गुप्ता,
सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी

04. संजय कुमार सिंह,
उप पुलिस अधीक्षक

05 मृत्युंजय कुमार सिंह,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बक्सर, रोहतास और कैमूर के जिले, गांव इटवा, पुलिस स्टेशन राजपुर, जिला बक्सर के सुरेश राजभर एवं बिहार तथा उत्तर प्रदेश के दुर्दांत रिकार्ड वाले 10–12 अपराधियों के उसके गैंग द्वारा त्वरित निरंतरता के साथ छिप कर की जा रही आपराधिक गतिविधियों से त्रस्त थे। वह बक्सर तथा बिहार एवं उत्तर प्रदेश के, उसके साथ लगे जिलों में कम से कम 46 जघन्य आपराधिक मामलों में आरोपी था, जिसमें हत्या, डकैती एवं फिरौती के लिए अपहरण के मामले शामिल थे। वह आम लोगों के साथ–साथ अनेक पुलिसकर्मियों की हत्या करने एवं उन्हें घायल करने के लिए भी जिम्मेदार था। वह 1979 से भगोड़ा था। बिहार सरकार द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर रू.25000/– का इनाम घोषित किया गया था।

दिनांक 24.06.2010 को लगभग 12.35 बजे अपराह्न में उप–पुलिस निरीक्षक एवं राजपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी, रघुनाथ सिंह अपने मातहत पुलिसकर्मियों के साथ राजपुर पुलिस स्टेशन के अधीन मिट्टी के सिर्फ आठ घरों वाले लक्ष्मणपुर डेरा नामक एक छोटे गांव में सुरेश राजभर एवं उसके साथियों के छिपे होने की एक गोपनीय सूचना की जांच कर रहे थे। उन लोगों ने संदिग्ध घर को घेर लिया और उसकी ओर बढ़ने लगे। उस घर से अचानक गोलियों की बौछार शुरु हो गई जिसमें एसएपी जवान अवधेश प्रसाद साह को भी गोली लग गई। इस अचानक हमले और एसएपी जवान को गोली लगने से सभी पुलिसकर्मी तत्काल हिल गए। मोटी दीवारों वाली मिट्टी के घर में पोजीशन लिए हुए अपराधी लाभप्रद स्थिति में थे, जबकि खुले में होने के कारण पुलिसकर्मी स्वयं को बगैर किसी बचाव की स्थिति में पा रहे थे।

अपने जीवन को अत्यधिक जोखिम में पाने की स्थिति को नजरअंदाज करते हुए पुलिस दल ने अदम्य साहस एवं दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। अपने रास्तों को बदलते हुए वे घर के निकट पहुंच गए और जवाबी हमला करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। अपराधियों ने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए अपनी गोलीबारी तेज कर दी। स्थिति की गंभीरता को महसूस करते हुए रघुनाथ सिंह, उप–निरीक्षक ने अपने उच्चाधिकारी को मौजूदा परिस्थिति की सूचना दी और उन्होंने अतिरिक्त बल की मांग की। घटनास्थल पर अपने बल के साथ एसपी, बक्सर, एसडीपीओ, बक्सर और एसडीपीओ, डुमरांव के आगमन से अत्यंत हिंसक अपराधियों के साथ पूरी ताकत से मुकाबला कर रहे पुलिस दल का उत्साह बढ़ गया। स्थिति के मूल्यांकन के बाद नजदीकी घरों से भयभीत ग्रामीणों को बाहर निकाला गया। सभी प्रकार के उठाए गए एहतियाती कदमों के बावजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराधियों के भागने के सभी संभावित मार्गों पर तैनात कर दिया गया, जबकि दोनों ओर से गोलीबारी जारी थी। स्थिति बेहद तनावपूर्ण एवं दिल दहला देने वाले जोखिम से भरी हुई थी। पुलिस की कार्रवाई एवं उनकी सचलता को अवरुद्ध करने के लिए अपराधियों ने पुलिस की दो जीपों को एवं उसकी हेडलाइटों को भारी गोलीबारी से क्षतिग्रस्त कर दिया था। इन सभी अवरोधों के बावजूद पुलिस दल उन्हें सौंपे गए कार्य को करने के लिए दृढ़ एवं प्रतिबद्ध था।

उप पुलिस अधीक्षक के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उप पुलिस महानिरीक्षक, साहाबाद रेंज ने सफलतापूर्वक अभियान संचालित करने के लिए आगे की रणनीतिक योजना पर विचार–विमर्श किया। भागने के सभी संभावित मार्गों पर अवरोधों को और मजबूत किया गया। नजदीकी घरों की छतों के ऊपर एसटीएफ के जवानों को तैनात किया गया। हठी एवं दुर्दांत अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए दो छापामार–सह–हमला दल गठित किए गए। पहले दल में उप पुलिस महानिरीक्षक, साहाबाद के नेतृत्व में संजय कुमर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), भोजपुर, मृत्युंजय कुमार सिंह, उप पुलिस निरीक्षक (एसओजी), एसटीएफ, एससी, संतोष कुमार सिंह और जेसी, संजय कुमार सिंह शामिल थे। दूसरे हमला दल में उपेंद्र कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, बक्सर के नेतृत्व में अरविन्द गुप्ता, एसडीपीओ, बक्सर, रघुनाथ सिंह, उप निरीक्षक–सह–प्रभारी अधिकारी, राजपुर पुलिस स्टेशन और जेसी, बैजनाथ कुमार, एसटीएफ शामिल थे। सभी प्रकार के एहतियाती कदम उठाते हुए दोनों दल सुनियोजित तरीके से अपराधियों के ठिकाने की ओर बढ़े। संजय कुमार सिंह, उप–पुलिस अधीक्षक, अरविन्द कुमार गुप्ता, एसडीपीओ, मृत्युंजय कुमार सिंह, उप–पुलिस निरीक्षक और एसटीएफ के उप–निरीक्षक रघुनाथ सिंह को उप–पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा अभियान में नजदीकी कार्रवाई का आदेश दिया गया था। अपराधियों को गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने की लगातार चेतावनी दी जा रही थी लेकिन वे गाली–गलौज की भाषा में ललकारते हुए पुलिस दल के ऊपर भारी गोलीबारी करते रहे और पुलिस के विनाश की धमकी देते रहे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस दल की ओर से भारी गोलीबारी की गई और हथगोलों का विस्फोट किया गया। इसके बाद भी घर की मजबूत मिट्टी की दीवारों के भीतर मौजूद अपराधी बेखौफ एवं बेपरवाह थे। उप–पुलिस महानिरीक्षक, उप–पुलिस अधीक्षक, संजय कुमार सिंह, उप–निरीक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, एससी संतोष कुमार सिंह और जेसी, संजय कुमार सिंह उत्तर की ओर से अपराधियों के ठिकाने की ओर आगे बढ़े, जबकि, पुलिस अधीक्षक, बक्सर, एसडीपीओ, बक्सर, अरविन्द कुमार गुप्ता, उप–निरीक्षक रघुनाथ कुमार सिंह और जेसी, बैजनाथ कुमार के साथ दक्षिण–पश्चिम की ओर से बढ़ रहे थे। इसी बीच, अपराधियों ने पुलिसकर्मियों के बीच भ्रम पैदा कर चुपचाप वहां से निकल कर भागने के इरादे से एक रणनीति के तहत अपने छिपने के ठिकाने के एक हिस्से में आग लगा दी। दोनों पुलिस दलों द्वारा स्थिति को नियंत्रण में रखा गया था। भ्रम को दूर करने के लिए जिप्सी कार और लैंडमाइन्स वाहन की हेडलाइटों को जलाकर मुठभेड़ स्थल के ऊपर केंद्रित रखा गया था। जब पुलिस दल स्थिति को नियंत्रित करने में लगा हुआ था, उसी समय अपराधियों के स्थानीय समर्थकों ने पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशाओं से गोलीबारी शुरु कर दी। उप–निरीक्षक, उदय शंकर के नेतृत्व में वहां उपलब्ध एसएपी जवानों और एसटीएफ, कैमूर के अतिरिक्त बल ने उनका सामना किया और बाहरी घेरे में स्थिति को नियंत्रण में किया। यह सिलसिला पूरी रात जारी रहा। जब भी पुलिस ने नजदीक जाने की कोशिश की, अपराधी रुक–रुक कर गोली चलाते रहे।

अंतिम उपाय के रूप में उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ने पुनः स्थिति का मूल्यांकन कर दलों का समूह पुनः तैयार किया और नई रणनीति की योजना बनाई। उन्होंने भारी गोलीबारी के कवर के अधीन अपराधियों के घेरेबंदी वाले ठिकाने के निकट पहुंचने की भरपूर कोशिश की। जवाबी हमला करने में अपराधी ऊंचाई वाले स्थान पर थे। यह अत्यंत परिवर्तनशील स्थिति थी। यह लड़ाई बड़े पैमाने के युद्ध में तब्दील हो गयी। उप महानिरीक्षक, साहाबाद और पुलिस अधीक्षक, बक्सर ने अपराधियों को पुनः आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। इस पर गोलियों की बौछार के बीच उन्होंने एक बार पुनः पूर्व और पश्चिम की दिशाओं में भागने की कोशिश की। तथापि उनके प्रयास विफल कर दिए गए।

एक रणनीति के रूप में एसडीपीओ, बक्सर के मोबाइल फोन पर एक अपराधी ने सुरेश राजभर के रूप में अपना परिचय देते हुए आत्मसमर्पण करने की इच्छा जताई। इसी बात पर उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस की ओर से गोलीबारी रुकवा दी गई और अपराधियों के आत्मसमर्पण के लिए उप महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक दोनों निकल कर सामने आ गए। लेकिन पुलिस दल के लिए घोर आश्चर्य पैदा करते हुए अपराधी दक्षिण पूर्व की दिशाओं से दो समूह में बाहर निकल कर आए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर भागने की कोशिश की। इस तीव्र गोलीबारी के दौरान, जेसी संजय कुमार के पैर में गोली लग गई। दोनों छापामार दलों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में भाग रहे चार अपराधियों को गोली लगी और वे अपने हथियारों के साथ पूर्व की ओर मैदान में गिर पड़े।

कमरे में घुसने के क्रम में किसी अतिरिक्त आपराधिक हमले की आंशका को टालने के लिए पुलिस दल ने हथगोलों का विस्फोट किया जिसके परिणामस्वरूप तीन अपराधी उस स्थान पर मारे गए। वे घर के आंगन में मृत पाए गए। कुल मिलाकर सात अपराधी मारे गए जिनमें से दो पुलिस की वर्दी में थे।

यह भयावह मुठभेड़ 23 घंटे तक जारी रही जिसमें अपराधियों ने लगभग 500–600 राउंड फायर किए और उनके पास से बड़ी मात्रा में आग्नेय अस्त्र बरामद किए गए। इस बड़े अभियान में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों की संख्या 181 थी। पुलिस द्वारा कुल 1280 राउंड फायर किए गए और इसके अतिरिक्त 11 हथगोले और 2 टीयर गैस का इस्तेमाल किया गया। यह उनके आपराधिक उतावलेपन, आश्चर्यजनक गोलीबारी क्षमता के साथ हिंसा के लिए उनकी ओर से चुनौती और प्रवृत्ति का उदाहरण प्रस्तुत करता है। अपराधियों के समर्थकों द्वारा पुलिस दलों के ऊपर बाहर से सभी दिशाओं से गोलीबारी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि सुरेश राजभर ने अपराधियों का एक मजबूत समूह तैयार किया था। महत्वपूर्ण क्षण में उत्पन्न होने वाली ऐसी गंभीर स्थिति में पुलिस द्वारा गोलीबारी उचित रूप से आवश्यक, न्यूनतम और पूर्णतः न्यायोचित भी थी।

मामले के पर्यवेक्षण के दौरान यह पता चला कि अपराधियों के छिपने का स्थान ऐसी स्थिति में था कि किसी भी प्रकार की प्रभावी गोलीबारी अभियान के अंत तक अपराधियों को हतोत्साहित नहीं कर सकती थी। यह भी पाया गया कि सभी दिशाओं से पुलिस को निशाना बनाने के लिए अपराधियों के छिपने के घर की मोटी दीवारों में अनेक छेद किए गए थे। उन्होंने उन छेदों के द्वारा पुलिस के हमले की रणनीतियों और उनकी गतिविधियों को देखा।

सेवा की सर्वोत्तम भावना का निर्वहन करते हुए पुलिस दल के साथ मिलकर उप–पुलिस महानिरीक्षक, साहाबाद रेंज ने उन सबकी जान पर आसन्न जोखिम के बीच भी स्थिति को भली–भांति संभाला।

अपनी जान के अत्यधिक जोखिम को नजरअंदाज करते हुए पुलिस दल ने अपने कार्य में प्रशंसनीय धैर्य एवं कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण का प्रदर्शन किया है। अपनी सकारात्मक एवं त्वरित प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई, अटल निश्चय, सामर्थ्य तथा युद्धप्रिय भावना के द्वारा उन्होंने सुरेश राजभर एवं उसके गैंग के सदस्यों जैसे हठी अपराधियों के साथ लगातार लगभग 23 घंटे तक सामने से मुकाबला किया। उनसे (अपराधियों से) आत्मसमर्पण करने की अपील करते समय पुलिस ने अत्यधिक धैर्य बनाए रखा। पुलिस दल को आत्म रक्षा में तथा सरकारी हथियारों एवं गोलाबारुद की सुरक्षा के लिए गोलीबारी करने के लिए तभी मजबूर होना पड़ा जब अपराधियों ने दहला देने वाले स्तर तक अपनी गोलीबारी को बढ़ा दिया।

की गई बरामदगी :

1.	3006 यूएस माडल सेमी ऑटोमैटिक राइफल	–01
2.	3006 प्रतिबंधित बोर रेगुलर राइफल	–01
3.	.315 बोर रेगुलर राइफल	–06
4.	डीबीबीएल गन 12 बोर 4057/3764	–01
5.	.315–179 राउंड जिंदा कारतूस	
6.	.3006–102 राउंड जिंदा कारतूस	
7.	7.62 एमएम–3 राउंड जिंदा कारतूस	
8.	12 बोर–40 राउंड जिंदा कारतूस	
9.	.315–56 एम टी	
10.	3006–12 एमटी	
11.	बिंडोलिया–07	
12.	मोबाइल–3	
13.	मोबाइल सिम–4	

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुशील खोपड़े, उप महानिरीक्षक, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, अरविन्द कुमार गुप्ता, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी, संजय कुमार सिंह, उप पुलिस अधीक्षक और मृत्युंजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.06.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 116–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :––

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. प्रमोद खेस,
निरीक्षक

02. मनोहर प्रदीप केरकेट्टा,
कंपनी कमांडर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस निरीक्षक, सारंगगढ़, प्रमोद खेस को एक सूचना प्राप्त हुई कि सीपीआई (माओवादी) के कुछ काडरों ने एक बैठक की है जिसमें वे गांव परधियापली के लोगों को सरकार के विरुद्ध भड़काने की योजना बना रहे हैं। वे नए सदस्यों को शामिल करने और डोंगरीपाली पुलिस चौकी पर हमला करने की भी योजना बना रहे थे। अपनी बैठक के बाद वे कारामल जंगल की ओर गए और बूटीपानी तालाब के निकट ठहरे हुए थे। 27.01.2012 को इस सूचना के प्राप्त होने के पश्चात उस भू–भाग और स्थलाकृति के आवश्यक विवरण जुटाने के साथ उग्रवादियों को पकड़ने की एक रणनीति तैयार करके एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई। उन्होंने दो दल तैयार किए और उन्हें संबंधित निर्देश दिए।

निरीक्षक जेस के नेतृत्व में पहला दल नक्सलियों के मार्ग को अवरुद्ध करने के लिए कारामल जंगल की ओर रवाना हो गया। कंपनी कमांडर केरकेट्टा के नेतृत्व वाला दूसरा दल गोमारडा पहुंचा। उस क्षेत्र की घेराबंदी के लिए दूसरा दल 3 हिस्सों में विभाजित हो गया। लगभग 12 बजे नक्सलियों ने दूसरे दल के ऊपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

एके 47 लिए हुए एक नक्सली अपने साथियों का नेतृत्व कर रहा था। कंपनी कमांडर केरकेट्टा ने स्वयं को रणनीतिक रूप से पोजीशन किया और वे गोली चलाकर उसे घायल करने मे सफल रहे। उसके बाद नक्सलियों की ओर से गोलाबारी की मात्रा बढ़ गई। प्रमोद खेस ने अपनी एके 47 से गोलीबारी की और उसी स्थान पर नक्सली को मार गिराया। अन्य नक्सली शव और गोलाबारुद को अपने कब्जे मे लेने वहां आए और उन्होंने फिर हथगोलों से हमला किया। निरीक्षक खेस और कंपनी कमांडर केरकेट्टा ने सही तरीके से अपने सहकर्मियों का मार्गदर्शन किया और उन्होंने स्थिति को पूर्ण नियंत्रण में रखा। दोनों ओर से एक घंटे तक गोलीबारी हुई। नक्सली पीछे हटने के लिए मजबूर हो गए। कुछ नक्सली चीख रहे थे और कुछ नक्सली मारे गए नक्सलियों के शवों को अपने कंधों पर रखकर भागते हुए दिखाई दे रहे थे। पुलिस दल ने वहां से 30 वर्ष की आयु के नक्सली का शव हथियार एवं गोलाबारुद सहित बरामद किया।

पुलिस निरीक्षक प्रमोद जेस और कंपनी कमांडर मनोहर प्रदीप केरकेट्टा ने सफलतापूर्वक इस योजना का नियोजन एवं निष्पादन किया। उन्होंने पुलिस दलों के सामने रह कर नेतृत्व करने और किसी पुलिस कार्मिक को घायल होने दिए बगैर नक्सलियों को भारी संख्या में हताहत करने में अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया।

की गई बरामदगी :––

1. 01 एके 47 राइफल
2. एके 47 के 39 जिंदा राउंड।
3. एके 47 के 05 खाली खोखे।
4. इनसास राइफल के 02 खाली खोखे।
5. 303 का 01 जिंदा राउंड।
6. एके 47 के 3 मैगजीनें।
7. काले रंग का 01 मैगजीन पाउच।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रमोद खेस, निरीक्षक और मनोहर प्रदीप केरकेट्टा, कंपनी कमांडर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.01.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 117–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मनीष कुमार शर्मा,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

02. उदय भान सिंह चौहान,
पुलिस अधीक्षक

03. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2007–08 में जब रायपुर और दुर्ग पुलिस ने नक्सलियों के कुछ प्रमुख काडरों को गिरफ्तार किया और शहर में हथियार एवं गोलाबारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया, तब छत्तीसगढ़ पुलिस ने सभी मोर्चों पर नक्सलियों के राष्ट्र–विरोधी एजेंडे के खुलासे के अपने मिशन को जारी रखने का निर्णय लिया। तब से दुर्ग पुलिस सीपीआई (माओवादी) के शहरी नेटवर्क के दुर्भावपूर्ण योजनाओं का पता लगाने के लिए अथक रूप से कार्य कर रही है।

दिनांक 14 अक्तूबर, 2010 को लगभग 11 बजे एक मुखबिर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्ग, श्री मनीष शर्मा को सूचित किया कि नागेश नामक एक दुर्दांत नक्सली अपने 2 या 3 साथियों के साथ उसी रात शहर के पुलिस स्टेशन जमूल के अधीन बोगड़ा पुलिया के निकट कारतूस प्राप्त करने के लिए सौदेबाजी की योजना बना रहा है। नागेश, जो उत्तरी बस्तर–माद डिवीजन का एक अत्यंत दुर्दांत डिवीजनल समिति का सदस्य था, अपने विवेकहीन निर्दयता के लिए काफी बदनाम था। उसने सुरक्षा कार्मिकों सहित आम लोगों की जघन्य हत्याओं को अंजाम दिया था। वह हत्या एवं मतदान दलों के साथ लूटपाट करने के अस्सी से अधिक जघन्य आपराधिक मामलों में वांछित था। उस पर भारी नगद इनाम भी घोषित था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त सूचना पर विश्वास करते हुए, उन्हें पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों को दबोचने के लिए आवश्यकतानुसार अधिकारियों एवं कार्मिकों के दल का गठन करने का निर्देश दिया। श्री मनीष शर्मा और यूबीएस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी, जिला दुर्ग ने अतिरिक्त समय गंवाए बगैर मुखबिर के साथ संदिग्ध क्षेत्र की टोह ली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी, जमूल के नेतृत्व में दलों का गठन किया गया।

श्री मनीष शर्मा, श्री यूबीएस चौहान और थाना प्रभारी, श्री आर.पी. शर्मा ने अत्यंत सतर्कतापूर्वक संपूर्ण अभियान की योजना बनाई और गिरफ्तारी सहित अभियान में पहली पंक्ति में रहने का निर्णय लिया। दल के अन्य पुलिस कार्मिकों को उपयुक्त रूप से जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि अभियान के दौरान नक्सली वहां से भाग नहीं पाएं और इसलिए बल को तदनुसार रणनीतिक रूप से जगह–जगह पर तैनात कर दिया गया।

जब पुलिस दल अपने स्थान पर तैनात हो चुके थे और संदिग्ध व्यक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी 14 और 15 तारीख की बीच की रात्रि में लगभग 1.20 बजे पूर्वाह्न में बोगडा पुलिया से शिवपुरी चौक की ओर दो पुरूष और एक महिला को एक थैला लेकर जाते हुए देखा गया। जैसे ही वे शिवपुरी चौक पर पहुंचकर एसीसी मैगजीन की ओर जाने वाली सड़क पर रुके, मुखबिर ने उनमें से एक की पहचान नागेश के रूप में की। अगली पंक्ति में मुस्तैद अधिकारी श्री शर्मा और श्री चौहान, जो उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए थे, उनको अपने वश में करने के लिए बेहद सतर्कतापूर्वक उन संदिग्ध व्यक्तियों की ओर बढ़ने लगे। उन्हें अपनी ओर आते देखकर अपराधियों ने पुलिस–पुलिस चिल्लाना शुरू कर दिया और अचानक उनके ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल पोजीशन ले ली और अपनी जान की परवाह किए बगैर आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। कुछ समय तक गोलीबारी होती रही। जब संदिग्ध व्यक्तियों की ओर से गोलीबारी रुक गई, तब पुलिस दल बेहद सावधानी से आगे बढ़ा और उन्हें घटना स्थल से दो पिस्तौल, दो बैग, पानी की दो बोतलों और जमीन पर खून के धब्बों के साथ एक महिला का शव मिला। उस क्षेत्र की गहन तलाशी लेने पर वहां झाडियों के अंदर से एक अन्य व्यक्ति का शव मिला, जिसकी पहचान दुर्दांत नक्सली नागेश के रूप में की गई। तीसरा अपराधी अंधेरा का लाभ उठाकर वहां से भागने में सफल हो गया।

पुलिस दल ने आत्मरक्षा में कुल 14 राउंड गोलिया चलाईं और नक्सलियों के विरूद्ध जमूल पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 34 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 एवं 27 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। आगे की जांच के दौरान मृतक महिला की पहचान दुर्दांत नक्सली नागेश की पत्नी ताराबाई उर्फ उर्मिला के रूप में की गई, जो छत्तीसगढ़ के उत्तरी बस्तर डिवीजन की क्षेत्रीय समिति की सदस्य थी। उसके विरुद्ध जिला कांकेर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हिंसा के 32 आपराधिक मामले दर्ज थे।

संपूर्ण अभियान बेहद सफल रहा जिसने पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने का काम किया। यह केवल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनीष शर्मा, सीएसपी श्री यूबीएस चौहान और निरीक्षक श्री आर.पी. शर्मा तथा संपूर्ण दल द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, काबिल नेतृत्व एवं उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्य के कारण ही संभव हो पाया।

की गई बरामदगी :

पुलिस दल ने घटना स्थल से मैगजीन तथा दो राउन्ड के साथ 9एमएम की एक पिस्तौल, मैगजीन तथा दो राउंड के साथ 7.65 एमएम की एक पिस्तौल, 2 वाकी–टॉकी (मोटरोला कंपनी), 2 कम्पास, ढेर सारी दवाइयां, पॉकेट डायरी, नक्सल साहित्य, नकद 49,000/– रु. डिजिटल डायरी (कैशियो कंपनी), दैनिक उपयोग की ढेर सारी वस्तुएं बरामद कीं।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मनीष कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उदय भान सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक, और राजेन्द्र प्रसाद शर्मा निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.10.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 118–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	कैलाश सिंह बिष्ट, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
02.	सतेंदर कुमार, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04	बिरेंदर सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

स्पेशल सेल द्वारा तैयार की गई सूचना के आधार पर स्पेशल सेल का एक दल मेंढर गया और वहां उन्होंने उस स्थान और घर की पहचान की जहां जैश–ए–मोहम्मद का डिवीजनल कमांडर, पाकिस्तानी आतंकवादी उमर खिताब छिपा हुआ था। जिला पुंछ, जम्मू एवं कश्मीर के मेंढर पुलिस स्टेशन में इस संबंध में आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120ख/212 के अंतर्गत दिनांक 05.09.2010 को प्राथमिकी सं. 166/2010 के माध्यम से एक मामला भी दर्ज किया गया था और हथियारों तथा बुलेट प्रूफ जैकेट से लैस दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, 37 आरआर, एसओजी मेंढर और पुलिस स्टेशन मेंढर के एक संयुक्त दल ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए जुबैर, पुत्र–खालिक, निवासी–मोहल्ला ठेरा जट्टा, भट्टीडार, मेंढर, जम्मू एवं कश्मीर के घर की घेराबंदी की। लगभग 6.15 बजे पूर्वाह्न में सुरक्षा बलों को देखकर वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल और सुरक्षा बलों के ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी और 37 आरआर के लांस नायक सज्जन सिंह को घायल कर दिया। जैश–ए–मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा चलाई गई गोली स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस के दल के सदस्यों के बेहद नजदीक से निकली। वहां युद्ध जैसे हालात थे और यह घनघोर मुठभेड़ दो घंटे तक चली। दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी में पाकिस्तान निवासी उमर खिताब नामक जैश–ए–मोहम्मद के डिवीजनल कमांडर को ढ़ेर कर दिया गया और जुबैर, पुत्र–खालिक, निवासी–मोहल्ला ठेरा जट्टा, भट्टीडार, जम्मू एवं कश्मीर नामक एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मुठभेड में अपनी–अपनी ए.के. असाल्ट राइफलों से निरीक्षक कैलाश सिंह बिष्ट ने 20 राउन्ड गोली चलाई, सहायक उप निरीक्षक विक्रम ने 20 राउंड गोली चलाई, हेड कांस्टेबल सतेंदर कुमार ने 14 राउंड गोली चलाई, हेड कांस्टेबल निसार अहमद शेख ने 10 राउन्ड गोली चलाई, हेड कांस्टेबल राजीव ने 16 राउन्ड गोली चलाई, कांस्टेबल अमर सिंह ने 10 राउंड गोली चलाई और कांस्टेबल बिरेंदर सिंह नेगी ने 13 राउंड गोली चलाई।

की गई बरामदगी :

1. 2 ए.के.–47 असाल्ट राइफलें।
2. 7.62 कैलीबर वाली 1 चीनी पिस्तौल।
3. 1 चीनी हथगोला।
4. 60, 610 रु. नकद।
5. 35 पेंसिल सेल।
6. 3 नोकिया बैटरी।
7. 2 मोबाइल फोन, 1 सिम कार्ड के साथ।
8. 9 एमएम के 5 राउन्ड गोलाबारूद।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कैलाश सिंह बिष्ट, निरीक्षक, सतेंदर कुमार, हेड कांस्टेबल, राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल और बिरेंदर सिंह कांस्टेबल, ने अदम्य/वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.09.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 119–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शबीर नवाब,
अपर पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद रफी मलिक,
हेड कांस्टेबल

03. मोहम्मद अमीन रेशी
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.01.2014 को यह विशेष सूचना प्राप्त होने पर कि जावेद अहमद मीर उर्फ सैफी, पुत्र मोहम्मद मकबूल मीर, निवासी बुलबुल, नौगाम, अनंतनाग नामक हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक आतंकवादी ने श्रीनगर–जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपने बेस कैम्प का स्थान अनंतनाग से कुलगाम में गांव शेमपुरा, काजीगुंड में परिवर्तित कर दिया है, पुलिस द्वारा एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई और अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब तथा उप पुलिस अधीक्षक फिरोज अहमद, एसडीपीओ सदर की निगरानी में और निरीक्षक रियाज अहमद/एनजीओ, हेड कांस्टेबल मोहम्मद रफी मलिक, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अमीन रेशी, कांस्टेबल गुल मोहम्मद सहित ईएसयू दक्षिण श्रीनगर से पर्याप्त कार्मिकों वाले दल को उक्त स्थान की ओर तत्काल रवाना किया गया। इस अभियान के शुरु किए जाने से पूर्व, कुलगाम पुलिस और 09 आरआर की सहायता भी मांगी गई। अभियान दल को तीन समूहों में विभाजित किया गया। कुलगाम पुलिस और 09 आर आर वाले पहले समूह को लक्षित गांव की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, जबकि, श्रीनगर पुलिस और 09 आर आर के सदस्यों वाले दूसरे समूह को उस गांव की घेराबंदी करनी थी, जहां वह लक्षित घर स्थित था। अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब, उप पुलिस अधीक्षक फिरोज अहमद, एसडीपीओ सदर, निरीक्षक राशिद अकबर, निरीक्षक रियाज अहमद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद रफी मलिक, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अमीन रेशी वाले तीसरे समूह को उस घर में अंदर की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया जिसमें वह आतंकवादी छिपा हुआ था।

दिनांक 20.01.2014 को लगभग 0030 बजे अभियान शुरु किया गया। प्रारंभ में, घिरे हुए आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने इंकार कर दिया और उस घर के मालिक के पारिवारिक सदस्यों को बंधक बना लिया। अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब और उप पुलिस अधीक्षक फिरोज अहमद के नेतृत्व वाले दल के सदस्यों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर छिपे हुए आतंकवादी द्वारा की जा रही गोलीबारी के बीच आस–पास के घरों के लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के अलावा उस परिवार के दो बंधक सदस्यों को वहां से बाहर निकाल लिया। घिरे हुए आतंकवादी को पुनः आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने इंकार कर दिया और अभियान दल के सदस्यों पर गोलीबारी करने लगा। लगभग 0200 बजे उस घर में जबरन दखल देने की योजना बनाई गई। दखल देने वाले दल ने सभी प्रकार का एहतियात बरतने के बाद दखल देने की प्रक्रिया शुरु की। तथापि, जैसे ही दखल देने वाला दल लक्षित घर के निकट पहुंचा, उनके ऊपर फिर से वहां देखे गए आतंकवादी की ओर से भारी गोलीबारी की जाने लगी। आगे बढ़ने वाले दल के प्रभारी, अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब ने दो छोटे दल बना दिए और उस घर में सामने तथा पीछे दोनों तरफ से प्रवेश करने का निर्णय लिया। पहले दल में उप पुलिस अधीक्षक फिरोज अहमद के साथ हेड कांस्टेबल निसार अहमद, एसजीसीटी दीपक भट, कांस्टेबल गुल मोहम्मद थे। अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब के नेतृत्व वाले दूसरे दल ने हेड कांस्टेबल मोहम्मद रफी मलिक और हेड कांस्टेबल मोहम्मद अमीन रेशी के सक्रिय सहयोग से पिछले हिस्से से उस घर में प्रवेश करने की कोशिश की और वे रेंगते हुए उस खिड़की के निकट पहुंच गए जहां से उस आतंकवादी ने उनके ऊपर हथगोले फेंके थे। उस आतंकवादी ने प्रथम तल के मुख्य दरवाजे को खोल दिया और घेराबंदी को तोड़ कर वहां से भागने के प्रयास में उसने वहां से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। हेड कांस्टेबल मोहम्मद रफी मलिक और हेड कांस्टेबल मोहम्मद अमीन रेशी के सक्रिय सहयोग से अपर पुलिस अधीक्षक शबीर नवाब के नेतृत्व वाले दल ने अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बगैर गोलीबारी का कारगर जवाब दिया और घिरे हुए आतंकवादी को ढ़ेर कर दिया, बाद में जिसकी पहचान हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के आतंकवादी जावेद अहमद मीर उर्फ सैफी, पुत्र–मोहम्मद मकबूल मीर, निवासी–बुलबुल नौगाम, अनंतनाग के रूप में की गई। उस आतंकवादी का मारा जाना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि थी और हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के नेटवर्क के लिए बड़ा झटका था। वह आतंकवादी जिला अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में काफी लंबी अवधि से सक्रिय था।

यह पुलिस पार्टी के आत्म निश्चय, सर्वोच्च कार्य भावना और अभियान संबंधी क्षमताओं के कारण ही हो सका कि वहां बेहद नजदीकी गोलीबारी हुई और किसी प्रकार की भी सम्पार्श्विक क्षति के बगैर एक लंबे अभियान के बाद छिपा हुआ आतंकवादी मारा गया।

की गई बरामगदी :–

1. 01 एके–47 राइफल।

2. 02 एके मैगजीन।

3. 48 राउंड एके के जिंदा गोलाबारुद।

4. 01 पिस्तौल।

5. 01 पिस्तौल मैगजीन।

6. 01 पाउच

7. भारतीय मुद्रा 1670/–रू.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शबीर नवाब, अपर पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद रफी मलिक, हेड कांस्टेबल और मोहम्मद अमीन रेशी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 120–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. शेख जुल्फकार आजाद,
पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद अल्ताफ डार,
उप निरीक्षक

03 अथर परवेज,
हेड कांस्टेबल

04 फयाज अहमद खांडे,
कांस्टेबल

05 यशपाल शर्मा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05/06.06.2013 को अब्दुल अहद वानी, निवासी–ईचगोजा नामक व्यक्ति के घर में गांव– ईचगोजा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर पुलिस, 53 आरआर, 44 आरआर और 182 सीआरपीएफ द्वारा एवं संयुक्त अभियान शुरू किया गया और उक्त घर की घेराबंदी की गई। शुरूआत में उक्त मोहल्ला के चारों ओर कड़ी घेराबंदी की गई और उस मोहल्ले से सभी नागरिकों को बाहर निकाल लिया गया। लक्षित घर में छिपे आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने इसकी अनदेखी की और उसकी जगह तलाशी दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें लक्षित घर के प्रांगण में एक आतंकवादी को मार गिराया गया, बाद में जिसकी पहचान अल्ताफ अहमद बाबा, निवासी–अगलर कांडी, जैश–ए–मोहम्मद संगठन के दक्षिण कश्मीर के डिवीजनल कमांडर के रूप में की गई। घर के भीतर छिपे दूसरे आतंकवादी ने पूरी रात सुरक्षा बलों के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी की अगले दिन भोर के समय आतंकवादी को पुनः आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया जिसे उसने नहीं माना और सुरक्षा बलों की ओर उसने हथगोले फेंके और उसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा जिसके जवाब में सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मरक्षा में गोलीबारी की गई जिसके परिणामस्वरूप दोनों ओर से एक बार फिर गोलीबारी शुरू हो गई, जो लगभग दो घंटे तक चली। उसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी रुक गई और 30 मिनट तक प्रतीक्षा करने के बाद संयुक्त अभियान दल ने लक्षित घर की तलाशी ली जिसके दौरान उक्त आतंकवादी मृत पाया गया, बाद में जिसकी पहचान मोहम्मद अब्बास नेंग्रू (जेईएम), निवासी–हंजनबाला के रूप में की गई। उक्त अभियान के दौरान, 53 आरआर का एक सैनिक घायल हो गया।

तत्काल चलाए गए इस अभियान में शेख जुल्फकार आजाद, पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स), श्रीनगर, उप निरीक्षक मोहम्मद अल्ताफ डार, हेड कांस्टेबल, अथर परवेज, कांस्टेबल, फयाज अहमद और कांस्टेबल यशपाल शर्मा ने समर्पण के साथ और कुशल

तरीके से उक्त मुठभेड़ में भाग लिया जिसके परिणामस्वरूप ऊंचे दर्जे वाले दो आतंकवादियों का सफाया किया जा सका। इसके अलावा इन पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने जीवन की परवाह किए बगैर दोनों ओर से गोलीबारी में फंसे काफी नागरिकों और बच्चों को वहां से निकाला गया।

की गई बरामदगी :

1.	ए.के. 47/56 राइफल	—	02
2.	ए.के. 47 की मैगजीन	—	03
3.	ए.के. 47 के राउंड	—	60

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री शेख जुल्फकार आजाद, पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद अल्ताफ डार, उप निरीक्षक, अथर परवेज, हेड कांस्टेबल, फयाज अहमद खांडी, कांस्टेबल और यशपाल शर्मा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 121—प्रेज/2015——राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मोहम्मद शफीक,
उप पुलिस अधीक्षक

02. मोहम्मद सलीम,
उप निरीक्षक

03 मन्जूर अहमद मीर,
सार्जेंट कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.06.2014 को पुलवामा पुलिस को रेशीपुरा काकापुरा गांव में एलईटी संगठन के आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई। श्री मोहम्मद शफीक—केपीएस, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेन्शस, पुलवामा ने 50 आरआर और सीआरपीएफ की 182 तथा 183 बटालियन के साथ उस सूचना को साझा किया और छिपे हुए आतंकवादियों को दबोचने/ढ़ेर करने के लिए वे उक्त स्थल की ओर फौरन रवाना हो गए। किसी भी प्रकार की सम्पार्श्विक क्षति अथवा नागरिकों के हताहत होने की स्थिति को टालने के लिए श्री मोहम्मद शफीक—केपीएस, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेन्शस, पुलवामा ने पेशेवर तरीके से पुलिस, आरआर और सीआरपीएफ की तैनाती की योजना बनाई और उन्हें लक्षित स्थल के आस—पास विभिन्न दिशाओं में फैला दिया। उप निरीक्षक मोहम्मद सलीम, सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर एवं अन्य कार्मिकों सहित उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन्स, पुलवामा के नेतृत्व में एक दल ने लक्ष्य के आस—पास घेरा को मजबूत बनाते हुए घर—घर की तलाशी शुरू की। वहां अभियान दल की मौजूदगी को देखते हुए मोहल्ला में छिपे आतंकवादी अचानक बाहर आ गए और उन्होंने बेहद करीब से अभियान दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, उप निरीक्षक मोहम्मद सलीम, सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर के साथ श्री मोहम्मद शफीक—केपीएस, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेन्शस, पुलवामा ने अनुकरणीय साहस, सूझ—बूझ और उच्च स्तर के युद्ध कौशल का प्रदर्शन करते हुए तत्काल अपनी—अपनी पोजीशन संभाल ली तथा गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया और घेराबंदी तोड़कर उस स्थल से भागने के आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया। दोनो ओर से हो रही गोलीबारी के बीच उप निरीक्षक मोहम्मद सलीम और सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर के साथ श्री मोहम्मद शफीक, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन्स ने अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बगैर मुठभेड़ स्थल से सभी नागरिकों को बाहर निकाला और छिपे हुए आतंकवादियों पर अंतिम हमला शुरू कर दिया। तत्पश्चात उप निरीक्षक मोहम्मद सलीम और सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर के साथ श्री मोहम्मद शफीक, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन्स के नेतृत्व वाले अभियान दल ने छिपे हुए आतंकवादियों पर अंतिम धावा बोल दिया और वे लगभग डेढ़ घंटे तक बहादुरीपूर्वक तब तक लड़ते रहे, जब तक कि उन्होंने छिपे हुए दोनों आतंकवादियों को ढेर नहीं कर दिया। बाद में मारे गए आतंकवादियों की पहचान दक्षिण कश्मीर के डिवीजनल कमांडर बिलाल अहमद भट उर्फ साद, पुत्र—अब्दुल रशीद भट, निवासी लेल्हर, पुलवामा और मुदासिर अहमद शेख उर्फ मुन्ना, पुत्र—मोहम्मद जबार शेख, निवासी—किसरीगांम, पुलवामा के रूप में की गई। मारा गया आतंकवादी बिलाल अहमद भट उर्फ साद लगभग 4 वर्षों से जिला पुलवामा में सक्रिय था और वह सिल्वर स्टार होटल, बाईपास नौगाम पर हमला करने (19.10.2012) और सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जलालदीन और उनके रक्षक की हत्या करने समेत आतंकवाद संबंधी अनेक मामलों में शामिल था। मारा गया दूसरा आतंकवादी मुदासिर अहमद शेख उर्फ मुन्ना दिनांक 29.03.2014 को काकापुरा में पुलिस दल के ऊपर हमले में शामिल था। लश्कर—ए—तैयबा के दोनों आतंकवादियों का सफाया दक्षिण—मध्य कश्मीर में लश्कर—ए—तैयबा संगठन के लिए भारी झटका था।

संपूर्ण अभियान के दौरान, श्री मोहम्मद शफीक, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन्स, पुलवामा ने उप निरीक्षक मोहम्मद सलीम और सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर के साथ मिलकर उत्कृष्ट वीरता, अद्वितीय साहस और उच्च स्तर की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया और नागरिकों को सुरक्षित बाहर

निकालना सुनिश्चित किया। इन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित निरूस्वार्थ कर्तव्यपरायणता और अद्वितीय साहस के परिणामस्वरूप लश्कर–ए–तैयबा के दक्षिण कश्मीर के डिवीजनल कमांडर दो दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया हो सका।

बरामदगी :

1.	बलोरियन राइफल	–	01
2.	ए.के. मैगजीन	–	04
3.	ए.के. 47 के राउंड	–	42
4.	पिस्तौल (चीन में निर्मित)	–	01
5.	मैगजीन (पिस्तौल)	–	01
6.	राउंड (7.2 चीन में निर्मित)	–	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मोहम्मद शफीक, उप पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद सलीम, उप निरीक्षक और मन्जूर अहमद मीर, सार्जेंट कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.06.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 122–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. परवेज अहमद डार,
सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी

02. ऐजाज रसूल मीर,
उप पुलिस अधीक्षक

03 परवेज अहमद डार,
सार्जेंट कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एक विशिष्ट सूचना के आधार पर दिनांक 01.07.2013 को गांव मुंडरा त्राल में पुलिस और सीआरपीएफ की 185वीं बटालियन द्वारा एक घर के चारों ओर एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। अब्दुल वाहिद, पुलिस अधीक्षक, अवंतीपुरा द्वारा दो तलाशी दलों का गठन किया गया, जिसमें से एक का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स) त्राल, ऐजाज रसूल द्वारा और दूसरे दल का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक परवेज अहमद, एसडीपीओ, अवंतीपुरा द्वारा किया जा रहा था। स्थिति को भांपते हुए, घर के भीतर छिपे आतंकवादियों ने तीन कमरों के भीतर से तलाशी दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप सार्जेंट कांस्टेबल मंजूर अहमद गोली लगने से घायल हो गए और उन्होंने प्रांगण के भीतर एक पेड़ के पीछे आश्रय ले लिया। बाहरी घेराबंदी में शामिल उप निरीक्षक जसवंत सिंह और कांस्टेबल मनोज राम नामक दो सीआरपीएफ कार्मिक भी घायल हो गए। आत्मरक्षा में सुरक्षा बलों द्वारा गोलीबारी का जवाब दिया गया और आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने तथा एक कमरे में बंद रखे गए परिवार के सदस्यों को घर से बाहर निकलने देने के लिए कहा गया जिससे उन्होंने मना कर दिया। घायल पुलिस कार्मिकों को वहां से निकालने के बाद, जैसे ही पुलिस दल ने घर के प्रांगण में प्रवेश किया, उनके ऊपर 02 भिन्न दिशाओं से भारी गोलीबारी की जाने लगी। उप पुलिस अधीक्षक ऐजाज रसूल ने अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा, जबकि सार्जेंट कांस्टेबल परवेज अहमद सहित अन्य अधिकारियों ने घायल पुलिस कार्मिकों को सहारा देकर बाहर निकाला।

घायल पुलिस कार्मिकों को वहां से बाहर निकाले जाते देख कर, एक आतंकवादी तेजी से निकल कर घर से बाहर आ गया और अपने घायल साथियों को बाहर निकालने में लगे पुलिस दल के ऊपर गोली चलानी शुरू कर दी। इस विशिष्ट समय पर भारी नुकसान उठाने से पहले कांस्टेबल मुश्ताक अहमद ने, जो अपने घायल सहकर्मियों को बाहर निकालने वाले दल का हिस्सा थे, पुलिस की ओर से फिदायीन के रूप में कार्य किया, जिन्होंने एक ओर पुलिस दल को सुरक्षा कवच प्रदान किया और दूसरी ओर अपने जीवन की परवाह किए बगैर बहादुरी से आतंकवादियों का मुकाबला किया। उस आतंकवादी ने पुलिस दल की ओर एक हथगोला फेंका, तथापि, एक सेकेंड में ही कांस्टेबल मुश्ताक अहमद ने पुलिस दल के पास से अपने पैर से टक्कर मारकर उस हथगोले को दूर फेंक दिया जो कुछ गज की दूरी पर जाकर फट गया। अब आतंकवादी और पुलिस दल एक–दूसरे पर गोली चलाते हुए कुछ गज की ही दूरी पर रह गए थे और इस प्रक्रिया के दौरान कांस्टेबल मुश्ताक अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए, और घायल होने के कारण बाद

में वीरगति को प्राप्त हो गए। भारी गोलीबारी के बीच पुलिस दल ने घर के दरवाजे को तोड़कर कमरे में प्रवेश किया ओर वहां फंसे सदस्यों को मुक्त करवा लिया। 03 दुर्दांत आतंकवादियों के सफाए के साथ यह अभियान भारी गोलीबारी के बीच समाप्त हुआ।

की गई बरामदगी :

1.	ए.के. राइफल–	–	02 (एक क्षतिग्रस्त)
2.	ए.के. 56 राइफल	–	01 (रजि. सं. 8114004 असेंबली के बगैर)
3.	ए.के. राउंड	–	03
4.	ए.के. मैगजीन	–	06
5.	ए.के. गोलाबारूद	–	90 राउंड
6.	पाउच	–	03
7.	पिस्तौल	–	01 (क्षतिग्रस्त)
8.	शेलिंग	–	03
9.	चीन में निर्मित हथगोला(जिंदा)	–	05 (मुठभेड़ स्थल में क्षतिग्रस्त)
10.	मैगजीन स्प्रिंग	–	02
11.	वायर कटर	–	01
12.	कैंची	–	01
13.	हेडफोन	–	01
14	टार्च	–	01 (क्षतिग्रस्त)
15.	डेटोनेटर	–	01 (उसी स्थान पर क्षतिग्रस्त)
16.	चाकू	–	01
17.	थैला	–	01
18.	आरआर बैज	–	01
19.	पोस्टर आदि	–	03
20.	1000 रु. का नोट	–	02 (कटे–फटे हुए)
21.	500 रु. का नोट	–	08 (कटे–फटे)
22.	100 रु. का नोट	–	01 (कटा–फटा)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री परवेज अहमद डार, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी, ऐजाज रसूल मीर, उप पुलिस अधीक्षक और परवेज अहमद डार, सार्जेंट कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.07.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 123–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. चौथे मनोज रतन,
अपर पुलिस अधीक्षक

02. सदानंद सिंह,
कांस्टेबल

03. प्रमोद कुमार राय,
कांस्टेबल

04. रविन्द्र राम,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

घातक हथियार रखने वाले एक प्रतिबंधित संगठन, पी.एल.एफ.आई. (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के सब–जोनल कमांडर बैजनाथ यादव उर्फ सुधीरजी, सब–जोनल कमांडर अशोक यादव उर्फ स्मार्टजी, सब–जोनल कमांडर अनिल कुमार यादव और उनके सहयोगियों द्वारा व्यापारियों एवं ठेकेदारों से जबरन पैसे की उगाही करने और ग्रामीणों के बीच आतंक पैदा करने के संबंध में दिनांक 08.06.2012 को 14.00 बजे उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद द्वारा प्राप्त की गई एक अत्यंत विश्वसनीय सूचना के पश्चात उसी दिन 15.15 बजे उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा वीरतापूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के बाद उपर्युक्त अधिकारियों ने प्राप्त सूचना का विस्तृत विश्लेषण किया और उसके बाद उन्होंने पांकी–बालूमठ मार्ग के निकट परसावा गांव के दक्षिण में करमाडीह टांड़ जंगल के निकट युक्तिपर्वूक एक अभियान चलाने की योजना बनाई। इस अभियान में जिला पुलिस के अधिकारी और जवान शामिल थे।

अंतत : 15.15 बजे उपर्युक्त स्थान पर पहुंचने पर बल को दो दलों में विभाजित कर दिया गया और उन्हें उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए दो भिन्न दिशाओं से आगे बढ़ने के लिए कहा गया। अधिकारियों ने चिल्लाकर पुलिस के रूप में अपनी पहचान बताते हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्मसमर्पण करने के बजाय आतंकवादियों के एक संतरी ने पुलिस अधिकारियों और जवानों की हत्या करने के इरादे से अद्यतन आधुनिक हथियारों से उनके ऊपर गोलियों की भारी बौछार शुरू कर दी। उसके सहयोगियों द्वारा भी उसी कृत्य को दोहराया गया और उन्होंने भी पुलिस बल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारी लगातार चिल्लाकर आतंकवादियों से गोलीबारी बंद करके आत्मसमर्पण करने के लिए कहते रहे लेकिन हठी और निश्चय कर चुके आतंकवादियों ने एक नाले की ओर भागते हुए गोलीबारी जारी रखी।

ऐसी स्थिति में मजबूर होकर दल के नायक अपर पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन ने सरकारी हथियारों और गोलाबारुद को बचाने और लूट–खसोट करने वाले आतंकवादियों को अपने काबू में करने के लिए बल को आत्मरक्षार्थ गोली चलाने का निर्देश दिया। इसके परिणामस्वरूप गोलीबारी शुरू हो गई। निःसंदेह उपर्युक्त अधिकारियों और कांस्टेबलों ने असाधारण साहस एवं जोश का प्रदर्शन किया जबकि उनके सिर के ऊपर से गोलियां निकल रही थीं। उन्होंने गोलियों की भारी बौछार को चुनौती दी और दुस्साहसी तरीके से युक्तिपूर्वक वे उन आतंकवादियों की ओर बढ़े जो लगातार पुलिस के ऊपर गोलीबारी कर रहे थे। उसी बीच गोलीबारी से एक–दूसरे को आड़ प्रदान करते हुए आतंकवादी नाले के सहारे जंगल के काफी भीतर भागने में सफल हो गए। उस क्षेत्र की सफाई के पश्चात वहां तलाशी अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप वहां से आतंकवादी का शव बरामद हुआ जिसके दाहिने हाथ में एक भरी हुई पिस्तौल थी। उस क्षेत्र की आगे और तलाशी लेने पर वहां से एक और भरी हुई पिस्तौल, पी.एल.एफ.आई. के लेटर पैड (सं. 90), एक लाख पैंतालीस हजार (1,45,000/– रु.) लेवी की उगाही की रसीदें, चार्जरों के साथ मोबाइल सेट, कुछ खाद्य सामग्री एवं एनर्जी ड्रिंक आदि बरामद किए गए। आगे और जांच करने पर मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित संगठन पी.एल.एफ.आई. के सब जोनल कमांडर अनिल कुमार यादव के रूप में की गई। सामान्यतः नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ऐसे अभियानों के दौरान मारे गए आतंकवादी का शव बरामद नहीं हो पाता है, लेकिन यह एक दुर्लभ अवसर था जहां कि उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित साहस और कुशल नेतृत्व के कारण न सिर्फ मारे गए आतंकवादी का शव बरामद हुआ बल्कि वहां से अनेक हथियार एवं गोलाबारुद भी बरामद किए गए।

इस संबंध में दिनांक 08.06.2012 को पांकी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 47, 148, 149, 307, 353 और आयुध अधिनियम की धारा 25(1–ख) क, 26, 27 तथा दंड विधि संशोधन अधिनियम की धारा 17 के अधीन मामला सं. 53/2012 दर्ज किया गया।

इस अभियान के पांच दिन के भीतर उपर्युक्त पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व वाले दल ने पांकी बैराज के निकट बनखेटा गांव के पास वहां से भागे हुए पांच आतंकवादियों को अनेक हथियारों तथा गोलाबारुद और प्रतिबंधित पी.एल.एफ.आई. के लेटर पैड के साथ गिरफ्तार किया (पांकी पी.एस. मामला सं. 55/2012 दिनांक 13.06.2012), जिसमें सब–जोनल कमांडर अशोक यादव उर्फ स्मार्टजी, कमलेश कुमार सिंह उर्फ गोलू, बिरेनलेटर सिंह, अकलेश संह उर्फ बुटन और संदीप यादव शामिल थे। इन सभी आतंकवादियों ने झारखंड में पलामू और उसके साथ लगे लातेहर, गुमला और खूंटी जिलों में अपने आतंक का साम्राज्य फैला रखा था।

अपर पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन और पांकी पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल सदानंद सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार राय और कांस्टेबल रविन्द्र राम ने युद्ध जैसे हालात वाले अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियान में सूझबूझ से काफी कम बल के साथ काम लेने के लिए अनुकरणीय बहादुरी, बुद्धिमतता और क्षमता का प्रदर्शन किया। उनकी साहसिक उपलब्धि का पुलिस दल के मनोबल अत्यधिक उत्साहवर्धक प्रभाव पड़ा और इससे आतंकवादियों के मनोबल पर भारी आघात पहुंचा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री चौथे मनोज रतन, अपर पुलिस अधीक्षक, सदानंद सिंह, कांस्टेबल, प्रमोद कुमार राय, कांस्टेबल और रविन्द्र राम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.06.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 124–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रवि कुमार लोहरा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.02.2011 को पुलिस अधीक्षक, खूंटी को लगभग 2100 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन के आतंकवादी कुंदन पाहन, अनिल जी उर्फ पातीराम मांझी, नवीन मांझी उर्फ भुवन जी, प्रसाद अहीर विशाल उर्फ तुलसीदास, राममोहन मुंडा, जीतलाल अहीर उर्फ मधु अहीर, डिम्बा पाहन, भीम, कृष, श्याम पाहन और 50 अन्य व्यक्ति सरकार के विरुद्ध सशस्त्र बैठक करने और नक्सली गतिविधियों में शामिल होने के लिए लोगों पर दवाब डालने तथा इंकार करने पर उनकी हत्या करने के इरादे से अराकी पुलिस स्टेशन के अधीन मारंगबुरू में इकट्ठा हो रहे हैं। तदनुसार पुलिस अधीक्षक, खूंटी ने एक योजना तैयार की और उन्होंने तीन दलों का गठन किया। पहले दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स) कर रहे थे, जिसमें उप निरीक्षक कृष्ण मुरारी, 203 कोबरा बटालियन के एसी एक्साइड ग्रुप 10–12 और उप पुलिस अधीक्षक, झारखंड जगुआर ए–14 शामिल थे। ए.डी.पी.ओ., खूंटी के नेतृत्व वाले दल में निरीक्षक पी. के. मिश्रा, 203 कोबरा बटालियन और असाल्ट ग्रुप–13 और 15 एवं झारखंड जगुआर ए.जी–06 शामिल थे। सीआरपीएफ 94 बटालियन की बी और सी कम्पनी सहित ओ/सी खूंटी और अराबी के साथ उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स) तीसरे दल का नेतृत्व कर रहे थे। तलाशी अभियान के लिए पहला दल मारंगबुरू पहाड़ी पर, दूसरा दल मिलेपीड़ी और संदीदीड़ी पर और तीसरा दल बासूडीह और टोनपट टोला में तैनात किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के अंगरक्षक, कांस्टेबल चंदन कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार लोहरा, कांस्टेबल मोहम्मद खुर्शीद और अन्य दलों के साथ उप निरीक्षक कृष्ण मुरारी 23.30 बजे रवाना हुए। वाहन द्वारा टायाटोडैंग पहुंचने के बाद, उन्होंने वाहन वहीं छोड़ दिया और मारंगबुरू के लिए पैदल चल पड़े। वे अगले दिन सुबह लगभग 6.20 बजे मारंगबुरू की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंच गए और तलाशी अभियान के लिए दो भिन्न दिशाओं से आगे बढ़ने का निर्णय लिया। कोबरा एजी–12 और उप निरीक्षक ऋषिकेश मिंज एक तरफ से और अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स) तथा उप निरीक्षक कृष्ण मुरारी तथा अन्य कार्मिक दूसरी तरफ से आगे बढ़े। लगभग 6.24 बजे जब सैन्य दल तलाशी ले रहा था, तब उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स) और उप निरीक्षक कृष्ण मुरारी ने चिल्लाते हुए कहा हम पुलिस कार्मिक हैं और तुम लोग गैर कानूनी कार्य कर रहे हो। इसके बाद उन्होंने धमाका करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी और चिल्लाते हुए कहा कि तुम लोगों को कुंदन पाहन, अनिल जी और नवीन दा गिरोह द्वारा घेर लिया गया है, इसलिए आत्मसमर्पण कर दो। इस स्थिति में पुलिस बल ने सुरक्षित पोजीशन ले ली और जवाबी गोलीबारी की। फिर नक्सलियों ने धमाके/गोलीबारी के साथ–साथ मोर्टार और ग्रेनेड दागने भी शुरू कर दिए। इस पर पुलिस ने भी मोर्टर, यूबीजीएल और ग्रेनेड का प्रयोग करते हुए जवाबी हमला जारी रखा। एक गोली आतंकवादी के सिर में लग गई। उग्रवादियों ने एलएमजी और मोर्टर से धमाकेदार गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल इससे भयभीत नहीं हुआ और उनके ऊपर निशाना साधते हुए गोलीबारी जारी रखी। इसी बीच पुलिस दल को रोने की आवाज सुनाई दी और उनकी ओर से गोलीबारी भी कम हो गई, तब पुलिस दल ने संपूर्ण पहाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया और आतंकवादी वहां से भागने लगे। वे अपने मृतक साथी का शव और घायल साथियों को साथ लेकर भागने में सफल हो गए। इस अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स), अपर पुलिस अधीक्षक के दोनों अंगरक्षक कांस्टेबल चंदन कुमार और कांस्टेबल रवि कुमार लोहरा, कांस्टेबल सी.बी. रविकुमार, कोबरा बटालियन के कांस्टेबल अनंत कुमार और झारखंड जगुआर के अमरदीप कुजुर घायल हो गए। उन सभी को उपचार के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा भेजा गया।

कांस्टेबल रवि कुमार लोहरा का यह एक वास्तविक वीरतापूर्ण कृत्य है। वे पुलिस बल के लिए धरोहर हैं और बहादुरी का एक आदर्श उदाहरण हैं। उनके बहादुरीपूर्ण कृत्य/कार्य निष्पादन ने पुलिस बल की ख्याति को बढ़ाया है और पुलिस बल को उनके ऊपर गर्व है।

की गई बरामदगी :

1. एक देशी एसबीबीएल बंदूक।

2. गैर–बिजली चालित डेटोनेटर 10 पीस।

इस मुठभेड़ में श्री रवि कुमार लोहरा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.02.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 125–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संचमान तमांग,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.07.2012 को, एस पी छत्रा और प्रकाश रंजन मिश्रा, उप कमांडेंट, 203 कोबरा को एक वरिष्ठ माओवादी नेता (क्षेत्रीय कमांडर और बिहार रीजनल मिलिटरी कमीशन का सदस्य) अजय गंजू उर्फ पारस की गतिविधि के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अनुसार, अजय गंजू (एक माओवादी दल के साथ) अपने परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए पुलिस स्टेशन कुंदा के एक बेहद दूरवर्ती और दुर्गम स्थान पर अपने घर लकरमन्ना आ रहा था। इस सूचना का मानवीय और तकनीकी स्रोतों के माध्यम से सत्यापन किया गया। चूंकि अजय गंजू एक खतरनाक माओवादी था, जो उस क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से कार्य कर रहा था और अपनी सैन्य/लड़ने की क्षमता के कारण उसे क्षेत्रीय कमांडर के रूप में पदोन्नत किया गया था, इसलिए एस पी छत्रा, प्रकाश रंजन मिश्रा, उप कमांडेंट और करूण कुमार ओझा, सहायक कमांडेंट ने सभी संभावनाओं पर चर्चा की। करूण कुमार ओझा, सहायक कमांडेंट और उप निरीक्षक संचमान तमांग, जिला छत्रा जिले के लावलोंग पुलिस स्टेशन के कमांडिंग ऑफिसर के साथ प्रकाश रंजन मिश्रा, उप कमांडेंट की कमान में उप निरीक्षक संचमान तमांग, छत्रा जिले के लावलोंग पुलिस स्टेशन के कमांडिंग ऑफिसर और बी/203 कोबरा के 2 दल सहभागी सैन्य दलों को समुचित सूचना प्रदान करने और विभिन्न दलों को कार्य सौंपने के पश्चात 0845 बजे लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ा। कुंदा तक वाहनों का प्रयोग किया गया। सैन्य दल उस गांव की ओर गया, जो कुंदा से लगभग 20 कि.मी. दूर था। गहरे अंधेरे, दुर्गम क्षेत्र, झाड़ियों, नालों और वर्षो के बावजूद सैन्य दल बड़ी तेजी से आगे बढ़ा और 0345 बजे गांव के नजदीक पहुंच गया। यह गांव जंगल और छोटी पहाड़ियों से घिरा हुआ था। नाइट विजन डिवाइस द्वारा नजदीकी जंगली क्षेत्र का अवलोकन करने के पश्चात, प्रकाश रंजन मिश्रा ने घेराबंदी दल को गांव की घेराबंदी करने का आदेश दिया। जैसे ही घेराबंदी दल ने घेराबंदी शुरू की और उप निरीक्षक संचमान तमांग, लावलोंग के कमांडिंग आफिसर, प्रकाश रंजन मिश्रा, उप कमांडेंट, करूण कुमार ओझा, सहायक कमांडेंट ने कुछ छापामार/तलाशी दलों के साथ घरों के समूह की ओर आगे बढ़ना शुरू किया तभी गांव के भीतर कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया और नजदीकी जंगल से गोलियों की बौछार शुरू हो गई। गोली–बारी की परवाह किए बगैर, संचमान तमांग और प्रकाश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा छापामार/तलाशी दल के साथ अजय गंजू के घर की घेराबंदी और तलाशी करने के लिए तेजी से उसके घर की ओर आगे बढ़े और घेराबंदी दल को तत्काल घेराबंदी करने का आदेश दिया। जब प्रकाश रंजन मिश्रा के साथ संचमान तमांग, अजय गंजू के घर के बहुत नजदीक पहुंचे, तो उन्होंने एक व्यक्ति को जंगल की ओर भागते हुए देखा। उन्होंने प्रकश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल रमन कुमार के साथ उस व्यक्ति का पीछा करना शुरू कर दिया। बचकर भागने वाला व्यक्ति पीछे की ओर मुड़ा और उसने कुछ राउन्ड गोलिया चलाई, परन्तु संचमान तमांग बाल–बाल बच गए किंतु वे पीछा करते रहे। छापामार/तलाशी दल को लक्ष्य बनाकर जंगल से गोलियों की बौछार आ रही थी जिसका हेड कांस्टेबल/आरओ प्रभाकर सिंह, कांस्टेबल एस खालको और कांस्टेबल अजीत राम वर्मा द्वारा पलटकर जवाब दिया गया। इस जवाबी कार्रवाई से छापामार/तलाशी दल को आगे बढ़ने में सहायता मिली। जब उप निरीक्षक संचमान तमांग और प्रकाश रंजन मिश्रा करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल/जीडी रमन कुमार के साथ बचकर भाग रहे व्यक्ति के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए तो वह पीछे मुड़ा और उप निरीक्षक संचमान तमांग, प्रकाश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल/जीडी रमन कुमार पर निशाना साधने की कोशिश की और कुछ राउन्ड गोलियां चलाईं परन्तु बहुत कम फासले के बावजूद वे बाल–बाल बच गए। फिर उसने अपनी जेब से कोई चीज निकाली और उसे फेंकने की कोशिश की। वह उस जंगल में प्रवेश करने वाला था, जहां से माओवादी सैन्य दलों पर गोलीबारी कर रहे थे। यदि वह व्यक्ति जंगल में घुस जाता तो, उसे उन माओवादियों का सहारा मिल जाता जो वहां से गोलीबारी कर रहे थे। छापामार/तलाशी दल के पास उस व्यक्ति पर गोली चलाने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं था। परिस्थिति का विश्लेषण करते हुए उप निरीक्षक संचमान तमांग, प्रकाश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल/जीडी रमन कुमार ने बचकर भाग रहे व्यक्ति पर गोली चलाई। वह व्यक्ति गिर पड़ा। उप निरीक्षक संचमान तमांग, प्रकाश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल/जीडी रमन कुमार ने कुछ मिनट इंतजार किया और फिर उस व्यक्ति की ओर गए। घेराबंदी दल के कुछ कार्मिक भी वहां पहुंच गए और तलाशी के उपरांत उन्हें एक भरी हुई 9एमएम पिस्तौल के साथ एक व्यक्ति का शव मिला। एक एच ई 36 ग्रेनेड कुछ फीट की दूरी पर पड़ा हुआ था, जिसे उसने पीछा करने वाले दल पर फेंकने की कोशिश की थी। यदि वह अपने प्रयास में सफल हो जाता, तो संचमान तमांग, प्रकाश रंजन मिश्रा, करूण कुमार ओझा और कांस्टेबल/रमन कुमार के बचने का कोई मौका नहीं मिलता। उसकी जेब में एक एच ई 36 ग्रेनेड, एक भरी हुई 9एमएम मैगजीन और 2 मोबाइल मिले। घेराबंदी दल उस क्षेत्र की ओर गया, जहां से माओवादी गोलीबारी कर रहे थे। परन्तु सैन्य दलों के वहां पहुंचने से पहले माओवादी भागने में सफल रहे। उस स्थान से विभिन्न बोर के हथियारों के कुछ खाली खोखे मिले। ग्रामीणों ने मारे गए व्यक्ति की खूंखार नक्सली क्षेत्रीय कमांडर और बिहार रीजनल मिलिटरी कमीशन के सदस्य अजय गंजू उर्फ पारस उर्फ झागू के रूप में पहचान की, जिसका बिहार और झारखंड के कई जिलों में आतंक छाया हुआ था तथा उस पर 7 लाख का इनाम भी रखा हुआ था। बिहार और झारखंड राज्यों के विभिन्न जिलों में 84 मामले लंबित थे। वह पिछले कई वर्षों से बिहार और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में घात लगाकर हमले, बम विस्फोट, हमले और मुठभेड़ की लगभग प्रत्येक नक्सलवादी घटना का मुख्य व्यक्ति था। सैन्य दलों ने वापस कुंदा पुलिस स्टेशन लौटकर माओवादी के शव और सामग्रियों को पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। उसके बाद सैन्य दल छत्रा की ओर चले गए।

संपूर्ण अभियान में उप निरीक्षक संचमान तमांग ने अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी साहसिक पहल, बहादुरीपूर्ण त्वरित कार्रवाई और अभियान के दौरान प्रदर्शित असाधारण साहस और वीरता ने अभियान को सफलता में बदल दिया और खूंखार माओवादी क्षेत्रीय कमांडर मारा गया। उप निरीक्षक संचमान तमांग ने अत्यधिक जोखिम उठाते हुए संपूर्ण अभियान में अपने दल की सहायता की। उन्होंने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डाला और संपूर्ण अभियान के दौरान मौत उनके सिर पर मंडराती रही।

इस मुठभेड़ में श्री संचमान तमांग, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.07.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 126–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	चन्द्र शेखर सिंह, हेड कांस्टेबल	(मरणोपरांत)
02.	प्रमोद कुमार राय, कांस्टेबल	(मरणोपरांत)
03.	दिनेश महतो, कांस्टेबल	(मरणोपरांत)
04.	लालचिक बराइक, कांस्टेबल	(मरणोपरांत)
05.	राजेश कच्छप, कांस्टेबल	(मरणोपरांत)
06.	जगरनाथ ओरॉन, कांस्टेबल	
07.	मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल	
08.	जमशेद खान, कांस्टेबल	
09.	प्रशान्त कुमार, कांस्टेबल	

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.05.2011 को लगभग पूर्वाह्न 05.30 बजे, विश्वसनीय आसूचना जानकारी के आधार पर सेनहा और कैरो पुलिस स्टेशन के सैन्य दलों ने सीआरपीएफ के साथ उप निरीक्षक पूरनचन्द्र देवगाम के नेतृत्व में एक संयुक्त उग्रवाद–रोधी अभियान शुरू किया। निर्धारित स्थान पर जाने से पहले सेनहा पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ धारधरिया झरने के शिखर पर छापा और तलाशी अभियान चलाने से संबंधित रणनीति के बारे में चर्चा की। जैसे ही सेनहा और कैरो के सैन्य दल माओवादियों के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई के लिए पठार के एक छोर पर पहुंचे, उसी समय वहां पर कई जोर दार विस्फोट हुए और पूरा क्षेत्र धुंए और धूल से आच्छादित हो गया। जब धुंआ छंट गया, तो यह देखा गया कि एक संकरी गली में लगभग डेढ कि.मी. तक बारूदी सुरंगे फैली हुई हैं। इस विस्फोट में कई पुलिस अधिकारी और जवान संकरी गली के दोनों ओर गिर गए। दूसरी ओर उसी समय, सैन्य दल प्रतिबंधित माओवादी जो पहले से ऊंचाई पर थे, की भारी और अंधाधुंध गोलीबारी में घिर गए। वे उनको सभी हथियारों और गोलाबारूद सहित आत्मसमर्पण करने के लिए लाउडस्पीकरों के माध्यम से घोषणा कर रहे थे और चेतावनी दे रहे थे। तत्काल पुलिस बल हरकत में आ गया और जवाब में गोलीबारी शुरू कर दी। यद्यपि गोलीबारी में कुछ पुलिस अधिकारी बुरी तरह से घायल हो गए, तथापि उन्होंने एक साथ बड़े साहस से माओवादियों का सामना किया। माओवादियों में कुछ महिलाएं भी थीं, जो पुलिस सैन्य दल के नजदीक आने का प्रयास कर रही थीं। गहन जांच करने पर यह पता चला कि कुख्यात माओवादी निशान्त उर्फ अरविन्द कुमार सिंह, नकुल यादव और अन्य माओवादी गुट का नेतृत्व कर रहे थे। गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली, जब माओवादियों की ओर से गोलीबारी थोड़ी कम हुई, तब यह देखा गया कि वे उस जगह से भाग गए हैं और गहरे जंगल में गायब हो गए हैं। पुलिस उप निरीक्षक पूरन चन्द्र देवगाम ने अपने मोबाइल और वायरलेस सेट के माध्यम से पुलिस अधीक्षक लोहारडगा और सेनहा पुलिस स्टेशन को सूचित किया। सूचना प्राप्त होने पर लोहारडगा और गुमला के पुलिस अधिकारी सैन्य दल की सहायता करने के लिए बल के साथ उस स्थान पर पहुंच गए। जब गोलीबारी बंद हुई, तब यह पाया गया कि उस गालीबारी में हेड कांस्टेबल चन्द्रशेखर सिंह, कांस्टेबल, प्रमोद कुमार राय, कांस्टेबल, दिनेश महतो, कांस्टेबल, लालचिक बराइक और कांस्टेबल, राजेश कच्छप शहीद हो गए हैं, जबकि सेनहा पुलिस स्टेशन के

प्रभारी अधिकारी पूरन चन्द्र देवगाम और कैरो पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी कल्याण बिरूली जो सैन्य दल का नेतृत्व कर रहे थे, बुरी तरह घायल हो गए हैं। इन दो अधिकारियों के अतिरिक्त, जगरनाथ ओरॉन, मनोज कुमार सिंह, जमशेद खान और प्रशान्त कुमार भी घायल हो गए। उपयुक्त सभी अधिकारी मुश्किल परिस्थितियों में भी बड़ी बहादुरी से लड़े और अपना साहस दिखाया।

सेनहा पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक तथा प्रभारी अधिकारी पूरनचन्द्र देवगाम और कैरो पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी कल्याण बिरूली ने आसन्न खतरे के समक्ष सशक्त नेतृत्व का प्रदर्शन किया और माओवादियों को चुनौती देने के लिए आगे बढ़ते हुए वे बल को अपने जीतने की क्षमता से प्रेरित करते रहे। उन्होंने न केवल आगे रहकर बल का नेतृत्व किया, बल्कि पुलिस दल द्वारा नियंत्रित गोलीबारी को भी सुनिश्चित किया। उप निरीक्षक पूरनचन्द्र देवगाम ने विशेष रूप से सतर्कता, अभियान संबंधी दक्षता, वीरोनीत साहस, अदम्य वीरता और कार्य के प्रति सर्वोच्च समर्पण एवं विरल सूझ–बूझ का प्रदर्शन किया, जिसके कारण वे बारूदी सुरंगों और माओवादियों की अचानक गोलीबारी से कई पुलिस अधिकारियों की जान बचा सके।

यह वास्तव में सराहनीय है कि प्रतिकूल क्षेत्र होने के बावजूद वीरतापूर्ण कार्रवाई की गई क्योंकि माओवादी काडर सम्पूर्ण दल को उड़ाने के पर्याप्त हथियारों के साथ सुरक्षित ऊंचाई पर थे और बल कर्मी बहुत असुरक्षित थे क्योंकि प्रतिद्वंदी को चुनौती देने के लिए उन्हें ऊपर चढ़ने के लिए कठिनाई हो रही थी। तथापि, बल कर्मी मजबूत इच्छा शक्ति और अपनी पूरी ताकत को झोंकते हुए दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ते रहे और लम्बी थकानपूर्ण यात्रा के बाद ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंच गए।

की गई बरामदगी :–

1.	जिंदा गोलाबारूद		
	1 ए.के. 47	–	01
2.	मिसफायर हुई गोलियां		
	1 .303	–	05
3.	खाली खोखे		
	i. 7.62 एम एम	–	01
	i i 7.62 एम एम *39	–	14
	i i i 5.56 एम एम	–	08
	i v .303	–	28
	v .315 बोर	–	20

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) चन्द्र शेखर सिंह, हेड कांस्टेबल, (स्व.) प्रमोद कुमार राय, कांस्टेबल, (स्व.) दिनेश महतो, कांस्टेबल, (स्व.) लालचिक बहराइक, कांस्टेबल, (स्व.) राजेश कच्छप, कांस्टेबल, जगरनाथ ओरॉन, कांस्टेबल, मनोज कुमार सिंह कांस्टेबल, जमशेद खान, कांस्टेबल और प्रशांत कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.05.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 127–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सुरेन्द्र कुमार झा, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	प्रकाश रंजन मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार)
03.	हर्षपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.07.2014 को लेंबा के पहाड़ी और जंगली क्षेत्र में कुंदन पाहन उर्फ विकास (रीजनल मिलिटरी कमीशन का सदस्य), तुलसी दास उर्फ विशाल (उप–जोनल कमांडर), चंदन और अर्जुन के साथ सशक्त माओवादियों (15–20 काडर) की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, दुर्गम क्षेत्र और पुलिस दल की गतिविधि के दौरान घात लगाकर हमले अथवा आईईडी विस्फोट की संभावना जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची और पुलिस अधीक्षक खूंटी ने सावधानीपूर्वक एक अभियान की योजना बनाई। सूचना के अनुसार, माओवादी उस क्षेत्र में पुलिस के विरुद्ध विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे थे। यह स्थान खूंटी जिले के अरकी पुलिस स्टेशन और रांची जिले के तमार पुलिस स्टेशन की सीमाओं पर स्थित है। रात के दौरान अभियान शुरु करने की योजना बनाई गई परन्तु उस माओवादी दल में अनुभवी माओवादी सेना के कमाण्डर मौजूद थे और दोनों तरफ से गोलीबारी होने की संभावना थी, इसलिए रात्रि में मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी को नियंत्रित करने के लिए अधिकतम अधिकारियों का दल गठित करने का निर्णय लिया गया। उप कमांडेंट संजय कुमार और सहायक कमांडेंट मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में 133 बटालियन, सीआरपीएफ के त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी), सहायक कमांडेंट दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में 133 बटालियन सीआरपीएफ के क्यूएटी और खूंटी जिले के पुलिस अधिकारियों के क्यूएटी के साथ पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची श्री सुरेन्द्र कुमार झा, एएसपी (ऑप.) खूंटी, श्री प्रकाश रंजन मिश्रा और एएसपी (ऑप.) रांची, श्री हर्षपाल सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त दल गठित किया गया और कार्मिकों को उनकी भूमिका के बारे में समुचित रूप से बताया गया। घने अंधेरे, पहाड़ी क्षेत्र और मार्ग में पड़ने वाले अनेक नालों के बावजूद इस दल ने दिनांक 22.07.2014 को 2330 बजे अभियान के लिए प्रस्थान किया। यह दल रात को उस क्षेत्र में पहुंचा, दल को आगे उप दलों में बांट दिया गया और संभावित छिपने के स्थान, जहां माओवादी दल इकठ्ठा हुआ था, को घेरने के लिए लक्षित क्षेत्र की ओर भेजा गया। भोर में क्षेत्र को घेरने और तलाशी करने का निर्णय लिया गया। जब तलाशी शुरु हुई तो माओवादियों को कुछ हलचल होने का संदेह हो गया और उन्होंने पुलिस दल पर गोलीबारी की। पुलिस दल द्वारा आत्मसमर्पण करने और गोलीबारी बंद करने की घोषणा के पश्चात, माओवादियों ने गोलीबारी तेज कर दी जिसमें 203 कोबरा के सहायक कमांडेंट मनोज कुमार यादव घायल हो गए। अब श्री सुरेन्द्र कुमार झा, श्री प्रकाश रंजन मिश्रा और श्री हर्षपाल सिंह के नेतृत्व वाले पुलिस दलों ने उपर्युक्त 3 क्यूएटी की सहायता से तीन दिशाओं से माओवादियों को घेरने का प्रयास किया, परन्तु माओवादी भारी गोलीबारी और झाड़ियों को फायदा उठाकर गांव और स्कूल की ओर भाग गए। कुछ माओवादियों ने स्कूल में पोजीशन संभाल ली और उनका पीछा कर रहे पुलिस दलों पर गोलीबारी शुरु कर दी। इस प्रक्रिया में, श्री सुरेन्द्र कुमार झा, श्री पी.आर. मिश्रा और श्री हर्षपाल सिंह ने आगे और पीछे से माओवादियों की भारी गोलीबारी का सामना किया परन्तु भाग्यवश वे बच गए। जान का जोखिम होने के बावजूद, सभी तीनों कमांडर क्यूएटी के साथ आगे बढ़ते रहे और उन माओवादियों के नजदीक पहुंच गए, जिन्होंने स्कूल में पोजीशन संभाल रखी थी। अन्य माओवादियों ने भी गोलीबारी के दौरान बिखरे हुए अपने काडरों को वापस लाने के लिए इन पुलिस दलों पर गोलीबारी जारी रखी। इन दलों ने कई बार माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए जोर से घोषणा की ताकि वे उनकी आवाज सुन सके परन्तु माओवादियों ने गोलीबारी जारी रखी। माओवादी सुरक्षित स्थिति में थे और पुलिस दल बहुत असुरक्षित थे। स्कूल के नजदीक पहुंचने के बाद कुछ मिनटों के लिए गोलीबारी बंद हो गई, फिर तीनों कमांडर उप कमांडेंट संजय कुमार, सहायक कमांडेंट दिलीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक महेश चन्द्र मीणा और कांस्टेबल डीआर विस्वाल के साथ स्कूल की ओर गए और स्कूल की तलाशी करने का निर्णय लिया। इसलिए वे स्कूल में प्रवेश करने के लिए तीन दिशाओं से आगे बढ़े किन्तु माओवादियों ने अचानक तेज गोलीबारी शुरु कर दी और श्री सुरेन्द्र कुमार झा, श्री पी.आर. मिश्रा और श्री हर्षपाल सिंह, जो द्वार के नजदीक खड़े थे, पर दो दिशाओं से गोली की बौछार आई, परन्तु वे बाल–बाल बच गए। श्री सुरेन्द्र कुमार झा, श्री प्रकाश रंजन मिश्रा और श्री हर्षपाल सिंह जो आगे से क्यूएटी का नेतृत्व कर रहे थे, लम्बे समय तक जान को जोखिम में डालने वाली स्थिति में रहे, किन्तु उन्होंने अपना हौसला, वीरतापूर्ण नेतृत्व और धैर्य नहीं छोड़ा। माओवादियों द्वारा उनके ऊपर लगातार गोलीबारी के बावजूद सभी तीनों कमांडर क्यूएटी के साथ माओवादियों के नजदीक पहुंचने के लिए तीन दिशाओं से रेंगकर आगे बढ़े। माओवादियों की ओर बढ़ते समय तीनों अधिकारी भारी गोलीबारी से घिरे हुए थे और आगे बढ़ने के दौरान किसी भी समय अपनी जान गवां सकते थे। अंततः वह आतंकवादी, जिसने पोजीशन संभाल रखी थी, स्कूल में इन पुलिस अधिकारियों, जो बहुत नजदीक पहुंच गए थे, की गोलीबारी द्वारा मार गिराया गया। अपनी हार का अनुमान लगाने के पश्चात अन्य माओवादियों ने पीछे हटना शुरु कर दिया। पुलिस दलों ने उनका पीछा किया, परन्तु पहाड़ियों का लाभ उठाकर वे बचकर निकल गए। तलाशी के पश्चात, एके–47, 161 राउंड के साथ 4 मैगजीन और कॉम्बैट पाउच में छिपाकर रखे हुए 1 ग्रेनेड के साथ एक माओवादी का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों द्वारा पहचान के पश्चात, मारे गए माओवादी की पहचान खूंखार माओवादी सब जोनल कमांडर तुलसी दास उर्फ विशाल के रूप में की गई, जो पिछले कई वर्षों से बहुत सक्रिय था और खूंटी–रांची–सरायकेला–चायबासा के सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों द्वारा अंजाम दी गई लगभग प्रत्येक घटना में माओवादी दल का हिस्सा था। भारत के माननीय गृह मंत्री द्वारा इस मुठभेड़ की सराहना की गई।

की गई बरामदगी :–

1. एके–47 राइफल–1
2. जिंदा राउंड (एके–47)–161
3. खाली खोखे (एके–47)–83
4. हथगोला–1
5. मैगजीन–4
6. वॉकी–टॉकी (मोटोरोला)–1
7. मोबाइल–3

पूरे अभियान में, माओवादियों की भारी गोलीबारी, माओवादियों के साथ भिड़ंत और अपने जीवन को खतरे की अत्यधिक संभावना के बावजूद उपर्युक्त कर्मियों ने कमांड/नियंत्रण, आदेशों और सौंपे गए कार्य के पालन से संबंधित अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करने में असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। जान को जोखिम में डालने वाली परिस्थितियों में उनके द्वारा प्रदर्शित संयम न केवल अनुकरणीय है, बल्कि उच्च स्तरीय साहस, शौर्य, निष्ठा, समर्पण और कर्त्तव्य की प्रतिबद्धता का भी द्योतक है। संपूर्ण अभियान के दौरान माओवादियों और गोलीबारी की तीव्रता के बीच बहुत कम दूरी के कारण मौत हमेशा लेशमात्र दूर रही।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुरेन्द्र कुमार झा, पुलिस अधीक्षक, प्रकाश रंजन मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक और हर्षपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्यस वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का चतुर्थ बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 128—प्रेज/2015—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. टी.सी. चाको,
उप पुलिस अधीक्षक

02. प्रोबिंस्टर खारबानी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.07.2014 को ओडुग्रे, जेत्राग्रे और जिंगामाग्रे गांव के बीच दुरामा रेंज के दूरवर्ती जंगल में एक जीएनएलए शिविर की मौजूदगी के बारे में स्रोत से सूचना प्राप्त हुई, जहां श्री सोहन डी. शीरा, जीएनएल का सी—एन—सी उपस्थित था।

तदनुसार, मेघालय पुलिस एसडब्ल्यूएटी (स्वैट) दल और कोबरा द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन विंग से सम्बद्ध श्री टी.सी. चाको, एमपीएस, उप पुलिस अधीक्षक, एसीबी के नेतृत्व में 10(दस) स्वैट कमांडो और कोबरा के 2 (दो) दलों वाले एक दल का गठन किया गया।

समुचित योजना और विचार—विमर्श के पश्चात यह दल दिनांक 08.07.2014 को रात 11.55 बजे विलियमनगर से पैदल निकल पड़ा। दुरामा रेंज के दुर्गम क्षेत्र से होते हुए सामान्य रास्ते को छोड़कर कच्चे रास्ते पर चलने के पश्चात, यह दल तीसरे दिन अर्थात दिनांक 11 जुलाई, 2014 को लगभग सुबह 06.30 बजे लक्षित क्षेत्र में पहुंचा। इस दल ने एक झोपड़ी देखी, जो रसोई की तरह दिखती थी और उसके नजदीक 4—5 सशस्त्र काडर थे। अचानक चारों ओर तैनात संत्रियों द्वारा आधुनिक स्वचालित हथियारों अर्थात एके सीरीज, एचके, पिस्तौल आदि का प्रयोग करके गोलीबारी की गई। पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और लगभग 10 मिनट तक गोलीबारी चली। पुलिस दल दो भागों में बंट गया और श्री टी.सी. चाको, एमपीएस के नेतृत्व में स्वैट ने दायीं ओर मोर्चा संभाल लिया जबकि उप कमांडेंट श्री राजन सिंह के नेतृत्व में कोबरा ने बायीं ओर मोर्चा संभाल लिया। तेज गोलीबारी के कारण पुलिस दल को आगे बढ़ना पड़ा। श्री टी.सी. चाको, एमपीएस अपने साथी बीएनसी प्रोबिंस्टर खारबानी के साथ दाईं ओर से आगे बढ़े और उनके पीछे स्वैट दल भी गया, जबकि श्री राजन सिंह अपनी साथी के साथ बाकी दल से कवर फायर लेते हुए दायीं ओर से आगे बढ़े। श्री टी.सी. चाको, एमपीएस के आगे बढ़ते हुए साथी ने एक उग्रवादी को गोली से मार गिराया जिसकी बाद में स्वर्गीय तेंरासरांग एम संगमा के रूप में पहचान की गई जो जीएनएलए के श्री सोहन डी. शीरा, सी—एन—सी का भतीजा और अंगरक्षक था। मारा गया उक्त जीएनएलए उग्रवादी जीएनएलए का विस्फोटक विशेषज्ञ भी था। श्री टी.सी. चाको, एमपीएस के नेतृत्व वाला दल, जो आगे से नेतृत्व कर रहा था, पहाड़ी की ओर आगे बढ़ गया, जहां से तेज गोलीबारी जारी थी। यद्यपि सीएनसी की अधिकतम गोलीबारी की ताकत चरम पर थी और इस तथ्य के बावजूद कि पुलिस दल असुरक्षित स्थिति में आगे बढ़ रहे थे, श्री टी.सी. चाको, एमपीएस ने अपने साथी बीएनसी प्रोबिंस्टर खारबानी के साथ पहाड़ी की चोटी तक पहुंचने में दल का नेतृत्व किया जिसने शेष उग्रवादियों को घने जंगल और भारी गोलीबारी का लाभ उठाकर भागने के लिए मजबूर कर दिया।

पहाड़ी की चोटी की स्थिति और पुलिस दल की तुलना में उग्रवादियों की विहंगम दृष्टि की परवाह किए बगैर, श्री टी.सी. चाको, एमपीएस ओर उनका दल जीएनएलए काडरों के शिविर की ओर निडरतापूर्वक आगे बढ़ गया। दूसरी ओर से लगातार गोलीबारी के बावजूद श्री टी. सी. चाको एमपीएस ने अपनी निर्णय लेने की क्षमता और विद्रोह रोधी क्षेत्र में अपने लम्बे अनुभव की वजह से जीएनएलए काडरों की अंधाधुंध गोलीबारी को रोकने में सफलता प्राप्त की और उन्हें सभी सामग्रियों और कीमती सामान को छोड़कर उक्त शिविर से भागने के लिए मजबूर कर दिया। श्री टी.सी. चाको, एमपीएस द्वारा दिनांक 11 जुलाई, 2014 को अभियान में जिसमें एक खूंखार जीएनएलए उग्रवादी मारा गया जान को जोखिम में डालने वाली गंभीर परिस्थिति के दौरान प्रदर्शित असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ निश्चय का सम्मान किए जाने की आवश्यकता है।

की गई बरामदगी :–

- मैगजीन के साथ 7.65 एम एम पिस्तौल – 01
- 7.56 एमएम के जिंदा राउंड – 06
- 09 एम एम के जिंदा राउंड – 13
- 7.65 एमएम का खाली खोखा – 01
- एच ई मोर्टर बम – 05
- आरपीजी बम – 01
- पिस्तौल होल्डर – 13
- 12 बोर की बंदूक के कारतूस – 185
- 12 बोर की बंदूक के खाली खोखे – 23
- तार सहित डेटोनेटर – 14
- आईईडी टाइमर – 07
- सर्किट – 18
- सर्किट प्रोटेक्टर – 02
- तांबे की रोल – 01
- एपिक कार्ड – 04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री टी.सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक एवं प्रोबिंस्टर खारबानी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 129–प्रेज/2015—राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गोएरा टी. संगमा, उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02 ड्रसिंग के. शबोंग, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

03 पाइरखात मिनोत नोंगसेज, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

04 संजय कुमार रे, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

05. सुशील महतो, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

06. तुषार एफ.एन. मारक, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.08.2014 को लगभग सुबह 6.30 बजे जब स्वैट कमांडो का पुलिस दल और विलियमनगर पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक टी. संगमा, श्री टी.सी. चाको, एमपीएस के नेतृत्व में क्षेत्र में जीएनएलए और उल्फा आतंकवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर टोमबोलग्रे और सोंगमाएनगोक गांवों की तलाशी करने के लिए आगे बढ़ रहे थे और सोंगमाएनगोक गांव के नजदीक जंगल में पहुंचने पर, बोलकिंग्रे गांव के अंजनमोमिन उर्फ जिम्मी, विलियमनगर के घोषित क्षेत्रीय कमांडर के नेतृत्व में लगभग 20 (बीस) आतंकवादियों के गुट ने पहाड़ी की चोटी से आधुनिक स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की और लगभग 10 मिनट तक आतंकवादियों के साथ परस्पर गोलीबारी की। उग्रवादी

पहले से ही सुरक्षित स्थान पर थे जिसने पुलिस दल को अलाभप्रद स्थित में कर दिया, तथापि, भारी गोलीबारी के बावजूद उप निरीक्षक गोएरा टी. संगमा और उनका दल नामतः बीएनसी ड्रसिंग के. शाबोंग, बीएनसी पाइरखातमिनोत नोंगसोज, बीएनसी संजय कुमार रे, बीएनसी सुशील महतो और बीएनसी तुषार एफ.एन. मारक अपने दल के सदस्यों, जो साथ–साथ उग्रवादियों के स्थान की ओर बढ़ रहे थे, की कवर फायर के भीतर निडरतापूर्वक पहाड़ी की चोटी की ओर बढ़ा। पुलिस दल ने जिस गति और रणनीति के साथ जवाबी कार्रवाई की और शिविर को नष्ट किया, उसके परिणामस्वरूप 3(तीन) सशस्त्र उग्रवादी मारे गए और अन्य बचे हुए उग्रवादी घने जंगल और लगातार गोलीबारी का फायदा उठाकर भागने पर मजबूर हो गए। गोलीबारी रुकने के पश्चात, घटना स्थल की तलाशी की गई और निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की गईं: 5(पांच) मैगजीनों और जिंदा कारतूसों के साथ 1(एक) एसएलआर राइफल, 4 मैगजीनों और जिंदा कारतूसों के साथ 2 (दो) पिस्तौल, 2 (दो) वायरलैस सेट और नान–इलेक्ट्रिक डेटोनेटर तथा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्रियां।

श्री गोयरा टी. संगमा और उनके दल ने दिनांक 21 अगस्त, 2014 के अभियान में जान को गंभीर जोखिम में डालने वाली स्थिति के दौरान असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। क्षेत्र में अत्यधिक खूंखार आतंकवादी गुट के छिपने के स्थान को नष्ट करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी और इससे आतंकवादी संगठन के ढांचे और मनोबल को गहरा आघात पहुंचा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गोएरा टी. संगमा, उप निरीक्षक, ड्रसिंग के शबोंग, कांस्टेबल, पाइरखात मिनोत नोंगसेज, कांस्टेबल, संजय कुमार रे, कांस्टेबल, सुशील महतो, कांस्टेबल और तुषार एफ.एन. मारक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 130–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री टी.सी. चाको,
उप पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.08.2014 को यह सूचना प्राप्त हुई कि विलियमनगर क्षेत्र के स्वघोषित एरिया कमांडर अजय मोमिन ऊर्फ जिम्मी के नेतृत्व में जीएनएलए और उल्फा के लगभग 20(बीस) भारी हथियारबंद उग्रवादियों का गुट सोंगमा एनगोकग्रे गांव और टोंगबोलग्रे गांव के बीच अराबेला रेंज के सामान्य क्षेत्र में छिपे हुए हैं।

उक्त सूचना प्राप्त होने पर, ऑपरेशन विंग से जुड़े हुए श्री टी.सी. चाको, एमपीएस (एसीबी) के नेतृत्व में मेघालय पुलिस के 28 स्वैट (एसडब्ल्यूएटी) कमांडो और उप निरीक्षक जी.टी. संगमा के एक पुलिस दल का गठन किया गया। समुचित योजना और विचार–विमर्श के पश्चात, 30 पुलिस कर्मियों वाला अभियान दल दिनांक 20.08.2014 को लगभग रात्रि 11 बजे विलियमनगर से निकल पड़ा।

इस दल ने उनको सौंपे गए पहले से ही चुनौतीपूर्ण कार्य में उनकी सहायता के लिए किसी भी कृत्रिम रोशनी के बिना रात में लगभग 6 घंटे पैदल चलकर ऊबड़–खाबड़ क्षेत्र और घने जंगल को पार किया। सभी प्राकृतिक खतरों को पार करने के पश्चात दिनांक 21.08.2014 को लगभग सुबह 6.30 बजे सोंगमा एनगोकग्रे गांव के आस–पास अचानक दो हथियार बंद उग्रवादी, जो संतरी की डयूटी पर थे, ने पुलिस दल को देख लिया और लगभग 100 मीटर की दूरी से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद वहां शरण लिए हुए बाकी उग्रवादियों द्वारा उसी दिशा से तेज गोलीबारी की गई। गोलीबारी की आवाज से अभियान दल ने यह सुनिश्चित किया कि उग्रवादी पुलिस दल को अपने स्थान की ओर आगे बढ़ने से रोकने के लिए ए.के सीरीज की राइफल्स, एचएंडके राइफल्स, एसएलआर और इंसास आदि जैसी आधुनिक राइफलों का प्रयोग कर रहे हैं।

यद्यपि पुलिस दल नीचे की ओर था और उग्रवादियों ने पहले से ही सुरक्षित स्थान पर कब्जा कर रखा था, तथापि, उप पुलिस अधीक्षक टी.सी. चाको 8 अन्य कमांडो के साथ उग्रवादियों की ओर से तेज गोलीबारी के हमले के बावजूद बगैर किसी प्राकृतिक आड़ के अपनी जान की परवाह किए बिना उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े, जबकि बाकी दल ने कवर फायर प्रदान किया। उनको अपने छिपने के सुरक्षित स्थान से निकालने की आवश्यकता को महसूस करते हुए अधिकारियों तथा पुलिस कर्मियों ने अपने समक्ष आए खतरे का बहादुरी से सामना किया और शिविर के स्थान की ओर बढ़े जहां से वे लगातार उन आतंकवादियों से जूझ रहे थे जो आगे बढ़ रहे पुलिस दल को रोकने की कोशिश कर रहे थे। श्री टी.सी. चाको, ने आगे से दल का नेतृत्व करने में उल्लेखनीय धैर्य और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और उनके व्यक्तिगत प्रयास और नेतृत्व के कारण ही लगभग 20 मिनट चली भयंकर गोलीबारी में 3(तीन) हथियार बंद उग्रवादी अर्थात् 2 (दो) जीएनएलए और 1(एक) उल्फा उग्रवादी घटनास्थल पर मारे गए और कई घायल हो गए। बाद में तकनीकी और मानवीय आसूचना रिपोर्टों से इस बात की पुष्टि हुई कि घायल होने की वजह से 3(तीन) और जीएनएलए उग्रवादियों की जंगल में मौत हो गई थी और 9 अन्य घायल हो गए थे जिसमें से तीन की हालत संभावित रूप से गंभीर है। संपूर्ण घटना स्थल की

भलीभांति तलाशी करने के पश्चात, मारे गए उग्रवादियों और उनके छिपने के स्थान से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद तथा आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद हुईं :–

1. 1 (एक) एसएलआर राइफल।
2. 5 (पांच) एसएलआर मैगजीन (चार अच्छी स्थिति में और एक गोली से क्षतिग्रस्त)
3. 7.62 एम एम के जिंदा गोलाबारूद–49 (उनन्चास)।
4. 1 (एक) मैगजीन के साथ 1 एक पिस्तौल।
5. 3(तीन) मैगजीनों के साथ 1(एक) 7.65 एम एम पिस्तौल।
6. 4(चार) अज्ञात क्षमता के जिंदा गोलाबारूद।
7. 7(सात) 7.65 एम एम के जिंदा गोलाबारूद।
8. 1(एक) अज्ञात क्षमता का जिंदा गोलाबारूद।
9. 3 (तीन) क्षतिग्रस्त खाली खोखे।
10. 2(दो) नान इलेक्ट्रिक डोटोनेटर।
11. एयरटेल सिमकार्ड के साथ 1(एक) नोकिया मोबाइल फोन।
12. एयरटेल सिमकार्ड के साथ 95815561079 1(एक) नोकिया मोबाइल फोन।
13. वोडाफोन और आइडिया सिम कार्डों के साथ 1 (एक) नोकिया मोबाइल फोन।
14. 5(पांच) अतिरिक्त सिम कार्ड (दो एयरसेल, एक रिलाएंस, एक बीएसएनएल और एक वोडाफोन)।
15. 1(एक) वायरलेस हैंडसेट।
16. 1(एक) चीन निर्मित वाकी टॉकी।

उप पुलिस अधीक्षक टी.सी. चाको द्वारा अदम्य वीरता और अनुकरणीय नेतृत्व के उपर्युक्त प्रदर्शन से न केवल 6(छह) उग्रवादी मारे गए और 9(नौ) घायल हुए, बल्कि किसी भी पुलिस कर्मी के घायल अथवा हताहत हुए बिना हथियारबंद उग्रवादियों के अचानक हमले में घिरे पूरे पुलिस दल की कीमती जानों को भी बचाया जा सका।

इस अभियान से जीएनएलए गुट को गहरा आघात पहुंचा और अभियान की सफलता इस तथ्य का पर्याप्त प्रमाण है कि अधिकारी ने अपने निर्धारित कर्तव्य से अधिक नेतृत्व की गुणवत्ता और उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन किया है।

इस मुठभेड़ में श्री टी. सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 131–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गुरलाल सिंह,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.06.2014 को, एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गुरुशरणजीत सिंह उर्फ शेरा पुत्र रूप सिंह जाट, निवासी गांव सेवेवाला, पुलिस स्टेशन जैतू, जिला फरीदकोट और देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह निवासी बबीहा भाई का, पुलिस स्टेशन स्मालसर, जिला मोगा, जिसके खिलाफ हत्या और अन्य जघन्य अपराधों के एक दर्जन मामले लंबित हैं और जो गिरफ्तारी से बच रहे हैं, अपने अन्य सहयोगियों से मिलने के लिए लुधियाना बस स्टैंड पर आ रहे हैं। इसलिए श्री सुखदेव सिंह बरार, पीपीएस, डीएसपी (एसडी), जैतू के पर्यवेक्षण में सैन्य बल को लुधियाना भेजा गया। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह भी निरीक्षक लखवीर सिंह प्रभारी, सीआईए स्टाफ, फरीदकोट, जो ए के–47 से सज्जित थे, के साथ लुधियाना बस स्टैन्ड पर तैनात थे। लगभग शाम 5.00 बजे उपर्युक्त अभियुक्त स्लेटी रंग की रिट्ज, जिसे उन्होंने मुक्तसर शहर से छीनी थी, में लुधियाना बस स्टैण्ड पहुंचे। परन्तु जैसे ही वे पहुंचे, उन्होंने पुलिस की

मौजूदगी को भांप लिया और तुरंत भरत नगर चौक, लुधियाना की ओर भाग गए। निरीक्षक लखवीर सिंह और हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने लगभग 1/1.5 कि.मी. तक एक प्राइवेट कार में उनका पीछा किया। अभियुक्तों ने बसरा होटल, लुधियाना के नजदीक जागरॉन रोड़ पर भारी ट्रैफिक के कारण अपनी कार रोक दी और पिस्तौलों के साथ कार से उतर गए तथा हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह और निरीक्षक लखवीर सिंह पर गोलीबारी की। अभियुक्त देवेन्द्र सिंह व्यस्त शॉपिंग मॉल की ओर भाग गया जिसमें उस समय लोगों की भीड़ थी। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने देवेन्द्र सिंह का पीछा किया, देवेन्द्र सिंह ने अपने स्वचालित पिस्तौल से हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह पर गोली चलाई। दो गोलियां हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह के सिर के पास से निकल गईं परन्तु भाग्यवश उन्हें चोट नहीं लगी। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह बिना किसी डर के अभियुक्त का पीछा करते रहे। अभियुक्त एक व्यस्त गली में घुस गया, हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह के पास स्वयं को गोलीबारी से बचाने के दो विकल्प थे अर्थात् या तो अपनी जान बचाना अथवा अभियुक्त को गिरफ्तार करना, परन्तु हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने दूसरा विकल्प चुना। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने बिना किसी डर के, अपने कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए और इस बात की परवाह न करके कि वे मारे जा सकते हैं अथवा घायल हो सकते हैं लोगों को बचाते हुए देवेन्द्र सिंह, जो एच सी गुरलाल सिंह पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था, के और नजदीक जाकर अपनी एके–47 से जवाबी गोलीबारी की। वे अभियुक्त के नजदीक पहुंचने में सफल हो गए, उसकी बाजू को जख्मी कर दिया और उसे अकेले ही दबोच लिया। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने अपनी जान को जोखिम में डालकर भयभीत हुए बिना अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और इस प्रकार आम लोगों को बचाया। हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह का यह कार्य अत्यधिक प्रशंसनीय है। निरीक्षक लखवीर सिंह ने उनके बहादुरीपूर्ण कार्य के लिए हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह की पीठ थपथपाई। देवेन्द्र सिंह के पास से .32 बोर के 22 जिंदा कारतूसों के साथ .32 बोर की एक विदेशी पिस्तौल बरामद की गई। देवेन्द्र सिंह से और पूछताछ करने पर भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया जिसमें .32 बोर की 02 पिस्तौलें, .12 बोर के 40 कारतूस, .315 बोर के 30 कारतूस और .32 बोर के 10 कारतूस शामिल हैं। उक्त देवेन्द्र सिंह सुपारी किलर गैंग का सरगना था जो पंजाब के विभिन्न जिलों में अपराधों में संलिप्त था।

हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह यह तथ्य जानकर भी हतोत्साहित नहीं हुए कि अभियुक्त गोलाबारूद से लैस था। इस मुठभेड़ के अंतिम चरण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (एसडी) जैतू श्री सुखदेव सिंह बरार, पीपीएस के नेतृत्व में एक पुलिस दल घटना स्थल पर पहुंचा और हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह की उनके अत्यधिक सफलतापूर्ण कार्य के लिए पीठ थपथपाई।

ऊपर उल्लिखित तथ्यों से, पर्याप्त रूप से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हेड कांस्टेबल गुरलाल सिंह ने भारी हथियारों से लैस अपराधियों के साथ नजदीकी लड़ाई लड़ने में अनुकरणीय साहस, सूझबूझ मजबूत दृढ़ निश्चय, नेतृत्व की उच्च भावना, जिम्मेदारी और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में श्री गुरलाल सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.06.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 132–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बलजीत सिंह, (मरणोपरांत)
पुलिस अधीक्षक

02. बलबीर सिंह,
निरीक्षक

03. तारा सिंह,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.07.2015 को लगभग सुबह 5.00 बजे अत्याधुनिक और अत्यन्त परिष्कृत हथियारों के साथ तीन हथियारबंद आतंकवादियों ने सेना की वर्दी में जिला गुरदासपुर के दीनानगर में प्रवेश किया। सर्वप्रथम उन्होंने यात्रियों को मारने के इरादे से पंजाब रोड़वेज की एक बस को निशाना बनाया, लेकिन ड्राइवर वहां से यात्रियों सहित उस बस को सुरक्षित रूप से लेकर निकल गया। फिर इन आतंकवादियों ने एक मारुति कार छीनी और पुलिस स्टेशन दीनानगर पर, वहां उपस्थित पुलिस कर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए, हमला कर दिया। श्री बलजीत सिंह, एसपी सूचना प्राप्त होने पर अपने पंजाब पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आगे का मोर्चा संभाला तथा जवाबी गोलीबारी में आतंकवादियों को उलझा दिया, ताकि आतंकवादी वहां से बच निकलने की कोशिश न करें। दुर्भाग्यवश आतंकवादियों की एक गोली श्री बलजीत सिंह,

पीपीएस, एसपी के सिर में लगी जिसके परिणामस्वरूप वे गिर पड़े और घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इसी बीच, निरीक्षक बलबीर सिंह सहित कुछ और पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गए, जिन्होंने अपने पुलिस कर्मियों के साथ एक भवन की छत पर मोर्चा संभाल लिया जो उस भवन के नजदीक था जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालते हुए आतंकवादियों की गोलीबारी का जोरदार ढंग से जवाब दिया तथा उनको उलझा दिया, ताकि वे उस भवन से बचकर नहीं निकल सकें और घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश न कर सकें। परन्तु जवाबी गोलीबारी के दौरान निरीक्षक बलबीर सिंह की बाई बाजू में गोली लग गई, किन्तु उन्होंने धैर्य नहीं छोड़ा और बहादुरी से आतंकवादियों पर गोलीबारी करते रहे। इसी बीच, उनके पेट के बायीं ओर एक और गोली लग गई, जिसके परिणामस्वरूप, उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उसी समय भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच गया, जिसने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। चूंकि अभियान लम्बा होता जा रहा था, अतः सूर्यास्त से पहले इसे समाप्त करना आवश्यक था क्योंकि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग सकते थे। इस बिंदु पर विचार करते हुए पुलिस बल ने अपनी रणनीति बदल ली और लगभग अपराह्न 3.00 बजे जब अंतिम हमले को अंजाम दिया जा रहा था, तब हेड कांस्टेबल तारा सिंह ने एक साहसिक निर्णय लिया और वे एक नजदीकी भवन की छत पर चले गए और आगे मोर्चा संभाल कर उन्होंने आतंकवादियों पर कई हथगोले फेंके। इस कार्रवाई के दौरान, आतंकवादियों का ध्यान भंग करने और हेड कांस्टेबल तारा सिंह को कवर फायर देने के लिए पुलिस बलों द्वारा भारी गोलीबारी की गई। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, जिस भवन में आतंकवादी छिपे हुए थे, क्षतिग्रस्त हो गया। इससे आतंकवादियों का पूर्ण रूप से सफाया करने में बड़ी सहायता मिली। श्री बलजीत सिंह, पीपीएस, एसपी और निरीक्षक बलबीर सिंह की सूझबूझ, हिम्मत और संगठित प्रयासों के कारण ही आतंकवादी भवन के अंदर घिरे रहे और वहां से बाहर नहीं आ सके, अन्यथा, यह घातक हो जाता और इसके परिणामस्वरूप और पुलिसकर्मी तथा आम लोग मारे जाते। घटनास्थल से 3 एके राइफलें, एके–47 राइफल की 17 मैगजीनें, 85 जिंदा कारतूस, 220 खाली कारतूस, 01 ग्रेनेड लांचर, 01 बगैर फटा ग्रेनेड और 02 जीपीएस डिवाइस बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन दीनानगर में दिनांक 27.07.2015 को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 382, 120–ख/34, आयुध अधिनियम की धारा 25, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5, सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एक मामला एफआईआर सं. 71 दर्ज किया गया है।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री बलजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, बलबीर सिंह, निरीक्षक और तारा सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य1 वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.07.2015 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 133–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री फैज मोहम्मद, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15.11.2014 को फैज मोहम्मद अन्य व्यक्तियों के साथ एक सेंधमारी की घटना की छानबीन के पश्चात पुलिस जीप में भनवाटा गांव से वापस आ रहे थे। एक संकरी सड़क पर वे एक सफेद स्कॉर्पियो से आमने–सामने टकरा गए। स्थिति से अचंभित होकर, पुलिस कर्मियों ने सवारियों को पहचानने की कोशिश की। इसी बीच सफेद स्कॉर्पियो तेजी से चल पड़ी और आमने–सामने टकरा गई तथा उन्होंने पुलिस बलों को चुनौती दी। इसने पुलिस वाहन को टक्कर मार कर बगल में कर दिया और पुलिस जीप पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। जो व्यक्ति सफेद स्कॉरपियो के भीतर थे, वे खूंखार अपराधी विजेन्द्र सिंह और मदन सिंह थे। जीप को कई गोलियां लगीं। पुलिसकर्मी बहादुरी से वाहन से बाहर कूद गए और सफेद स्कॉरपियो पर हमला कर दिया और उनको लाठी तथा हाथों के वार से हतोत्साहित कर दिया। हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद ने बिना डरे अपराधी मदन सिंह को बाहर खींच लिया और उसे अपने हाथों से मजबूती के साथ दबोच लिया। मदन सिंह को बचाने के लिए विजेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद पर हमला कर दिया। उसने हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद के चेहरे और जबड़ों पर गन की बट से जोरदार प्रहार किया। अपराधी को गिरफ्तार करने की भावना बहुत मजबूत थी और हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद ने मदन सिंह को नहीं छोड़ा। इसके बाद हुई लड़ाई में विजेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद के चेहरे पर गोली मार दी, जिसके परिणामस्वरूप वे गिर पड़े। आघात के बावजूद, पुलिस कर्मियों ने अपराधियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की, उनका पीछा किया, कई हथियार, गोलियां, वाहन आदि बरामद किए और साथ ही साथ हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद को अस्पताल में पहुंचाया। अपराधी विभिन्न हथियारों से पूरी तरह लैस थे और उन्होंने कई राउंड गोलियां चलाईं।

अतिरिक्त बल और सहायता मांगी गई। भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 332, 353, 336, 337, 338, 355, 323, 324, 325, 326, 341, 34, 120ख, पीडीपीपी अधिनियम की धारा 3, आयुध अधिनियम की धारा 3, 7, 25 के तहत एक मामला एफ आई आर 375/14 दर्ज किया गया और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। हेड कांस्टेबल फैज मोहम्मद के बहादुरीपूर्ण कार्य से पांच आग्नेयास्त्र, सौ से अधिक कारतूस, सैंतालीस मोबाइल फोन, एक सौ दस सिम कार्ड, बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलमेट और कई अपराधियों के सुराग जब्त किए गए जिससे कई अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और क्षेत्र में शांति और कानून की व्यवस्था सुनिश्चित हुई।

फैज मोहम्मद हेड कांस्टेबल के वीरतापूर्ण कार्य ने पुलिस विभाग के सेवा आदर्श को बरकरार रखा और अपराध तथा अपराधियों से लड़ने में अन्य सभी लोगों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान समाज और विभाग की वफादारी से सेवा की और उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक बहादुरी से अपने कर्तव्य का निर्वाह किया।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री फैज मोहम्मद, कांस्टेबल ने अदम्ये वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.11.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 134–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अवनीश गौतम,
उप निरीक्षक

02. अक्षय शर्मा,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री अवनीश गौतम, एस आई सीपी/एस.ओ., पुलिस स्टेशन कविनगर, गाजियाबाद निरीक्षक एसओजी के साथ मिलकर नजदीकी नवनिर्मित जिला पंचशील नगर के औद्योगिक और व्यावसायिक केन्द्र एवं घनी आबादी वाले हापुड़ शहर में दिनांक 18.10.2011 को स्कूल जाते समय एक 09 साल के स्कूली बच्चे, पार्श्व जैन के अपहरण की सनसनीखेज घटना के समाधान से संबंधित कार्य करने में लगे हुए थे। बाद में अपहरणकर्ता 20,00000/– रु. की फिरौती की मांग कर रहे थे, जिससे स्कूली बच्चों के अभिभावकों और आम लोगों में दहशत पैदा हो गई थी। श्री अवनीश गौतम फिरौती की राशि प्राप्त करने अथवा बच्चे को दिल्ली में कहीं स्थानांतरित करने के लिए एक स्कॉरपियो वाहन में ग्राम दसतोई, मुरादनगर क्षेत्र में अपहृत बच्चे पार्श्व जैन के साथ अपहरणकर्ताओं की गतिविधि के बारे में दिनांक 22.10.2011 को निरीक्षक एसओजी से सूचना प्राप्त होने पर तुरंत हरकत में आ गए और अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने की रणनीति पर निरीक्षक एसओजी के साथ विचार–विमर्श करते हुए पुलिस दल के साथ पुलिस वाहनों में दसतोई गांव की ओर चल पड़े। जब पुलिस दल ग्राम सदरपुर–दुहाई माइनर कनाल बैंक रोड और बापूधाम आवासीय परियोजना के तिराहे पर पहुंचा, तो उन्होंने वहां रणनीतिक ढंग से पोजीशन ले ली और अपहरणकर्ताओं के आने की प्रतीक्षा करने लगे।

कुछ समय के पश्चात, उन्होंने दुहाई की ओर से संदिग्ध स्कॉरपियो को आते हुए देखा और एक कार गोविन्दपुरम की ओर से भी आती हुई दिखी और दोनों वाहन एक दूसरे के आमने–सामने रुक गए और श्री अवनीश गौतम तथा निरीक्षक एसओजी ने देखा कि स्कॉरपियो में सवार व्यक्ति नीचे उतरा और कार में सवार व्यक्ति बैग के साथ नीचे उतरा तथा इसे सौंपने के लिए स्कॉरपियो की ओर बढ़ा। यह सुनिश्चित करके कि उनके बीच गुप्त डील हुई है, उन्होंने शीघ्र अपना स्थान छोड़ दिया और निडरतापूर्वक आगे बढ़े, परन्तु शातिर और चालाक अपहरणकर्ताओं ने पुलिस को देखकर तुरंत पुलिस दल की ओर लगातार गोलीबारी शुरू कर दी और श्री अवनीश गौतम, हेड कांस्टेबल अक्षय शर्मा और एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। श्री अवनीश गौतम ने अपहरणकर्ताओं की खतरनाक गोलीबारी से विचलित हुए बिना निडरतापूर्वक पुलिस दल का नेतृत्व किया और घायल होने के बावजूद उन्होंने स्वयं घायल हेड कांस्टेबल अक्षय शर्मा के साथ अनुकरणीय साहस और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण की उच्च भावना का प्रदर्शन किया और रणनीतिक ढंग से उन पर झपटे तथा पुलिस दल ने उनका अनुकरण किया और लगभग सुबह 03.30 बजे बलपूर्वक 06 अपहरणकर्ताओं को जिंदा गिरफ्तार कर लिया। अपहरणकर्ताओं के साथ आमने–सामने की भीषण मुठभेड़ में दो अपहरणकर्ता अंधेरे में बच निकले, यद्यपि उनका पीछा किया गया, परन्तु उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका, जबकि 06 गिरफ्तार किए गए अपहरणकर्ताओं की पहचान ललित, राजकुमार, कन्हैया, शिवराम, पप्पू और इकबाल दोनों टप्पल, अलीगढ़ के निवासी के रूप में की गई और उनके पास से अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र और गोलाबारूद, अपहृत बच्चे के पिता श्री अमित जैन द्वारा दी जाने वाली 17,00,000/– रु. की फिरौती की राशि तथा स्कॉरपियो कार मिली और स्कॉरपियो में बंद अपहृत बच्चे पार्श्व जैन को सफलतापूर्वक बचा लिया गया।

की गई बरामदगी :

1. मैगजीन और 7.65 बोर के जिंदा कारतूसों के साथ एक फैक्टरी निर्मित स्वचालित पिस्तौल।

2. मैगजीन और .32 बोर के जिंदा कारतूसों के साथ एक फैक्टरी निर्मित पिस्तौल।

3. मैगजीन, .32 बोर के 3 जिंदा कारतूसों और 01 प्रयुक्त कारतूस के साथ देशी पिस्तौल।

4. मैगजीन, .315 बोर के 09 जिंदा कारतूसों और 03 प्रयुक्त कारतूसों के साथ तीन देशी पिस्तौल।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अवनीश गौतम, उप निरीक्षक तथा श्री अक्षय शर्मा हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22.10.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 135–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	विनोद कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	अविनाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	अभय कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	देवेन्द्र कुमार चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	दिलीप सिंह, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
06.	पन्ना लाल, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

उत्तर प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी जिले–मिर्जापुर, चंदौली और सोनभद्र वामपंथी उग्रवादियों (एम सी सी और पी डब्ल्यू जी) की आपराधिक गतिविधियों से बुरी तरह प्रभावित हैं। इन जिलों में, नक्सलवादी गुटों ने अनगिनत हत्याओं, फिरौती के लिए अपहरणों, डकैतियों और लूटपाट को अंजाम दिया था। लोग नक्सलवादी समूहों के हमलों से लगातार भय और आंतक में रह रहे थे। दिनांक 09.03.2001 को मुखबिर से यह सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्रीय कमांडरों के नेतृत्व में दर्जनों नक्सलवादी पुलिस स्टेशन मड़िहान, जिला मिर्जापुर के भवानीपुर गांव में मौजूद हैं। वे घातक हथियारों से लैस हैं और जघन्य अपराधों को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। विभिन्न पुलिस स्टेशनों के पुलिस बलों को तत्काल इकट्ठा किया गया। बल ने आसूचना जानकारी को सत्यापित किया और फिर पूरे गांव की घेराबंदी की। स्टेशन अधिकारी, मड़िहान, श्री दिलीप सिंह ने नक्सलवादी गुटों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी जिसका नक्सलवादी गुटों के सदस्यों द्वारा पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करके जवाब दिया गया। श्री दिलीप सिंह, स्टेशन अधिकारी मड़िहान, कांस्टेबल नामवर सिंह और अन्य कार्मिकों ने आत्मरक्षा में और बदमाशों की गोलीबारी को नियंत्रित करने के लिए गोलीबारी की। इस गोलीबारी में, श्री दिलीप सिंह, उप निरीक्षक और कांस्टेबल नामवर सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलियां लगने के बावजूद, श्री दिलीप सिंह और कांस्टेबल नामवर सिंह ने घेराबंदी को मजबूत करने तथा नक्सलवादी गुटों को परास्त करने के लिए अपने साथियों को प्रोत्साहित किया। इस संकट की घड़ी में दोनों ने अत्यधिक रक्तसा्व के बावजूद असाधारण साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। श्री अविनाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक, मिर्जापुर ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने भारी मात्रा में बल को इकट्ठा किया और स्वयं श्री देवेन्द्र कुमार चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ मुठभेड़ स्थल की ओर चल पड़े। उन्होंने डेढ़ घंटे के भीतर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। भवानीपुर गांव की घेराबंदी मजबूत कर दी गई। गांव से लम्बी दूरी तक गोलियों की आवाज सुनाई देती थी। श्री अविनाश चन्द्र ने ऐसी विपरीत परिस्थिति में पूरे अभियान की योजना बनाई, नेतृत्व किया तथा उसे अंजाम दिया, जब दो पुलिसकर्मी पहले ही नक्सलवादी गुटों की गोलियों से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने अपने वाहन के माइक से गांव वालों को गांव से बाहर निकलने की उदघोषणा की। उनके द्वारा सुरक्षा का बार–बार मौखिक आश्वासन दिए जाने पर महिलाओं, बच्चों और बूढ़ों सहित गांव वाले बाहर आ गए। उन्हें नजदीक से गुजर रही सूखी नहर में सुरक्षित स्थान पर रखा गया। परन्तु नक्सलवादी गुट पुलिस बलों को परास्त करने के लिए लगातार गोलीबारी करते रहे। श्री अविनाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक, मिर्जापुर, श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक वाराणसी जोन, उप महानिरीक्षक, विंध्याचल रेंज, उप महानिरीक्षक वाराणसी रेंज और श्री अभय कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के नेतृत्व में विभिन्न दल बनाए गए। ये विभिन्न दल नक्सलवादी गुट के सदस्यों को परास्त और गिरफ्तार करने के लिए अलग–अलग दिशाओं से पूरे गांव को कवर करते हुए घर–घर की तलाशी अभियान के लिए सावधानीपूर्वक निकल पड़े।

पहले पुलिस दल का नेतृत्व श्री अविनाश चन्द्र द्वारा किया गया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक, मिर्जापुर, श्री देवेन्द्र कुमार चौधरी और उप निरीक्षक पन्ना लाल तथा अन्य कार्मिक शामिल थे। ये अधिकारी प्राकृतिक छिपने के स्थानों का सहारा लेकर रेंगकर

घरों की ओर बढ़ रहे थे। उन पर बमों से हमला किया गया तथा राइफलों और बंदूकों से गोलीबारी की गई। इस समय उन्होंने अपने हथियारों से गोलीबारी करके असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। श्री अविनाश चन्द्र, श्री देवेन्द्र कुमार चौधरी और उप निरीक्षक पन्ना लाल ने अपनी राइफलों से गोलीबारी की। इन तीनों अधिकारियों ने एक ओर से नक्सलवादी गुट के हमले को नियंत्रित करने के लिए साहस, बहादुरी और सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व का प्रदर्शन किया। श्री विनोद कुमार सिंह, महानिरीक्षक, वाराणसी जोन ने नक्सलवादी गुट के सदस्यों की घेराबंदी, तलाशी और गिरफ्तारी करने के लिए पुलिस दल के साथ एक दल का नेतृत्व स्वयं किया। उन पर आग्नेयास्त्रों से अंधाधुंध गोलीबारी की गई। इस दल ने आत्मरक्षा में और गोलीबारी करने वाले गुट को नियंत्रित करने के लिए गोलीबारी की। वहां पर भीषण मुठभेड़ हुई। श्री सिंह ने सभी दलों को प्रोत्साहित किया और वे अन्तिम रूप से सफल अभियान के लिए हर समय मौजूद रहे। पूरे अभियान के मुख्य योजनाकार वही थे। उप महानिरीक्षक विंध्याचल रेंज ने एक ओर से घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाने के लिए एक दल का नेतृत्व किया। श्री अभय कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने घर–घर की तलाशी करने के लिए एक दल का नेतृत्व किया। जब उन पर गोलीबारी की गई, तो उन्होंने उच्च साहस का प्रदर्शन किया और पुलिस दल को परास्त करने से गुट को रोकने के लिए अपने दल का नेतृत्व किया। संपूर्ण अभियान लोगों की मौजूदगी में छह घंटे तक चला, जिसमें पूरा गांव घिर गया। इस अभियान में पंद्रह नक्सलवादी मारे गए।

बरामदगी :

1. 03 एसबीबीएल गन, 11 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 33 खाली खोखे।
2. 02 डीबीबीएल गन, 05 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 24 खाली खोखे।
3. 03 देशी पिस्तौल, 06 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 16 खाली खोखे।
4. 02 देशी पिस्तौल, 03 जिंदा कारतूस और .315 बोर के 11 खाली खोखे।
5. 02 राइफलें, 08 जिंदा कारतूस और .303 बोर के 50 खाली खोखे।
6. 01 राइफल, 03 जिंदा कारतूस और .315 बोर के खाली खोखे।
7. 02 साकेट बम।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विनोद कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक, अविनाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक, अभय कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक, देवेन्द्र कुमार चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक, दिलीप सिंह, उप निरीक्षक और (स्वर्गीय) पन्ना लाल, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.03.2001 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 136–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सुवेन्द्र कुमार भगत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार)
03.	सत्येन्द्र सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

अपने शिष्टाचार के लिए विख्यात वाले लखनऊ शहर में उस समय सभ्यता का अजीबो–गरीब पतन देखा गया, जब श्रीमती मेहर और श्री लव भार्गव (कांग्रेस पार्टी के प्रसिद्ध नेता) की पुत्रवधू का सरेआम शीलभंग किया गया और जब छेड़खानी के प्रयास का श्रीमती मेहर भार्गव द्वारा विरोध किया गया तो, निर्दयी अपराधी ने गोली से क्रूरतापूर्वक इसका जवाब दिया, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। तथापि, अपराधी उत्तर प्रदेश तथा देश के अन्य भागों में कानून का उपहास करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 50,000/– रू. के इनाम के बावजूद पहुंच से दूर रहा। राजधानी में काफी राजनैतिक हंगामा और प्रदर्शन हुए। खूंखार अपराधी के त्रिवेणी नगर से सीतापुर की ओर जाने की सूचना प्राप्त हुई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अपराधी को पकड़ने की कार्य–योजना तैयार की गई जिसमें दो दलों का गठन किया गया, एक दल को एसएसपी एसटीएफ श्री एस.के. भगत, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ श्री विजय भूषण के अधीन बिठोली तिराहे पर तथा दूसरे दल को एसएसपी लखनऊ श्री आशुतोष पाण्डे के अधीन सीतापुर रोड पर एचआईएम सिटी में तैनात किया गया।

20.05.2006 की सुबह 5.30 बजे अपराधी और उसके तीन साथी दो मोटरसाइकिलों पर मोहिबुल्लापुर से आते हुए दिखाई दिए। श्री आशुतोष पाण्डे ने अपने दल के साथियों के साथ एचआईएम सिटी में उन्हें रोकने का प्रयास किया, परन्तु अपराधियों ने उसका जवाब श्री पाण्डे पर गोलीबारी करके दिया जिसमें वे बाल–बाल बच गए। श्री भगत और श्री भूषण ने दल के अन्य साथियों के साथ डिवाइडर के दूसरी ओर से अपराधियों का पीछा किया। पीछा करने के दौरान अपराधियों की एक मोटर साइकिल फिसल गई और भयभीत अपराधियों ने श्री भगत और श्री भूषण तथा कमाण्डो सत्येन्द्र सिंह, जो उस समय अपराधियों को पकड़ने के लिए लगभग उनके नजदीक पहुंच गए थे, पर गोली चलाई। फिसलकर गिरने वाले तथा दूसरी मोटर साइकिल पर भागने वाले अपराधियों की भीषण गोलीबारी से श्री भगत और श्री भूषण तथा कमाण्डो सत्येन्द्र सिंह बीच में ही फंस गए। भगवान की कृपा से अपराधियों द्वारा चलाई गई कोई भी गोली श्री भगत और श्री भूषण तथा कमाण्डो सत्येन्द्र सिंह को नहीं लगी। तथापि, पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह किए बगैर पीछा करना जारी रखा। पुलिस द्वारा उनको दी जा रही चेतावनी को अनसुना करने और अपराधियों की ओर से गोलीबारी तेज हो जाने पर, श्री पाण्डे, श्री भगत और श्री भूषण तथा दल के अन्य साथियों के पास डिवाइडर और वाहन के पीछे आड़ लेकर जबाबी गोलीबारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। जब गोलीबारी बंद हुई, तो तीनों अधिकारी तथा उनके दल के साथी सावधानीपूर्वक घायल अपराधियों के पास पहुंचे, उस समय एक अपराधी ने दुबारा गोली चलाई जो, श्री पाण्डे के बगल से निकल गई। रणकौशल का प्रयोग करते हुए सधी हुई जवाबी गोलीबारी से अंततः वांछित अपराधी तथा उसके साथी को मार गिराया गया। बाद में उनकी पहचान अमित उर्फ सचिन पहाड़ी और विकास कन्नौजिया के रूप की गई। इस सरेआम आमने–सामने की भीषण मुठभेड़ में श्री भगत, पाण्डे और विजय भूषण ने अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया। निरीक्षक बृज किशोर सिंह, कांस्टेबल उसमान खान और कमाण्डो सत्येन्द्र सिंह ने भी अपनी जान की परवाह किए बगैर अपराधियों पर गोलीबारी की।

की गई बरामदगी :

01. .315 बोर के कारतूसों और खाले खोखे के साथ एक देशी पिस्तौल।

02. 32 बोर के कारतूसों और खाली खोखे के साथ एक देशी पिस्तौल।

03. एक मोटर साइकिल।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुवेन्द्र कुमार भगत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विजय भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक और सत्येन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का तृतीय बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.05.2006 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 137–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. गिरजा शंकर त्रिपाठी,
उप निरीक्षक

02. विजय प्रताप सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सतेन्द्र तिवारी एक कुख्यात अपराधी था, जिस पर राज्य पुलिस ने 50,000/– रु. के इनाम की घोषणा कर रखी थी। श्री गिरजा शंकर त्रिपाठी, उप निरीक्षक, प्रभारी एसओजी वाराणसी को अपराधी सतेन्द्र तिवारी के बारे में सूचना प्राप्त हुई, जो क्वालिस गाड़ी में शहर में आने वाला था, वे तत्काल हरकत में आ गए और दिनांक 11.02.2009 को अपने दल को इकट्ठा किया तथा अपराधी को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार की और इसे निष्पादित करने के लिए दो दलों का गठन किया। उनके प्रभार के अधीन एक दल तथा दूसरा दल एक अन्य उप निरीक्षक के अधीन निकल पड़ा। श्री गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में एक दल मोहन सराय बाई–पास पर पहुंचा और दूसरा दल अमरा–अखरी क्रासिंग पर पहुंचा तथा क्वालिस गाड़ी के आने का इंतजार करने लगा। एक हरे रंग की क्वालिस गाड़ी लगभग 12.35 बजे इलाहाबाद की ओर से मोहन सराय बाई–पास की तरफ आती हुई दिखाई दी जिसे गिरजा शंकर त्रिपाठी, प्रभारी, एसओजी ने रुकने के लिए इशारा किया लेकिन इसके बजाय उपर्युक्त गाड़ी में सवार लोगों ने स्पीड बढ़ा दी और इसे मुगलसराय की ओर मोड़ दिया। प्रभारी एसओजी ने तुरंत रणनीतिक ढंग से उक्त गाड़ी का पीछा किया, परन्तु अपराधी, जो उक्त संदिग्ध गाड़ी में अकेले सवार था, ने पीछा कर रहे पुलिस दल पर गोलिया चलाईं, जो सरकारी बोलेरो गाड़ी से टकराई तथा इसे क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिस दल संयोग से बच गया और प्रभारी एसओजी ने दूसरे दल को सतर्क कर दिया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिया। प्रभारी, एसओजी उस अपराधी की लगातार आक्रामक गोलीबारी से विचलित हुए बगैर निकट दूरी से उनका पीछा करते रहे और जब वह अपराधी अमरा–अखरी क्रासिंग के नजदीक पहुंचा, जहां दूसरा पुलिस दल उसे रोकने के लिए

पहले से ही सतर्क था, पुलिस दल को आगे देखते ही, अपराधी ने अपनी क्वालिस गाड़ी को तेजी से शहर की ओर मोड़ दिया और प्रभारी एसओजी ने सावधानीपूर्वक वाहन पर गोली चलाई, जो इस पर टकराई और क्वालिस गाड़ी अनियंत्रित हो गई तथा सड़क के नजदीक नाले में घुसकर रुक गई। मारने के लिए पुलिस दल पर लगातार गोलीबारी करते हुए अपराधी गाड़ी से बाहर निकला और इसके पीछे पोजीशन ले ली। प्रभारी, एसओजी और पुलिस दल भी सावधानीपूर्वक पुलिस वाहनों से बाहर आ गए और उनके पीछे पोजीशन ले ली और अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, परन्तु इसके बजाय उसने अपनी गोलीबारी और तेज कर दी तथा एक गोली प्रभारी, एसओजी को लगी जो उनके द्वारा पहनी हुई बुलेटब्रूफ जैकेट में घुस गई और वे संयोगवश बच गए।

प्रभारी, एसओजी ने इस 'करो या मरो' की स्थिति में अपराधी के हमले से बिना डरे, पुलिस दल को प्रोत्साहित किया तथा अपराधी के विरूद्ध लड़ाई शुरू कर दी जो पुलिस दल को मारने के इरादे से सामने से लगातार गोलीबारी कर रहा था और फिर भी प्रभारी, एसओजी ने श्री विजय प्रताप सिंह, कांस्टेबल के साथ अनुकरणीय साहस एवं वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया और उन्होंने अपनी जान का अत्यधिक व्यक्तिगत जोखिम उठाते हुए, अपनी जगह छोड़ दी और अपराधी को जिंदा पकड़ने के स्पष्ट इरादे से आगे बढ़ गए और आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी करते हुए अपराधी को चुनौती दी, जिसके कारण अपराधी घायल होकर नीचे गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई जिसकी पहचान उक्त कुख्यात अपराधी सतेन्द्र तिवारी उर्फ रिंकू के रूप में की गई।

बरामदगी :

1. खाली कारतूसों के साथ एक फैक्टरी निर्मित .9एमएम बोर की पिस्तौल।

2. खाली कारतूसों के साथ एक फैक्टरी निर्मित .32एमएम बोर की पिस्तौल।

3. अपराधी द्वारा कार्रवाई में प्रयोग की गई एक क्वालिस गाड़ी सं. यूपी–32/एक्स–6558

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गिरजा शंकर त्रिपाठी, उप निरीक्षक और विजय प्रताप सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.02.2009 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 138–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. नवीन अरोरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

02. शैलेश प्रताप सिंह, उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यू पी एसटीएफ को गैंगस्टर आशुतोष राय और अजय सिंह, जो वर्ष 2003 में न्यायिक हिरासत से भाग गए थे और जिनमें से प्रत्येक पर 50,000/– रु. का इनाम था, को पकड़ने का कार्य सौंपा गया था।

दिनांक 26.04.2010 को लगभग अपराह्न 12.30 बजे श्री नवीन अरोरा, एसएसपी एसटीएफ को कार्रवाई करने योग्य एक आसूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर आशुतोष राय और अजय सिंह अपने सहयोगियों के साथ अत्याधुनिक हथियारों की डील करने के लिए एक सनी निसान कार सं. 17 सीडी एएफ में एक्सप्रेस हाई–वे नोएडा पर इकट्ठे हो रहे हैं। श्री अरोरा ने तुरंत बल को तीन दलों में बांट दिया और इसके बारे में जानकारी प्रदान की। वे जल्दी से उस स्थान की ओर गए, संदिग्ध वाहन को पहचाना और इसे रोकने की कोशिश की, जिस पर उन्होंने गोलियां चला दीं। अपराधियों की एक गोली ने नवीन अरोरा को निशाना बनाया, जो संयोगवश उन्हें नहीं लगी। वे वाजिदपुर भूमिगत रास्ते की ओर भाग गए। एसएसपी नवीन अरोरा के निर्देश पर उनका ड्राइवर गढ़ी गांव के नजदीक सर्विस लेन में खतरनाक ढंग से तेजी से मुड़ते हुए उनसे आगे निकल गया। उक्त कार एक ट्री गार्ड से टकरा गई क्योंकि ड्राइवर का वाहन से नियंत्रण हट गया था। अचानक ड्राइवर की तरफ से एक गोली आई और यह गोली टवेरा की खिड़की में लगी, श्री अरोरा स्वयं को बचाने के लिए नीचे झुक गए। अपराधियों ने पुलिस दल को मारने के इरादे से उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री नवीन अरोरा, एसएसपी, एसटीएफ और उप निरीक्षक शैलेश प्रताप सिंह ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अपनी सुरक्षा और संरक्षा की परवाह किए बगैर अनुकरणीय साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया। जब वे बिना आड़ के आगे चल रहे थे, तब उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। एसएटीएफ दल के पास आत्मरक्षा में गोलीबारी करने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचा था। परस्पर गोलीबारी में अजय और आशुतोष घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई।

नवीन अरोरा के नेतृत्व में एसटीएफ दल ने अपनी जान की परवाह किए बिना अत्यधिक संगठित जवाबी कार्रवाई के दौरान तनावपूर्ण और विपरीत परिस्थितयों में सूझ–बूझ के साथ और निडरता से वीरतापूर्ण कार्रवाई की।

की गई बरामदगी :–

(क)	कारबाइन	–	01
(ख)	जिंदा कारतूस	–	03
(ग)	9 एमएम के खाली खोखे	–	09
(घ)	9 एमएम पिस्तौल	–	01
(ङ)	पिस्तौल	–	01
(च)	.32 बोर के जिंदा कारतूस	–	04

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नवीन अरोरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और शैलेश प्रताप सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.04.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 139–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रेशम पाल सिंह,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

अक्तूबर, 2014 में, भारत–पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा बल की 86वीं बटालियन तैनात की गई थी।

दिनांक 06/07 अक्तूबर, 2014 की मध्य रात्रि में, पाकिस्तान की सभी सीमा चौकियों ने सीमा सुरक्षा बल की 86वीं बटालियन की सभी सीमा चौकियों और सीमावर्ती गांवों पर बीएमजी/यूएमजी/एचएमजी/मोर्टर से अकारण भारी गोलीबारी की, जिसका हमारे सैन्य बलों ने 81एमएम मोर्टर/51एमएम मोर्टर/एमएमजी/एलएमजी/एजीएस/सीजीआरएल का उपयोग करके जवाब दिया।

दिनांक 07/08 अक्तूबर, 2014 की मध्य रात्रि में, कंपनी कमांडर ने एएसआई (जीडी) रेशम पाल सिंह को उनके व्यापक अनुभव, व्यावसायिक क्षमता और सीमा चौकी की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सीमा चौकी (बीओपी) मालाबेला, पूर्व–86 बटालियन, बीएसएफ के नाका संख्या 6 से 10 के नाका कमांडर के रूप में तैनात किया।

लगभग 2000 बजे, अचानक हमारी सीमा चौकियों और सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाते हुए पाकिस्तान की ओर से ऑटोमेटिक बन्दूकों और मोर्टर से अकारण भारी गोलीबारी शुरू हो गई। नाका कमांडर, एएसआई (जीडी) रेशम पाल सिंह ने तुरंत वास्तविक स्थिति का आकलन किया और नाका संख्या 6 को 5.56 एमएमआई एनएसएएस (इंसास) एलएमजी और एजीएल से गोलीबारी करने का निर्देश दिया। वे स्वयं एक नाका से दूसरे नाका पर जाते रहे और प्रतिपक्ष की ओर से भारी गोलीबारी के बीच उन्हें विफल करने के लिए अपने सैनिकों को जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे।

दोनों ओर से भारी गोलीबारी के दौरान, लगभग 2045 बजे एएसआई (जीडी) रेशम पाल सिंह को उनकी छाती के दाहिनी ओर गोली लगी। अनुकरणीय साहस और मैत्रीभाव का प्रदर्शन करते हुए, वे गोलीबारी जारी रखने तथा प्रतिपक्ष पर और अधिक दवाब बनाने के लिए अपने सैनिकों को प्रेरित करते रहे। प्रत्येक नाका पर मात्र उनकी उपस्थिति ही सैनिकों को वीरतापूर्ण लड़ने के लिए प्रेरित कर रही थी। दोनों ओर से गोलीबारी 2300 बजे तक जारी रही। बाद में एएसआई (जीडी) रेशमपाल सिंह को जीएमसी, जम्मू ले जाया गया।

एएसआई (जीडी) रेशम पाल सिंह ने गोलियों से घायल होने के बावजूद प्रतिपक्ष की गोलीबारी का जवाब देने के लिए अपने सैनिकों को लगातार प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने लड़ाई लड़ने का साहस, उच्च स्तरीय बहादुरी और अनुकरणीय नेतृत्व गुण का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप विरोधी को उचित जवाब दिया गया और उन्हें युद्धविराम के लिए मजबूर किया गया।

इस कार्रवाई में श्री रेशम पाल सिंह, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07.10.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 140—प्रेज/2015——राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अमर पाल सिंह,
हेड कांस्टेबल/ड्राइवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीएसएफ की 151वीं बटालियन, कश्मीर फ्रंटियर के अंतर्गत निशात (जम्मू एवं कश्मीर) में अपनी बटालियन मुख्यालय के साथ नियंत्रण रेखा पर तैनात है।

151 और 59 बटालियन, बीएसएफ की कंपनियों सहित विभिन्न बटालियनों की कंपनियों वाली एक तदर्थ के—2 बटालियन श्री अमरनाथ जी यात्रा ड्यूटी पर तैनात थी। दिनांक 11 अगस्त, 2014 को, उक्त ड्यूटी के समाप्त होने पर 59 बटालियन की कंपनी पंथाचौक में बीएसएफ मुख्यालय आ रही थी। सैन्य दलों और भंडार को पांच वाहनों में ले जाया जाना था, जिनमें दो भारी वाहन (5 टन), दो टाटा—407 और मिनी बस (स्वराज माजदा) शामिल थी।

सैन्य दलों और भंडारों को ले जाने वाले वाहन श्री बिशन लाल, सहायक कमांडेंट की कमान में लगभग 1915 बजे चंदनवाड़ी से चले। ऑपरेशनल और सामरिक महत्व को ध्यान में रखते हुए रात्रि में आवाजाही की योजना बनाई गई। पार्टी कमांडर, श्री बिशन लाल, रक्षा दल के सबसे पीछे वाले वाहन अर्थात पंजीकरण सं. डब्ल्यू बी—23ए—1558 वाली मिनी बस में थे, जिसे कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र, 151 बटालियन, बीएसएफ के साथ हेड कांस्टेबल (ड्राइवर) अमर पाल सिंह चला रहे थे।

लगभग 2200 बजे जब रक्षा दल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्टेडियम के निकट पमपौर नगर क्षेत्र में पहुंचा, तो मिनी बस पर बाईं ओर से, जिस ओर स्टेडियम था, उग्रवादियों के स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध भारी गोलीबारी हुई, जिसके कारण श्री किशन लाल, सहायक कमांडेंट, हेड कांस्टेबल (ड्राइवर) अमर पाल सिंह और मिनी बस में 59 बटालियन, बीएसएफ के अन्य 7 कर्मी गोलियां लगने से घायल हो गए।

हेड कांस्टेबल (ड्राइवर) अमर पाल सिंह के कूल्हे पर चोट लगी जहां से काफी खून निकल रहा था, लेकिन अपनी चोट की परवाह न करते हुए हेड कांस्टेबल (ड्राइवर) ने उच्च स्तर के कौशल ओर सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए वाहन की गति बढ़ाई और 15 मिनट से कम समय में परिसर पहुंच गए। सभी घायल कर्मियों को बीएसएफ अस्पताल, पंथाचौक में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने के बाद 92 बेस अस्पताल, श्रीनगर भेज दिया गया।

हेड कांस्टेबल (ड्राइवर) अमर पाल सिंह ने अपनी व्यक्तिगत जान की परवाह न करते हुए सूझ—बूझ, धैर्य और अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया, जिसके कारण उन आठ अधिकारियों की बहुमूल्य जानों को बचाना संभव हो सका, जो गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इस कार्रवाई में श्री अमर पाल सिंह, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 141—प्रेज/2015——राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री श्री कृष्ण,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीएसएफ की 192वीं बटालियन, जम्मू फ्रंटियर के अंतर्गत अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में भारत—पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात है।

दिनांक 22/23 अगस्त, 2014 की मध्य रात्रि में लगभग 0035 बजे पाकिस्तान की जरवाल और पीएच—5 चौकियों ने हताहत करने के लिए 192वीं बटालियन की सीमा चौकियों (बीओपी) और सीमावर्ती गांवों को लक्ष्य बनाते हुए राइफल/यूएमजी/एचएमजी और

मोर्टर जैसे स्वचालित हथियारों से भारी मात्रा में अकारण गोलीबारी की। हमारे सैन्य दलों ने उचित तरीके से शत्रु की गोलीबारी का जवाब दिया।

संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, हेड कांस्टेबल श्री कृष्ण को 51 एमएम मोर्टर के साथ सीमा चौकी (बीओपी), छावनी पर तैनात किया गया था। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के काफी निकट पाक रेंजर्स की गतिविधि देखी और हमारे सैन्य दलों को हताहत करने के उनके गुप्त इरादे का सही–सही अनुमान लगाया। वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना भारी गोलीबारी के बीच तुरंत बंकर से बाहर आए और 51 एमएम मोर्टर से प्रभावी गोलीबारी में उन्हें उलझा दिया।

दोनों ओर से भारी गोलीबारी के दौरान हेड कांस्टेबल श्री कृष्ण बांए पैर में घुटने के नीचे स्पिलंटर लगने से घायल हो गए। अत्यधिक खून बहने के बावजूद उन्होंने अनुकरणीय साहस और मैत्रीभाव का प्रदर्शन करते हुए विरोधी को उलझाए रखा, जिसने शत्रु की सैन्य दलों को हताहत करने के उनके खतरनाक इरादे को छोड़ने पर मजबूर कर दिया। हेड कांस्टेबल श्री कृष्ण ने 51 एमएम मोर्टर से 8 एचई बम फायर किए । कार्य पूर्ण होने के बाद, वे सीमा चौकी छावनी आए जहां से उन्हें सरकारी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, जम्मू भेजा गया।

हेड कांस्टेबल श्री कृष्ण ने अपना पैर स्पिलंटर से घायल होने के बावजूद उच्च स्तरीय बहादुरी, युद्ध के साहस और मैत्रीभाव का प्रदर्शन करते हुए 51 एमएम मोर्टर की प्रभावी गोलीबारी से शत्रु को उलझाए रखा जिसके कारण शत्रु को अपने कपटपूर्ण इरादे का परित्याग करना पड़ा और इस प्रकार सैन्य दलों और ग्रामवासियों की बहुमूल्य जानों को बचाया जा सका।

इस कार्रवाई में श्री श्री कृष्ण, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 142–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संजय धर (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीएसएफ की 192वीं बटालियन जम्मू फ्रंटियर के अंतर्गत भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अति संवदेनशील क्षेत्रों में तैनात है।

दिनांक 16 जुलाई, 2014 को लगभग 1130 बजे पाकिस्तान रेंजर्स ने छोटे हथियारों, यूएमजी और एचएमजी जैसे स्वचालित हथियारों से पाक चौकी जरवाल और पम्प हाउस–5 से हमारी सीमा चौकी पित्तल पर अकारण गोलीबारी आरंभ कर दी। उस समय सीमा चौकी पित्तल पर उपलब्ध सभी कार्मिक डीआईजी, जम्मू क्षेत्र के दौरे के कारण स्टैंड–टू की स्थिति में थे। कांस्टेबल सोमराज, जो सीमा चौकी के अंदर स्थित 80 फुट ऊंचे ओपी टावर पर डयूटी कर रहे थे, को पाक रेंजर्स ने लक्ष्य बनाया। यद्यपि कांस्टेबल सोमराज ने बुलेट–प्रूफ जैकेट पहनी हुई थी, फिर भी गोली उनके बांए कंधे पर बुलेट प्रूफ जैकेट के बिल्कुल ऊपर लगी। गोली से गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने पाक गोलीबारी का जवाब दिया और इसके साथ ही मदद के लिए आवाज लगाई।

मदद के लिए आवाज सुनने पर, सहायक उप निरीक्षक मदन लाल और कांस्टेबल (वाशर मैन) संजय धर भारी गोलीबारी के बीच और अपनी स्वयं की जान की परवाह न करते हुए कांस्टेबल सोमराज को बचाने के लिए ओपी टावर की ओर दौड़े। लेकिन दुर्भाग्यवश बचाने की प्रक्रिया के दौरान सहायक उप निरीक्षक मदन लाल और कांस्टेबल (वाशर मैन) संजय धर पाक रेंजर्स की भारी गोलीबारी के बीच आ गए। सहायक उप निरीक्षक मदन लाल को उनकी कमर पर गोली लगी और कांस्टेबल (वाशर मैन) संजय धर को छाती पर गोली लगी। कांस्टेबल (वाशर मैन) संजय धर जमीन पर गिर गए। लेकिन गिरने से पहले, उन्होंने कांस्टेबल सोमराज को सुरक्षित रूप से पास की एक बैरक तक पहुंचाया।

इसी बीच, निरीक्षक मदन लाल, कार्यवाहक कंपनी कमांडर ने भी बाड़ और अगले समूह (बंच) के बीच पोजीशन संभाल ली, स्थिति को समझा और सैन्य दलों को जवाबी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान घुटने के ठीक ऊपर उनके भी बांए पैर में गोली लगी।

सभी घायल कार्मिकों को यूनिट अस्पताल भेजा गया और इसके बाद जीएमसी एंड एच, जम्मू भेजा गया, जहां कांस्टेबल संजय धर को मृत लाया गया घोषित कर दिया गया।

दोनों ओर से हुई इस गोलीबारी के दौरान, कांस्टेबल (वाशरमैन) संजय धर ने धैर्य और कड़े साहस का प्रदर्शन किया। वे पहले और सर्वप्रमुख व्यक्तियों में से थे, जो कांस्टेबल सोमनाथ को बचाने के लिए ओपी टावर की ओर दौड़े थे। यद्यपि उनका मूल्य कर्तव्य युद्ध की स्थिति में शामिल होना नहीं था, फिर भी उन्होंने वीरता और साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वर्गीय कांस्टेबल

(वाशरमैन) संजय धर द्वारा समय पर किए गए हस्तक्षेप और उनके द्वारा प्रदर्शित साहस से उनकी अपनी जान की कीमत पर कांस्टेबल सोमराज की जान बचाना संभव हो सका।

इस कार्रवाई में (स्वर्गीय) श्री संजय धर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 143—प्रेज/2015——राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. राजन सिंह,
उप कमांडेंट

02. बबलू कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक ईस्ट गारो हिल्स से एक अत्यधिक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जीएनएलए के भारी हथियारबंद कैडरों ने दुरामा हिल रेंज में गांव जिंगमग्रे, रोंगचेकग्रे और मंडलग्रे बंदिग्रे के निकट 03 सामान्य शिविर स्थापित कर लिए हैं। सोहन डी. शीर, सी—इन—सी, जीएनएलएफ का शिविर भी पुलिस स्टेशन विलियम नगर, जिला ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय के अंतर्गत दुरामा रेंज में अदुग्रे, जेट्राग्रे और जिगमग्रे के बीच स्थित था! यह सूचना भी मिली थी कि वही जीएनएलए के लगभग 150 नए रंगरूट और उल्फा के 20 नए रंगरूट हैं जिन्हें एक सामान्य शिविर में वरिष्ठ जीएनएलए और उल्फा कॉडरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक, एनईएस, सीआरपीएफ और पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन) मेघालय पुलिस के परामर्श से श्री जोसफ किशिंग, कमांडेंट—210 कोबरा और पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स ने "औपरेशन हिलस्टार्म" नामक विस्तृत अभियान की योजना बनाई। योजना के अनुसार, सम्पूर्ण अभियान कोबरा और मेघालय पुलिस के स्वाट कमांडो के 03 हमला दलों और 07 कट—ऑफ दलों द्वारा किया जाना था जिसकी अन्य राज्य और केन्द्रीय बलों द्वारा मदद की जानी थी।

योजना के अनुसार, श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट की कमांड में स्वाट कमांडों के एक दल के साथ डी एंड ई कंपनी, 210 कोबरा के दल नं. 10, 13 और 15 वाले हमला दल सं. 01 को अदुग्रे गांव में जीएनएलए के सोहन—डी. शीरा, सी—आई—सी के शिविर पर धावा बोलने का कार्य सौंपा गया था। सैन्य दल दिनांक 08.07.2014 को लगभग 2300 बजे बेस कैंप से चले और सिमसांग नदी तक वाहन का उपयोग किया। सिमसांग पुल को पार करने के बाद, सैन्य दल पैदल चले और सम्पालग्रे, खाकबाग्रे, रोंगबोकग्रे और नोबोकग्रे तथा सोबाकग्रे बाई पास के रास्ते पर चले। अनेक ऊंची—नीची पहाड़ियों, नदी नालों, घने जंगल और सभी बाधाओं को पार करने के बाद, सैन्य दल कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 10.07.2014 को 1600 बजे बीएआरवी पहुंचे। दिनांक 11.7.2014 की सुबह, सैन्य दल प्रातः लगभग 0510 बजे बीएआरवी से चले। आपरेशन कमांडर, श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट ने आदेश दिया कि दल सं. 15 और स्वाट लक्ष्य पर हमला करेंगे और बायां कट—ऑफ श्री देशराज मीणा, सहायक कमांडेंट की कमांड में दल सं. 10 और दल सं. 13 के भाग—2 द्वारा किया जाएगा, जबकि दायां कट—ऑफ उप निरीक्षक/जीडी, राजू यादव की कमांड में दल सं. 13 के भाग 01 द्वारा किया जाएगा। जब सभी कट—ऑफ लगा दिए गए तब श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट की कमांड में दल सं. 15 और स्वाट वाला हमला दल धीरे—धीरे लक्ष्य की ओर बढ़ा। लगभग 0615 बजे जब सैन्य दल लक्ष्य से लगभग 110 मीटर की दूरी पर था, तो स्काउटों ने हथियारों के साथ कुछ विद्रोहियों के बारे में हाथ से सिग्नल दिया। आपरेशन कमांडर ने अपने सैन्य दल को और सतर्क किया और रेंगकर आगे बढ़े। ऑपरेशन कमांडर ने देखा कि वहां 02 झोपड़ियां है और 01 झोपड़ी में एक व्यक्ति खाना बना रहा है, जबकि दूसरा व्यक्ति जलधारा में अपना चेहरा धो रहा था और दोनों व्यक्ति हथियारबंद थे। आपरेशन कमांडर राजन सिंह, उप कमांडेंट की कमांड में दल सं. 15 बायीं ओर से चला और श्री चाको उप पुलिस अधीक्षक की कमांड में स्वाट को हाथ के इशारे से दायीं ओर से हमला करने का निर्देश दिया। उसी समय उन्होंने कट—ऑफ को लक्ष्य के बायीं और दायीं ओर पोजीशन लेने का भी निर्देश दिया। लगभग 0630 बजे जलधारा में अपना चेहरा धोने वाले व्यक्ति को सैन्य दल की उपस्थिति के बारे में किसी तरह संदेह हो गया और धीरे—धीरे उस पहाड़ी की तरफ बढ़ा जहां खाना बन रहा था। कुछ ही सेकंड में तीन विद्रोही झोपड़ी से बाहर आए और सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। ऑपरेशन कमांडर के आदेश पर सैन्य दल ने नियंत्रित तरीके से जवाबी कार्रवाई की, उनके साथी कांस्टेबल/जीडी बबलू कुमार ने लक्ष्य पर सटीक यूबीजीएल फायर किया। आपरेशन कमांडर ने अपने साथी के साथ अपनी जान की परवाह किए बिना विद्रोहियों की भारी गोलीबारी के बीच जल धारा के दूसरी ओर लक्ष्य की ओर रेंगना शुरू किया लेकिन विद्रोहियों की भारी गोलीबारी के कारण, आगे बढ़ना काफी कठिन हो गया। सैन्य दल की गोलीबारी और रेंगकर चलने वाले कार्मिकों के लगातार आगे बढ़ने के कारण, विद्रोहियों ने गोलीबारी जारी रखते हुए और पेडों तथा झाड़ियों का सहारा लेते हुए पहाड़ी के दायीं ओर अपनी पोजीशन

बदलना शुरू कर दिया। जल धारा के बीच में पहुंचने पर ऑपरेशन कमांडर राजन सिंह उप कमांडेंट ने झाड़ियों और पेड़ों के पीछे छिपे हुए विद्रोहियों पर गोली चलाई और एक विद्रोही की बायीं जांघ पर गोली मारी जो नीचे गिर गया। घायल विद्रोही ने सैन्य दल पर गोलीबारी करना जारी रखा, लेकिन श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट, 210 कोबरा बटालियन, श्री टी.सी. चाको, उप पुलिस अधीक्षक के साथ अपनी सटीक गोलीबारी से उसे निष्क्रिय करने में सफल रहे। गोलीबारी कम होने के बाद ऑपरेशन कमांडर ने पूरे टुरुप्स को 360 डिग्री में 120 डिग्री के वृतखण्ड में तीन भागों में बांटा और पूरे क्षेत्र की तलाशी ली और मारे गए विद्रोही से 05 एच.ई. मोर्टर बम, 01 आरपीजी बम, 09 एमएम के 13 राउंड, 14 डेटानेटर और आईईडी टाइमर सहित काक की हुई 7.62 एमएम की एक पिस्तौल, मैगजीन में 5 जिंदा राउंड और चैम्बर में एक राउंड के साथ पिस्तौल बरामद की गई। बाद में शव की पहचान स्वर्गीय तेंगसरांग एम. संगमा, सोहन डी. शीरा, सी–इन–सी, जीएनएलए के भतीजे और विश्वसनीय व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) के रूप में की गई और उसे जीएनएलए का आईईडी विशेषज्ञ माना जाता था।

यह ऑपरेशन सिविलियन और हमारे सैन्य दल को किसी भी प्रकार की क्षति बिना पूरा किया गया। सम्पूर्ण युद्ध के दौरान, श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट, 210 कोबरा बटालियन ने आगे रहकर सैन्य दल का नेतृत्व किया और उत्कृष्ट कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया। उनके साथी कांस्टेबल/जीडी बबलू कुमार ने भी उच्च कोटि के वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया। यद्यपि दोनों अधिकारियों की अपनी जानें काफी खतरे में थीं, फिर भी उन्होंने युद्ध का सामना किया और 01 खूंखार जीएनएलए विद्रोही को मार गिराया और भारी मात्रा में सामान बरामद किया।

की गई बरामदगी :–

- मैगजीन के साथ 7.65 एम एम पिस्तौल – 01
- 7.56 एमएम के जिंदा राउंड – 06
- 09 एम एम के जिंदा राउंड – 13
- 7.65 एमएम का खाली खोखा – 01
- एचई मोर्टर बम – 05
- आरपीजी बम – 01
- पिस्तौल होल्डर – 13
- 12 बोर की बंदूक के कारतूस – 185
- 12 बोर की बंदूक के खाली खोखे – 23
- तार सहित डेटोनेटर – 14
- आईईडी टाइमर – 07
- सर्किट – 18
- सर्किट प्रोटेक्टर – 02
- तांबे की रोल – 01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राजन सिंह, उप कमांडेंट एवं बबलू कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 144–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शिंदे प्रशांत लक्ष्मण,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन मजबात, जिला उदलगुड़ी (असम) के अंतर्गत सोनाईरूपाई वन्य जीव अभ्यारण्य में 6–7 एनडीएफबी/एस (नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड/सोंगबिजीत) कैडरों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, पुलिस अधीक्षक उदलगुड़ी और कमांडेंट, 210 कोबरा द्वारा संयुक्त रूप से तलाशी लेने एवं ध्वस्त करने के एक अभियान की योजना बनाई गई। विस्तृत योजना और ब्रीफिंग के पश्चात, दिनांक 24.3.2014 को लगभग 2230 बजे संयुक्त सैन्य दलों द्वारा अभियान आरंभ किया गया, जिसमें कोबरा का एक दल और छह असम पुलिस कर्मी शामिल थे। सैन्य दलों ने आरंभ में वाहनों का उपयोग किया और एक एकांत स्थान पर उतरने के बाद निवास स्थानों से बचते हुए रणनीतिक तरीके से लक्ष्य की ओर बढ़े। क्षेत्र में घनी हाथी घास थी और छिट–पुट बसी

हुई बस्तियां थीं। घना अंधेरा और कठिन क्षेत्र होने के बावजूद, सैन्य दल ने विस्मय की स्थिति बनाए रखी और लक्ष्य क्षेत्र के निकट पहुंच गए। क्षेत्र में प्रत्येक बस्ती की तलाशी लेने का निर्णय लिया गया। इस प्रक्रिया में, लगभग 0345 बजे जब सैन्य दल एक बस्ती नामतः बॉम्बे सेंटर के पास पहुंचे, तो कांस्टेबल/जीडी शिंदे प्रशान्त लक्ष्मण नामक स्काउट ने अपने नाइट विजन से बस्ती के पास वाले बगीचे में एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि को देखा। उन्होंने इसकी सूचना अपने आपरेशनल कमांडर मोहम्मद आरिफ, सहायक कमांडेंट को दी जिन्होंने आगे सभी सैन्य दलों को सतर्क कर दिया और विद्रोहियों को घेरने तथा उन पर हमला करने की रणनीति बनाई। उन्होंने अपने दल को दो भागों में बांटा, जिसमें से एक दल को बस्ती की ओर भेजा गया और दूसरे दल को बगीचे की ओर जाने और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने का कार्य सौंपा गया। संदिग्ध व्यक्ति एक मिनट तक बगीचे में रुकने के बाद आगे बढ़ा और पास के हाथी घास वाली झाडियों में घुस गया। दल उसके पीछे गया और जैसे ही दल ने बगीचे में प्रवेश किया, झाड़ी के अंदर से उनकी ओर अंधाधुंध गोलीबारी हुई। ऐसे अचरज और अचानक हमले के लिए तैयार दल ने जवाबी कार्रवाई की और काफी नजदीक से भीषण गोलीबारी आरंभ हो गई। दुर्भाग्यवश इस निकट की मुठभेड़ में 210 कोबरा के कांस्टेबल/जीडी शिंदे प्रशांत लक्ष्मण और 24 असम आईआर बटालियन के कांस्टेबल जयंत राय को गोली लग गई और वे घायल हो गए। अपने दायें हाथ और पेट में बायीं ओर गोली लगने के बावजूद कांस्टेबल/जीडी शिंदे प्रशांत लक्ष्मण बहादुरीपूर्वक रेंगकर पेड़ के पीछे गए और विद्रोहियों को उलझाए रखा। कहीं घनी झाड़ियों के अंदर छिपे विद्रोहियों पर हमला करने के लिए दूरी को और कम करना और उनकी सही–सही पोजीशन का पता लगाना आवश्यक था। लेकिन भारी गोलीबारी के बीच अच्छी पोजीशन लिए हुए शत्रु के और निकट जाने में जान को जोखिम था। शत्रु की गोलीबारी को नियंत्रित करना और कवर फायर के तहत आगे बढ़ना ही एक मात्र संभव तरीका था। कांस्टेबल/जीडी शिंदे प्रशांत लक्ष्मण ने दल अर्थात् स्काउट में अपनी पोजीशन के महत्व को समझा और अपनी चोटों को नजर अंदाज करते हुए कवर फायर के तहत आगे बढ़ने का निर्णय लिया। तेज दर्द और चारों ओर से आती गोलियों के बीच बहादुर सैनिक गोली चलने और आगे बढ़ने की रणनीति अपनाते हुए शत्रु की ओर आगे बढ़ा और हमला कर दिया। उनके भीषण हमले ने विद्रोहियों को अपनी रणनीति को दुबारा बनाने ओर पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बहादुर सैनिक का समर्पण और दृढ़ निश्चय ऐसा था कि जब उन्होंने यह पाया कि चोट के कारण अपने दाएं कंधे से गोली नहीं चला सकते, तो उन्होंने अपने बाएं कंधे का उपयोग किया लेकिन उन्होंने एक बार भी हमला बंद करने के बारे में नहीं सोचा। दल के अन्य सदस्यों की सम्यक सहायता से उनकी सटीक गोलीबारी के कारण घनी हाथी घास में कहीं छिपे विद्रोही टिक नहीं सके और अंधेरे तथा घनी हाथी घास का फायदा उठाकर भाग गए।

बाद में क्षेत्र की अच्छी तरह से तलाशी ली गई और सैन्य दलों ने 09एमएम की एक कारबाईन, कारबाईन की एक मैगजीन, 9एमएम गोलाबारूद को दो राउंड, एके–47 की 4 मैगजीने, 7.62x39 एम एम के 96 राउंड, 04 एचई ग्रेनेड, 03 एचई ग्रेनेड इग्नाइटर सेट, 7.62x39 एम एम का एक खाली खोखा। 04 मोबाइल सेट, 01 कमांडो चाकू, 03 एनडीएफबी/एस डिमांड लैटर, 2170/– रु. नकद के साथ बटुआ, मिरथिंगा बोरा के नाम से 01 पेन कार्ड, 03 डायरी, 03 मोबाइल चार्जर, कुछ जरूरी दवाईयां, 02 टैक्टिकल वेस्ट, 02 टैक्टिकल हैवरसैक और 07 सिमकार्ड बरामद किए गए।

कांस्टेबल/जीडी शिंदे प्रशांत लक्ष्मण यद्यपि आरंभिक गोलीबारी में घायल हो गए थे, लेकिन वे अपने दर्द और बहते खून की परवाह न करते हुए विद्रोहियों की ओर आगे बढ़े। सम्पूर्ण अभियान के दौरान, उन्होंने अग्रिम पंक्ति में विशिष्ट ऑपरेशनल दक्षता के साथ अनुकरणीय साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया। यद्यपि वे गंभीर रूप से घायल थे और घोर संकट में थे, तथापि, ऐसी स्थिति में भी उनकी तत्काल कार्रवाई से न केवल उनके साथियों की जान बची बल्कि शत्रु भी भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद छोड़कर अपनी अच्छी पोजीशन से जान बचाकर भागने के लिए मजबूर हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री शिंदे प्रशांत लक्ष्मण, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 145–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सुरेश कुमार,
सहायक कमांडेंट

02. के. वैंकटाचलम,
कांस्टेबल

03. खोट सागर रामचन्द्र,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01.07.2014 को पुलिस स्टेशन मेंधीपाथर, जिला नॉर्थ गारो हिल्स (मेघालय) के अंतर्गत गांव रोंगामिन्ची के निकट बोलसाल एडिंग की एक पहाड़ी की चोटी पर जीएनएलए के विद्रोहियों के पड़ाव डालने के बारे में पुलिस अधीक्षक, नॉर्थ गारो हिल्स से एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार अपर पुलिस अधीक्षक नॉर्थ गारो हिल्स और श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, 120 बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई। सीआरपीएफ के 20 कर्मियों और एसडब्ल्यूएटी के 16 कर्मियों वाले संयुक्त दल को योजना और बेस कैम्प में उनके कमांडरों द्वारा इसे निष्पादित करने के बारे में बताया गया और संयुक्त दल दिनांक 02.07.2014 को 2355 बजे अभियान के लिए निकला। लुक–छिपकर क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए सैन्य दल ने सिविल पद्धति के वाहनों का उपयोग किया और लक्ष्य से 6 किमी. पहले एक एकांत स्थान पर उतर गए। वहां से वे युक्तिपूर्वक पैदल चले। घने अंधेरे और नदियों को पार करते हुए कठिन जंगल क्षेत्र में रातभर चलने के बाद सैन्य दल दिनांक 03.07.2014 को 0400 बजे संदिग्ध स्थल के पास पहुंच गया। संदिग्ध शिविर घने जंगल और अपनी दिन–प्रतिदिन की जरुरतों को पूरा करने के लिए पास की झोपड़ियों से घिरे एक ऊंचे मैदान पर स्थित था। क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के बाद, शिविर को दो दिशाओं से निशाना बनाने का निर्णय लिया गया। शिविर पर हमला करने के लिए सीआरपीएफ और एसडब्ल्यूएटी के दो दल बनाए गए। सीआरपीएफ के दल का नेतृत्व श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट कर रहे थे। जैसे ही भोर हुई, श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में हमला दल युक्तिपूर्वक लक्ष्य क्षेत्र की ओर बढ़ा। यह जानते हुए कि इस प्रकार के कदम में उनकी जान को खतरा है, वे अच्छी पोजीशन लिए शत्रु की ओर आगे बढ़े। श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने हमले का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी ली और अपने–आपको आगे चल रहे स्काउटों के बीच में पोजीशन किया। उनके बायीं ओर कांस्टेबल/जीडी के. वेंकटचलम थे जबकि कांस्टेबल/जीडी खोट सागर ने उनके दायीं ओर पोजीशन ली। शेष दल उनके पीछे था। जैसे ही स्काउट और आगे बढ़े, पेड़ के पीछे छिपे विद्रोहियों के एक पहरेदार ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। स्काउट बड़ी मुश्किल से बचे लेकिन अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करते हुए तीनों हरकत में आए और पहरेदार पर जवाबी गोलीबारी की। शीघ्र ही पास में उपस्थित अन्य विद्रोहियों ने कवर के पीछे पोजीशन ले ली और सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सैन्य दल, जो अब तक खुले क्षेत्र में था, गोलीबारी करते हुए रेंगकर कवर के पीछे गए और कुछ ही दूरी पर भीषण गोलीबारी शुरु हो गई। यह जानते हुए कि विद्रोही अधिक समय तक नहीं लड़ेंगे और एक–एक करके भागने का प्रयास करेंगे, श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने फायर करो और आगे बढ़ो की रणनीति अपनाते हुए सैन्य दल को आगे बढ़ने का आदेश दिया। सैन्य दल को आगे बढ़ता देखकर, विद्रोहियों ने भारी गोलीबारी के साथ–साथ ग्रेनेड फेंकना शुरु कर दिया। विद्रोहियों को निष्क्रिय करने के लिए, श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने सभी दिशाओं से शत्रु पर हमला करने की योजना बनाई। उन्होंने कांस्टेबल/जीडी के. वेंकटचलम और कांस्टेबल/जीडी खोट सागर को अपने साथ लिया और वे सभी भारी गोलीबारी के बीच रेंगकर दायीं दिशा की ओर गए। दायीं ओर पहुचने पर, उन्होंने विद्रोहियों पर भीषण हमला किया, जिसमें दो कैडर घायल हो गए। लेकिन हमले के माहौल में उनसे एक विद्रोही छूट गया जो उनके दायीं और छिपा हुआ था। विद्रोही ने उन पर गोलीबारी की जिसमें कांस्टेबल/जीडी के. वेंकटचलम और कांस्टेबल/जीडी खोट सागर घायल हो गए। श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने भारी गोलीबारी करके विद्रोही पर हिंसक रूप से हमला किया। विकराल स्थिति को देखकर विद्रोही जंगल के अंदर भाग गया। श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने कुछ दूरी तक उसका पीछा किया, लेकिन अपने घायल साथियों को प्राथमिक उपचार देने के लिए वापस लौटना पड़ा। गोली से घायल होने और खून बहने के बावजूद दोनों कांस्टेबल बहादुरी, साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए, वहां पर डटे हुए विद्रोहियों पर अभी भी निडरतापूर्वक गोलीबारी कर रहे थे। श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने और वक्त बर्बाद न करते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना दोनों कांस्टेबलों को खतरे के क्षेत्र से बाहर निकाला। उन्होंने अपने दल से आठ कांस्टेबलों को तैनात किया जिन्होंने पहाड़ी क्षेत्र में 5 किमी. की दूरी तय करने के बाद घायलों को सड़क मार्ग तक पहुंचाया। वे फिर से लड़ाई में शामिल हो गए और उन्होंने अपने दल को आगे बढ़ने का आदेश दिया क्योंकि घायल होने के कारण विद्रोहियों की ओर से गोलीबारी कम हो गई थी। सैन्य दल ने आगे बढ़ना शुरु किया और विद्रोहियों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। सैन्य दल ने उनका पीछा किया लेकिन वे क्षेत्र का फायदा उठाकर और क्षेत्र की जानकारी होने के कारण घने जंगल में बचकर निकलने में सफल रहे।

श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने अभियान के दौरान सही, शीघ्र और समय पर कार्रवाई करके जबरदस्त साहस और धैर्य तथा अभियान कमांडर की उत्कृष्ट विशेषताओं का प्रदर्शन किया। पहले तो वे विद्रोहियों से भीषणता से लड़े और जब उनके साथी घायल हो गए तो उन्होंने उन्हें गोलीबारी के स्थल से सुरक्षित रूप से हटाया जो मानव जीवन के प्रति उनकी चिंता को दर्शाता है। उन्होंने विशिष्ट सूझ–बूझ और सक्रिय अभियान क्षमताओं का प्रदर्शन किया जिसके कारण विद्रोहियों की काफी क्षति पहुंची और उनका शिविर नष्ट कर दिया गया तथा इसके साथ ही साथ घायल सैनिकों की जान भी बचाई जा सकी।

शिविर की तलाशी के दौरान अन्य आपत्तिजनक और इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारुद बरामद हुआ। मुख्य बरामदगी इस प्रकार थीं – 03 पिस्तौलें, 07 मैगजीनें, 01 क्लेमोर माइन, अनेक प्रकार के हथियारों के 144 राउंड, 07 वायरलेस सेट और 19 डेटोनेटर। बरामदगी के अलावा, मुठभेड़ स्थल पर बड़ी मात्रा में खून के धब्बे और हथियारों की मैगजीन पर गोली लगने के निशान से पता चला कि मुठभेड़ के दौरान कुछ विद्रोही गंभीर रूप से घायल हुए थे।

सम्पूर्ण लड़ाई के दौरान, श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने आगे रह कर सैन्य दल का नेतृत्व किया और उत्कृष्ट कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया। कांस्टेबल/जीडी खोट सागर और कांस्टेबल/जीडी के. वेंकटचलम ने भी गोलियों से गंभीर रूप घायल होने के बावजूद उत्कृष्ट कोटि के साहस और वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, के. वैंकटाचलम, कांस्टेबल और खोट सागर रामचन्द्र, कांस्टेबल ने अदम्यम वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 146–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. रिनचेन वांगयाल दावा,
कमांडेंट

02. धरमपाल,
सहायक कमांडेंट

03. प्रवीण कुमार,
कांस्टेबल

04. उत्तम कुमार धुर्वे,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री आर.डब्ल्यू. दावा, कमांडेंट, 201 कोबरा ने पुलिस स्टेशन जागरगुंडा, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत एक माओवादी गढ़, पिडिया के जंगलों में व्यापक छानबीन करने के लिए एक अभियान की योजना बनाई। तदनुसार, दिनांक 02.11.2013 को रात में राज्य पुलिस कर्मियों के साथ 201 कोबरा की तीन कंपनियों ने चोरी–छिपे जंगल में प्रवेश किया और दिनांक 03.11.2013 की सुबह क्षेत्र की छानबीन आरंभ कर दी। क्षेत्र की व्यापक तलाशी लेने के बाद, सैन्यदल ने सामरिक रूप से अलग रास्ता अपना कर क्षेत्र से वापस आने की योजना बनाई। लगभग 1630 बजे, जब सैन्य दल गांव कोयम के निकट थे और एक छोटी पहाड़ी को पार कर रहे थे, तो चोटी पर घात लगाकर छिपे माओवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। श्री धरमपाल, सहायक कमांडेंट की कमांड में अग्रणी दल ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और उपलब्ध कवर के पीछे पोजीशन ले ली। श्री धरमपाल, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों की गोलीबारी का जवाब देते हुए शत्रु की अवस्थिति और उनकी शक्ति का आकलन किया और इसकी सूचना अपने कमांडर श्री आर. डब्ल्यू. दावा को दी। रणनीतिक जवाबी हमला करने के लिए श्री आर.डब्ल्यू.दावा ने तीन दिशाओं से सम्मिलित एक कंपनी को पहाड़ी के बायीं ओर जाने और दूसरी कंपनी को पहाड़ी के दायीं और जाने का आदेश दिया। सैन्य दल को दो दिशाओं में आगे बढ़ने का आदेश देने के बाद, वे स्वयं अपने सैन्य दल की सहायता करने के लिए गोलियों की लगातार बौछार के बीच आगे बढ़े। आगे पहुंचने पर उन्होंने स्थिति का आकलन किया और माओवादियों की ओर से आती गोलीबारी की मात्रा से उन्होंने पता लगा लिया कि माओवादियों की संख्या एक प्लाटून से अधिक नहीं है। सीमित संख्या में शत्रु की मात्रा पर विचार करते हुए, उन्होंने उनका सामना करने का निर्णय लिया और श्री धरमपाल, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी उत्तम कुमार धुर्वे और कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार के साथ कवर और सहायक गोलीबारी के बीच रेंगकर आगे बढ़े। सैन्य दल भी अपने कमांडरों के पीछे आया और दल ने गोलीबारी करो और आगे बढ़ो की रणनीति अपनाकर आगे बढ़ना शुरु किया। सैन्य दल चोटी की ओर मुश्किल से 20 मीटर ही आगे बढ़े थे, जब बायीं और दायीं पहाड़ियों में छिपे माओवादियों ने भी उन पर गोलीबारी आरंभ कर दी। श्री आर.डी. दावा, कमांडेंट को यह समझने में कोई समय नहीं लगा कि यह उनके द्वारा लगाए गए अनुमान से कहीं अधिक घात लगाकर किया गया हमला है। यह माओवादियों की उनके भ्रमित करने वाले दल की ओर बढ़ने और सभी ओर से उन पर हमला करने वाले सैन्य दल को फंसाने की योजना थी। उनकी यह रणनीति किसी अन्य दल और कमांडर पर कार्य कर सकती थी लेकिन श्री आर. डब्ल्यू दावा, कमांडेंट और सैन्य दल के समक्ष उनकी रणनीति सफल नहीं हुई। इस आकस्मिक स्थिति और अचानक हमले के लिए तैयार श्री आर डब्ल्यू. दावा, कमांडेंट ने अपनी दो कंपनियों को तेजी से आगे बढ़ने और बायीं तथा दायीं पहाड़ियों में छिपे माओवादियों पर जवाबी हमला करने का आदेश दिया। दोनों कंपनियां शत्रु की भारी गोलीबारी के बीच कठिन चढ़ाई करते हुए माओवादियों के निकट पहुंची और उन पर हमला कर दिया। दोनों के बीच काफी नजदीक से भीषण गोलीबारी हुई। जैसे ही बायीं और दायीं ओर से गोलीबारी कम हुई, श्री आर.डब्ल्यू. दावा ने अपने दल को आगे बढ़ने और माओवादियों के भ्रमित करने वाले दल पर हमला करने का आदेश दिया। सैन्य दल रेंगकर आगे बढ़ा और देखा कि माओवादी अस्थायी रूप से निर्मित सुरक्षित मोर्चो के पीछे छिपे हैं और वहां से लगातार गोलीबारी कर रहे हैं। लगातार गोलीबारी और बीच–बीच में ग्रेनेड फेंके जाने से सैन्य दल का और आगे बढ़ना असंभव हो गया। इस गतिरोध पर काबू पाने के लिए, श्री आर. डब्ल्यू. दावा ने कांस्टेबल/जीडी उत्तम कुमार धुर्वे को मोर्चों पर यूबीजीएल फायर करने का आदेश दिया, लेकिन शिलाखंडों, पेड़ों और भीषण गोलीबारी के बीच सैन्य दल की सीमित गतिविधि के कारण वह भी प्रभावी साबित नहीं हुआ। रणनीति को काम न करता देखकर श्री आर. डब्ल्यू. दावा ने सामने वाले मोर्चे पर किनारे से हमला करने के लिए दो सहायक समूह बनाने का निर्णय लिया। श्री आर. डब्ल्यू. दावा और कांस्टेबल/जीडी प्रवीण का पहला समूह रेंगकर दायीं ओर गया और धरमपाल, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी उत्तम कुमार धुर्वे का दूसरा समूह रेंगकर बायीं ओर गया। इन समूहों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अधिक साहस और अदम्य वीरता का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण के लिए एक अलग दिशा प्राप्त करने के लिए गोलियों के बीच आगे

बढ़ना जारी रखा। हमले के लिए दिशा मिलने पर, उन्होंने माओवादियों पर भारी गोलीबारी की। तीन दिशाओं से घिरा हुआ जानकर माओवादियों ने ग्रेनेड फेंकने के साथ–साथ अपने शस्त्रागार के सभी हथियारों का उपयोग किया लेकिन शीघ्र ही वे हतोत्साहित हो गए और पीछे हटना शुरू कर दिया। आगे बढ़ने का कुछ स्थान मिलने के बाद, दोनों समूहों ने भारी गोलीबारी और ग्रेनेड के विस्फोटकों की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस एवं वीरता का प्रदर्शन किया और उनकी ओर आगे बढ़ते हुए माओवादियों पर अंतिम हमला शुरू कर दिया। इसमें उनकी जान को जोखिम था, लेकिन इसकी परवाह किए बिना समूह आगे बढ़े और माओवादी समूह के नजदीक आ गए। इसके बाद हुई निकट गोलीबारी में उन्होंने दो माओवादियों को मारा गिराया, जबकि अन्य माओवादियों ने घने जंगल और ऊबड़–खाबड़ क्षेत्र का लाभ उठाकर भागना शुरू कर दिया। श्री आर. डब्ल्यू. दावा, कमांडेंट और उनके तीन बहादूर सैनिक इस अवसर को खोना नहीं चाहते थे और उन्होंने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा करने के दौरान एक माओवादी के टखनों को मोच आ गई और वह गिर गया। जैसे ही श्री आर. डब्ल्यू. दावा उस पर काबू करने के लिए आगे बढ़े, उसने श्री आर. डब्ल्यू. दावा की ओर गोली चलाई लेकिन वे आश्चर्यजनक रूप से बच गए। यह देखकर श्री धरमपाल, सहायक कमांडेंट ने गिरे हुए माओवादी पर तेजी से झपट्टा मारा और उसे पकड़ लिया। तब तक अन्य पहाड़ियों पर भी गोलीबारी बंद हो गई थी, क्योंकि अपनी योजना को असफल पाकर घात लगाकर बैठे माओवादियों ने वहां से सुरक्षित भागना ही सही समझा। बाद में क्षेत्र की तलाशी ली गई और एक इंसास राइफल, दो एसबीएमएल बन्दूक, 48 राउन्ड और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ माओवादियों के दो शव बरामद हुए। बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि इस भीषण मुठभेड़ में 6–7 अन्य माओवादी भी घायल हुए थे लेकिन वे घटना–स्थल से भागने में सफल हो गये।

श्री आर. डब्ल्यू. दावा, कमांडेंट और श्री धरमपाल, सहायक कमांडेंट ने अभियान की योजना बनाने और सामरिक रूप से इसे पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल आगे रहकर व्यक्तिगत रूप से सैन्य दल का नेतृत्व किया बल्कि वीरता से भी लड़े। यह भी उल्लेखनीय है कि माओवादियों के विरुद्ध किसी भी अभियान में आधुनिक हथियारों के साथ शवों की बरामदगी बहुत कम होती है लेकिन इस मामले में यह केवल अनुशंसित व्यक्तियों के वीरतापूर्ण प्रयासों से ही संभव हो सका।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रिनचेन वांगयाल दावा, कमांडेंट, धरमपाल, सहायक कमांडेंट, प्रवीण कुमार, कांस्टेबल और उत्तम कुमार धुर्वे, कांस्टेबल ने अदम्यक वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 147–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. विकास सडौत्रा,
कांस्टेबल

02. चमचम कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जिला बीजापुर में पुलिस स्टेशन गंगालूर के अंतर्गत गांव पेडिया के सामान्य क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट आसूचना पर, उप महानिरीक्षक (आपरेशन) सीआरपीएफ (बीजापुर) ने पुलिस अधीक्षक, बीजापुर के साथ परामर्श करके एक अभियान की योजना बनाई। दिनांक 18.05.2013 को छह अलग–अलग स्थानों से छह हमला दलों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। श्री एस. इलांशो, पुलिस उप महानिरीक्षक की कमान में ऐसा ही एक हमला दल दिनांक 17.05.2013 को लगभग 2215 बजे दांतेवाड़ा से चला। इस हमला दल में एसएटी सीआरपीएफ बीजापुर, 170वीं बटालियन, सीआरपीएफ, 199वीं बटालियन सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के सैन्य दल शामिल थे। दल रिहाइशी मकानों से बचते हुए सारी रात घने जंगल में चलता रहा और अगली सुबह गांव वेंगपाल के निकट पहुंचा। लगभग 0900 बजे जब सैन्य दल गांव और इसके आस–पास के जंगल की तलाशी ले रहा था, तब जंगल में छिपे माओवादियों ने सैन्य दल पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी जिसका जवाब दिया गया। तथापि, माओवादी घने जंगल और क्षेत्र का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे लेकिन जंगल में उनके छिपने के स्थान से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। माओवादियों के साथ दूसरी मुठभेड़ लगभग 1845 बजे हुई जब सैन्य दल गांव पुरांगल की तलाशी ले रहा था। दो मुठभेड़ों से स्पष्ट था कि क्षेत्र में माओवादी काफी अधिक संख्या में मौजूद हैं। माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए, कमांडर ने रात्रि में गांव के निकट जंगल में शांति बनाए रखने और माओवादियों के लिए जाल बिछाने का निर्णय लिया। अगली सुबह भोर से पहले सैन्य दल को छोटे दल में विभाजित किया गया और गांव की ओर आने वाले सभी मार्गों पर घात लगाने के लिए भेजा गया। एसएटी सीआरपीएफ के कर्मियों वाला ऐसा एक दल जब गांव के पीछे एक पहाड़ी की ओर जा रहा था, तब घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पहाड़ी की चोटी से उन पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। माओवादियों, जिन्हें विश्वास था कि सैन्य दल रात्रि के दौरान वापस नहीं गया है, बल्कि जंगल में छिपा हुआ है, ने घात लगाकर योजनाबद्ध हमला किया। वे गांव के चारों ओर अनुकूल ऊंचाई पर और सैन्य दल की वापसी के प्रत्याशित मार्ग पर थे। माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए, कांस्टेबल/जीडी विकास सडौत्रा और

कांस्टेबल/जीडी चमचम कुमार ने जबरदस्त साहस का प्रदर्शन किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना माओवादियों के निकट पहुंचने और अंतिम हमला करने के लिए पहाड़ी के ऊपर गए। माओवादियों ने घात लगाकर हमले की योजना बारीकी से बनाई थी और सैन्य दल की इस गतिविधि की प्रतीक्षा कर रहे थे क्योंकि पास ही पहाड़ी में छिपे माओवादियों के अन्य समूह ने भी उन पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। दोनों दो दिशाओं से हुई गोलीबारी में फंस गए और उन पर जान का खतरा मंडरा रहा था। दूसरे दल के हमले का जवाब देने के लिए, कमांडर ने अन्य दल को हमला करने और उन्हें उलझाने का आदेश दिया। इसके साथ–साथ, बढ़ती गोलीबारी और उन पर फेंके जा रहे ग्रेनेडों को देखकर, दोनों कांस्टेबल जो, सबसे आगे थे, ने यूबीजीएल से फायर करने का निर्णय लिया। वे चारों ओर से जमीन पर लगती गोलियों की परवाह किए बिना, वीरतापूर्वक अपने कवर से बाहर आए और खड़े होकर गोलीबारी की क्योंकि लेटकर गोलीबारी करना मुश्किल था। यूबीजीएल की फायरिंग से माओवादियों का आत्मविश्वास हिल गया जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी कम हो गई। इसी प्रकार, माओवादियों के दूसरे दल के साथ उलझने से उस दिशा से गोलीबारी बंद हो गई। इसका लाभ उठाकर, दोनों जांबाज रणनीतिक तरीके से माओवादियों की पोजीशन की ओर बढ़े। नजदीक पहुंचने पर, उन्होंने देखा कि एक माओवादी लगातार सैन्य दल पर गोलीबारी कर रहा है। कीमती समय गवांए बिना, दोनों बहादुर सैनिकों की सटीक और लक्षित गोलीबारी से उसे मार गिराया गया। अपने एक कैडर की यह दशा देखकर माओवादियों ने एक–दूसरे की सहायक गोलीबारी के बीच क्षेत्र से भागना शुरु कर दिया। दोनों ने कुछ दूरी तक उनका पीछा किया तथा कुछ और माओवादियों को घायल कर दिया, लेकिन वे पहाड़ी क्षेत्र, घने जंगल और अपने पहले से निर्धारित बचने के मार्गों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बाद में क्षेत्र की तलाशी लेने पर, एक माओवादी का शव बरामद हुआ। बाद में जिसकी पहचान मुन्डाम मासु (मिलिट्री डिप्टी कमांडर), उम्र 27 वर्ष, एक सक्रिय कैडर के रूप में हुई। क्षेत्र की तलाशी में एयर गन–01, जिलेटिन स्टिक–02 पैकेट, कोरडेक्स तार–15 मीटर, धनुष/बाण–12, बर्तन, किट बैग, वर्दियां, बैनर–03, पैम्फलेट, साहित्य आदि भी मिले।

अनुकूल पोजीशन लिए हुए एवं पहले से घात लगाकार बैठे माओवादियों ने सैन्य दल पर भारी गोलीबारी की, लेकिन 170 बटालियन के कांस्टेबल/जीडी विकास सडौत्रा और 168 बटालियन, सीआरपीएफ के कांस्टेबल/जीडी चमचम कुमार ने विशिष्ट साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और जवाबी हमला किया। इन दोनों कार्मिकों की वीरतापूर्ण और ठीक समय पर की गई कार्रवाई ने माओवादियों की घात को तोड़ दिया, जिससे वे अपने पीछे एक शव, हथियार और अन्य उपकरण छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। यद्यपि वे सीधी गोलीबारी के सामने थे, तथापि, इन दोनों कार्मिकों के वीरतापूर्ण कार्य ने अनेक सैनिकों की जानें बचाई और माओवादियों की घृणित योजनाओं को विफल किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विकास सडौत्रा, कांस्टेबल और चमचम कुमार कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 148–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. हरमिन्दर सिंह,
सेकेन्ड–इन–कमांड

02. नरेन्द्र कुमार,
कांस्टेबल

03. भूदेव सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पृष्ठभूमि :–आसूचना एजेंसियां झारखंड के लातेहार–गढ़वा और छत्तीसगढ़ राज्य के निकटवर्ती बलरामपुर के तिहारे पर बूढ़ा पहाड़ में विभिन्न शिविरों में भारी संख्या में नक्सलियों के एकत्र होने की सूचना उपलब्ध करा रही थीं। सूचना का विश्लेषण करने पर पता चला कि दर्जनों शीर्ष नक्सली नेताओं के साथ देवकुमार सिंह उर्फ अरविंद जी सी/सी सदस्य के नेतृत्व में क्षेत्र में 300–350 नक्सली इकट्ठा हुए हैं। नक्सलियों ने क्षेत्र में कम से कम तीन शिविर लगाए थे और नए भर्ती किए गए सैंकड़ों कैडरों को प्रशिक्षण दे रहे थे। (1) 80+कैडरों के साथ चेनराकोना नाला के निकट पहला शिविर (2) 100–120 कैडरों के साथ चेमो सानिया पहाड़ियों पर दूसरा शिविर और (3) 60–70 कैडरों के साथ बूढ़ा पहाड़ की निचली पहाड़ी पर लातू के निकट तीसरा शिविर । सानिया शिविर इस दूरस्थ क्षेत्र में किसी भी हमले का जवाब देने के लिए सामरिक रूप से स्थित था जहां किसी भी दिशा से पहुंचना कठिन था। इसलिए नक्सली गतिविधियों से बूढ़ा पहाड़ को खाली कराने के लिए सानिया शिविर पर धावा बोलना और इसे ध्वस्त करना सबसे महत्वपूर्ण और सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण कार्य था।

वीरतापूर्ण कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण :

तदनुसार पहले सानिया शिविर को ध्वस्त करने और शेष शिविरों पर आगे हमला करने के लिए लिए क्षेत्र को मुक्त कराने की योजना बनाई गई। 203 के 06 दल और 209 कोबरा के 02 दल तथा झारखंड जगुआर के पांच हमला समूह बनाए गए थे और "ऑक्टोपस फेज–।।" में सानिया वन क्षेत्र पर धावा बोलने और मुक्त कराने के उद्देश्य से दिनांक 07–08/04/2012 को मंडल सहायता शिविर में रखा गया था। श्री राजीव राय, कमांडेंट–203, जिनकी कमांड में हमला बलों को नक्सली शिविर पर छापा मारने का कार्य सौंपा गया था, ने सम्पूर्ण दल को ब्रीफ किया और इस दूरस्थ क्षेत्र में नक्सली रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने अपनाए जाने वाले जवाबी उपायों के बारे में भी बताया। दिनांक 09.04.2012 को लगभग 0030 बजे श्री राजीव राय, कमांडेंट 203 की समग्र कमान में 04 हमला बल (02 दल कोबरा+01 –01 झारखंड जगुआर) चेमो–सानिया धुरी के लिए चले और सुबह होने से पहले पूर्व–निर्धारित स्थान (आरवी) पर पहुंचे। योजना के अनुसार पुनर्गठन किया गया और चूंकि खुफिया सूचनाओं से पता चला था कि नक्सलियों ने छापा मारने वाले दल को पीछे से फंसाने की योजना बनाई है, इसलिए ऐसे किसी प्रयास को रोकने के लिए हमला दल–1 के साथ श्री राजीव राय, कमांडेंट 203 की कमान में मजबूत बैक सपोर्ट को सामरिक तरीके से उत्तर पूर्वी किनारे पर रखा गया और हमला दल–3 को श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में सानिया पहाड़ी के उत्तर पश्चिमी किनारे पर रखा गया। दो हमला दल, श्री हरमिन्दर सिंह, 2–आई/सी–203 कोबरा की कमान में हमला दल–2 और 2–आई/सी 209 कोबरा श्री विनोद टोप्पो की कमान में हमला दल–4 को नक्सली शिविर की ओर दो स्थानों से आगे बढ़ने के लिए लगाया गया। इशारों में अभियान की योजना बनाई गई (दो हमला दल आगे बढ़ते हुए क्षेत्र पर कब्जा करेंगे, फिर सहायक हमला दल आगे बढ़ेंगे और क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त कराएंगे और कब्जा करेंगे)। लगभग 1030 बजे तक दलों ने आधे सानिया जंगल का निरीक्षण कर लिया और एक समन्वित तरीके से आगे बढ़ने के लिए पुनर्गठित होने के लिए रुके। श्री राजीव राय, कमांडेंट 203, जिन्होंने उन्हें क्षेत्र में बारुदी सुरंगों के लिए अधिक सावधान रहने के लिए सतर्क किया क्योंकि आसूचना से पता चला था कि एक ही बार में अधिकतम क्षति पहुचाने के लिए नक्सलियों ने बारुदी सुरंगों वाला 200'x200' आकार का एक मारक क्षेत्र तैयार किया है। जैसे ही दल रणनीतिपूर्वक आगे बढ़े, नक्सलियों ने बारुदी सुरंग वाले क्षेत्र में विस्फोट कर दिया जिसके कारण दोनों हमला दलों का अगला भाग 200'x200' के क्षेत्र में आच्छादित धूल और धुंए से ढक गया। इस विस्फोट के बाद मशरूम जैसी पहाड़ी के चारों और पोजीशन लिए हुए नक्सलियों ने श्रृंखलाबद्ध आईईडी विस्फोट किए और भारी गोलीबारी की। श्री हरमिन्दर सिंह 2–आई/सी–203 और श्री शैलेश कुमार, सहायक कमांडेंट हमला दल–2 का अग्रिम दल और श्री विनोद टोप्पो, 2–आई/सी और हमला दल–4 का उनका अग्रिम दल आईईडी विस्फोट और नक्सलियों की गोलीबारी के बीच आ गए। श्री हरमिंदर सिंह, 2 आई/सी–203 कोबरा ने धैर्य से काम लिया और श्री विकास सिंह, सहायक कमांडेंट, जो दल सं. 14 को नेतृत्व कर रहे थे, को कवर फायर देने का आदेश दिया। श्री हरमिंदर सिंह, 2 आई/सी, श्री शैलेश कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी हरमिंदर सिंह और छापा मारने वाले दल के अन्य सदस्य सुरक्षित और ऊपर की पोजीशन की ओर रेंगकर पीछे गए और जोरदार जवाबी कार्रवाई की। इसी प्रकार कवर फायर के तहत श्री विनोद टोप्पो, 2–आई/सी और श्री कुमार ब्रजेश, सहायक कमांडेंट और उनका दल भी सुरक्षित रूप से वापस आए और प्रभावी रूप से जवाबी कार्रवाई की। मारक क्षेत्र में बारुदी सुरंगों के विस्फोट से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। ऐसी प्राण घातक स्थिति में जब नक्सली बीच–बीच में आईईडी का विस्फोट कर रहे थे और हमला दल पर भारी गोलीबारी कर रहे थे, श्री हरमिंदर सिंह, 2 आई/सी, 203, श्री शैलेश कुमार, सहायक कमांडेंट, श्री विकास सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल धरमिंदर द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व के स्तर और बहादुरी से न केवल नक्सली हमले को रोका जा सका, बल्कि उन्हें पीछे धकेलने के लिए भीषण जवाबी कार्रवाई भी की गई। दायीं दिशा पूर्ण रूप से कब्जे में थी और इस गोलीबारी में 6–7 नक्सली घायल हुए, जिन्हें गिरते हुए देखा गया। यह भीषण युद्ध दोनों ओर से भारी गोली बारी के साथ जारी रहा। श्री बिनोद टोप्पो, 2 आई/सी, 209, श्री कुमार ब्रजेश और कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह बायीं दिशा की ओर गए और वे भी नक्सलियों से बहादुरी और वीरतापूर्वक लड़ रहे थे। इस भीषण गोलीबारी के दौरान कुछ और नक्सली घायल हुए जिन्हें गिरते हुए देखा गया। इससे नक्सली हताश हो गए और उन्होंने आईईडी एवं क्लेमोर सुरंगों का विस्फोट करना और हमला बलों पर देशी ग्रेनेड फेंकना शुरु कर दिया। भीषण मुठभेड़ के बीच सानिया गांव की पश्चिमी पहाड़ियों और जंगल से एक नक्सली दस्ते (35–40) को लड़ाई में शामिल हमला दल को पीछे से घेरने के लिए मुठभेड़ स्थल की ओर आते देखा गया इस गतिविधि को श्री राजीव राय, कमांडेंट–203 कोबरा द्वारा देखा गया जिनके दल को सामरिक रूप से रखा गया था। उन्होंने तुरंत सीजीआरएल तैयार किया और 04 एचई बम फायर किए जिसके बाद तुरंत गोलियां बरसाई, जिसमें दस्ते के अगले भाग में पांच नक्सलियों को उड़ते हुए देखा गया और शेष नक्सली चिल्लाते हुए वापस हटने पर मजबूर हो गए। श्री राजीव राय, कमांडेंट–203 कोबरा नक्सलियों का सामना करने के लिए अपने दल के साथ आगे बढ़े। इधर–उधर स्थित घरों और वन में छिपे नक्सलियों ने सैन्य दल पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल/जीडी भूदेव सिंह के पैर में गोली लगी। श्री राजीव राय, कमांडेंट, 203 कोबरा ने आगे आकर नेतृत्व करते हुए एवं उच्चस्तरीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए सैन्य दल का उत्साह बनाए रखा और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वीरतापूर्वक लड़े। इस लड़ाई में कुछ और नक्सली गोली लगने से घायल हो गए जिससे नक्सली हताश हो गए और वे प्रतिकूल क्षेत्र और घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। सम्पूर्ण क्षेत्र की पूर्ण तलाशी ली गई और कांस्टेबल/जीडी भूदेव सिंह को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई। नक्सलियों के साथ सम्पूर्ण मुठभेड़ 06 घंटे से अधिक समय तक चली जिसमें सीजीआरएल, एजीएल और यूबीजीएल सहित सभी प्रकार के हथियारों का उपयोग किया गया। इस मुठभेड़ में नक्सलियों की ओर से गोलीबारी पूर्णतः बंद हो गई और हमला दल 1, 2 और 4 से आठ कार्मिकों के घायल होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई। चूंकि नक्सली भाग गए थे, इसलिए घायल कार्मिकों को सूर्यास्त से पूर्व मंडल बेस (जो मुठभेड़ स्थल से 19 किमी. की दूरी पर था) भेजने का निर्णय लिया गया ताकि उन्हें हेलीकाप्टर की मदद से आगे अपोलो हास्पिटल, रांची भेजा जा सके। नक्सली शिविर क्षेत्र की तलाशी बाद में ली जा सकी। सभी घायलों को अस्थायी स्ट्रेचर द्वारा पैदल मंडल बेस भेजा गया जहां से उन्हें हेलीकाप्टर द्वारा अपोलो हास्पिटल, रांची भेजा गया। इस प्राणघातक स्थिति में सैन्य दल ने अपनी रक्षा और संरक्षा की परवाह किए बिना कर्त्तव्य के प्रति उच्चस्तरीय समर्पण को दर्शाते हुए चुनौती पर खरे उतरे और इस प्रकार कभी न लड़े गए ऐतिहासिक युद्ध में सर्वाधिक अजेय नक्सली शिविर को ध्वस्त किया। नक्सलियों ने चार सौ से अधिक बारुदी सुरंगों का विस्फोट किया और हमला दल पर सैंकड़ों गोलियां चलाईं। सानिया शिविर को ध्वस्त करना नक्सलियों के लिए बहुत बड़ा आघात था क्योंकि इससे उन्हें क्षेत्र में अपने सभी शिविरों को बंद करने तथा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को पूर्णतः

खाली करने के लिए विवश होना पड़ा। स्थानीय लोगों और मीडिया ने 15–20 नक्सलियों (ईआरबी–1 कंपनी के शिखर 2–आई/सी, बबलू, सरजू, बलबीर, अक्षय कोबरा, गोपाल आदि) के मारे जाने और 20 से अधिक कैडरों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना दी। नक्सलियों पर इस प्रभुत्व के प्रभाव से अनेक नए रंगरूट प्रशिक्षण शिविरों से भागने पर मजबूर हो गए और बाकी नक्सलियों को उनके माता–पिता जबरदस्ती ले गए। इस प्रकार झारखंड और छत्तीसगढ़ सीमा पर सर्वाधिक कठिन और दूरस्थ क्षेत्र, जो नक्सलियों के अधिकार क्षेत्र में था, को सभी नक्सली गतिविधियों से पूर्णतः मुक्त करा लिया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री हरमिन्दर सिंह, सेकन्ड–इन–कमांड, नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल और भूदेव सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.04.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं.149–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री परवल परिमल, (मरणोपरांत)
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सीआरपीएफ की 07वीं बटालियन की एफ कंपनी झारखंड के जिला पूर्वी सिंहभूम में पुलिस स्टेशन गोइलकेरा के अंतर्गत तैनात थी। खुफिया जानकारी के आधार पर दिनांक 08.06.2009 को एक अभियान की योजना बनाई गई और अभियान आरंभ किया गया। निरीक्षक/जीडी परवल परिमल अभियान को कमांड कर रहे थे और क्षेत्र में प्रभावी तलाशी के लिए गांव सेरेगाटा में दो पलाटूनों के साथ एक बेस शिविर स्थापित किया गया था। क्षेत्र की पूर्ण तलाशी ली गई और दो मोटरसाइकिलों के साथ तीन माओवादी पकड़े गए। सैन्य दल ने क्षेत्र में एलयूपी लिया और अगली सुबह वापस जाने का निर्णय लिया।

योजना के अनुसार सैन्य दल सेरेगाटा से तड़के पैदल चले और गांव सारुगाडा पहुंचे, जिसके आगे काली सड़क थी। सैन्य दल वाहनों में चढ़े और आगे बढ़े। लगभग 0610 बजे जैसे ही सैन्य दल ने गांव सारुगाडा को पार किया, माओवादियों ने उन पर घात लगाकर हमला किया। माओवादियों ने पहले एक शक्तिशाली आईईडी का विस्फोट किया, जिसके बाद भीषण गोलीबारी की और उसके बाद अनेक आईईडी का विस्फोट किया। सबसे शक्तिशाली आईईडी टाटा स्पेसियो वाहन के नीचे फटा जिससे वाहन हवा में उड़ गया और उसके टुकड़े–टुकड़े हो गए। इन विस्फोटों में नौ पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए और घात लगाकार किए गए हमले के प्राण घातक क्षेत्र में फंस गए। निरीक्षक/जीडी परवल परिमल, जो पहले वाहन में थे, ने तुरंत अपना वाहन रोका और अपने सैन्य दल को घायलों को निकालने के लिए विस्फोट स्थल की ओर रणनीतिक तरीके से जाने का आदेश दिया। उस समय मुख्य उद्देश्य माओवादियों की गतिविधि को रोकना था जो पकड़े गए अपने साथियों को छुड़ाने और अंतिम हमला करने के लिए आ रहे थे। निरीक्षक/जीडी परवल परिमल ने अत्यधिक दृढ़ता और सूझ–बूझ का प्रदर्शन करते हुए अपने दल को तुरंत माओवादियों पर भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया जिससे उन्हें उनके ट्रैक में रोका जा सके। सैन्य दल ने उनकी कमान में जैसे ही आगे बढ़ना शुरु किया, माओवादी पहाड़ियों के ऊपर अपनी सुरक्षित पोजीशनों पर और अपने सुरक्षित मोर्चों के पीछे वापस चले गए। निरीक्षक/जीडी परवल परिमल ने अपने सैन्य दल को पुनर्गठित किया, उनमें एक नया संकल्प भरा और माओवादियों पर दूसरा जवाबी हमला किया। माओवादियों ने रणनीतिक तरीके से स्थल का चयन किया था क्योंकि इसके चारों और पहाड़ियां थीं और उन्होंने सुरक्षित पोजीशनों के पीछे पहाड़ी के ऊपर अपना ठिकाना बना रखा था और वहां से भारी गोलीबारी कर रहे थे। यह देखकर कि माओवादी सुरक्षित ऊंचाई पर हैं और सैन्य दल की गतिविधि पर नजर रख रहे हैं, उन्होंने क्षेत्र हथियारों से विधिवत समर्थित अलग–अलग दिशाओं से उन पर एक साथ हमला करने की योजना बनाई। उन्होंने हेड कांस्टेबल/जीडी (अब उप निरीक्षक/जीडी) केवलानंद डंगवाल को अपनी टुकड़ी के साथ पीछे से हमला करने का आदेश दिया, जबकि उन्होंने आगे आकर स्वयं हमले का नेतृत्व किया। माओवादियों ने सामने की ओर बारुदी सुरंगों का विस्फोट करने के साथ–साथ अपनी लगभग अजेय सुरक्षा से सैन्य दल को मुसीबत में डाल दिया था। अपनी जान की परवाह न करते हुए निरीक्षक/जीडी परवल परिमल साहसी लड़ाकों के एक छोटे समूह के साथ पहाड़ी की ओर आगे बढ़े। उन्होंने उपलब्ध न्यूनतम कवर का उपयोग करते हुए माओवादियों के निकट पहुंचने के लिए रेंगकर रास्ता पार किया, और उन पर निरंतर गोलीबारी करते हुए भीषण हमला किया। सामने के हमले से लाभ मिला क्योंकि कुछ माओवादी घायल हो गए जबकि अन्य आश्चर्यचकित हो गए और उन्हें पीछे हटना पड़ा। निरीक्षक/जीडी परवल परिमल, जो आगे आकर हमले का नेतृत्व कर रहे थे, इस हमले में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन उन्होंने इतनी आसानी से हार नहीं मानी। लगातार होती गोलीबारी में फंसे, जहां कवर के रूप में उनके द्वारा उपयोग किए गए शिलाखडों पर गोलियों की बौझार हो रही थी और चारों तरफ मैदान था, निरीक्षक/जीडी परवल परिमल बहते खून और तीव्र दर्द की परवाह न करते हुए फिर से आगे आए और अपने दल को अंतिम हमला करने के लिए मोर्चो पर एक साथ 2" के मोर्टर फायर करने का आदेश दिया। चारों तरफ बरस रही गोलियों का सामना करते हुए दल के सदस्य मोर्टर की सहायक गोलीबारी के तहत रेंगकर आगे बढ़े। जैसे ही मोर्टर बमों का विस्फोट हुआ, माओवादी पूर्णतः उखड़ गए और उन्होंने अपने घायल कैडरों को लेकर एक के बाद एक भागना शुरु कर दिया। दुर्भाग्यवश निरीक्षक/जीडी परवल परिमल, जो

नजदीकी मुठभेड़ में बहादुरी और वीरतापूर्वक लड़े, ने घायल होने की वजह से दम तोड़ दिया और उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने युद्धक्षेत्र में शहादत प्राप्त की।

निरीक्षक परवल परिमल माओवादियों से समर्पण, जोश और साहस के साथ लड़े और कर्मियों, हथियारों और पुलिस कर्मियों के शवों को बचाया। उन्होंने अपनी जान को जोखिम होने पर भी जवाबी हमला करने के लिए सैन्य दल को संगठित किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सैन्य दल का नेतृत्व किया और मौत को चुनौती देने वाली वीरता का प्रदर्शन किया जिससे माओवादी अपने घायल कैडरों के साथ अपनी सुरक्षित पोजीशनों से भागने पर मजबूर हो गए और इस प्रकार सुरक्षा बलों को बड़ी मात्रा में हताहत करने और माओवादी कैडरों को छुड़ाने की घृणित योजना को विफल किया। गोली लगने से घायल होने के बावजूद निरीक्षक जीडी परवल परिमल ने हमला जारी रखा और इस भीषण युद्ध में उन्होंने स्वयं गोलियां चलाईं और कुछ माओवादियों को घायल किया।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री परवल परिमल, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.06.2009 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 150—प्रेज/2015—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अमित शर्मा, उप कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

02. कुलदीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन—सोंगसाक, जिला—ईस्ट गारो हिल्स, मेधालय के अंतर्गत गांव नोरेक बोल्लांग्रे के निकट जंगल में जीएनएलए के कैडरों के छिपने के ठिकाने के बारे में पुलिस अधीक्षक ईस्ट गारो हिल्स से प्राप्त अत्यंत विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर, कोबरा कमांडों द्वारा एक सतर्क अभियान की योजना बनाई गई जिसमें 210—कोबरा की ऑपरेशनल कमांड में 10 और 12 दल तथा मेघालय पुलिस के स्वाट दल शामिल थे। श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट को ऑपरेशनल—सह—हमला कमांडर बनाया गया और श्री कुलदीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट को सेकन्ड—इन—कमांड बनाया गया। श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट ने कमांडेंट—210 कोबरा श्री जोसफ किशिंग और पुलिस अधीक्षक ईस्ट गारो हिल्स के साथ क्षेत्र, शत्रु, बाधाओं आदि जैसे सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। क्षेत्र का आरंभिक सर्वेक्षण और विश्लेषण करने के बाद, 07 कट—ऑफ के साथ हमला दल दिनांक 22.06.2014 को लगभग 2200 बजे जंगल में गया। सारी रात कठिन और ऊबड़—खाबड़ क्षेत्र में कच्चे रास्ते से लंबी पैदल यात्रा करने के बाद संयुक्त दल दिनांक 23.06.2014 को लगभग 0430 बजे लक्ष्य क्षेत्र के निकट पहुंचे।

भोर में लगभग 0445 बजे, कट—ऑफ को बचने के संभावित मार्ग पर तैनात करने के पश्चात, श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट, 210 कोबरा बटालियन की कमान में हमला दल रणनीतिपूर्वक और चोरी—चोरी छिपने के स्थान की ओर बढ़ा। जैसे ही हमला दल अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंचा, झाड़ी के पीछे छिपे और पोजीशन लिए हुए विद्रोहियों के संतरी ने आगे बढ़ रहे सैन्य दल पर स्वचालित हथियारों से अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। हमला दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोली चलाओ तथा आगे बढ़ो की रणनीति अपनाकर संतरी की ओर बढ़े। लेकिन, शीघ्र आस—पास में उपस्थित कुछ अन्य विद्रोही भी युद्ध में शामिल हो गए और काफी निकट से भीषण युद्ध शुरु हो गया। श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट ने स्थल का शीघ्र विश्लेषण करने के बाद अपने सैन्य दल को भारी मात्रा में गोलीबारी करने जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया ताकि शत्रुओं का पता लगाया जा सके और आगे की रणनीति बनाई जा सके। जब गोलीबारी हो रही थी, तब उन्होंने अपने कट—ऑफ दलों से सम्पर्क किया और उन्हें विद्रोहियों और उनकी स्थिति के बारे में सूचित किया। उन्होंने कट—ऑफ सं. 03 पर तैनात श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट को भी आगे बढ़ने का आदेश दिया ताकि दो दिशाओं से हमला किया जा सके। अपनी व्यक्तिगत जानों की परवाह किए बिना श्री कुलदीप दहिया, सहायक कमांडेंट की कमांड में कट—ऑफ सं. 03 शत्रु की भारी गोलीबारी के बीच रेंगकर चले और श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट के निकट पहुंचे। विद्रोहियों ने सुरक्षित कवर के पीछे पोजीशन ली हुई थी और जब शत्रु अपने स्वचालित हथियार से तीव्रता से गोलीबारी कर रहा था, ऐसे में और आगे बढ़ना सैन्य दल के लिए घातक हो सकता था। विद्रोहियों पर जवाबी हमला करने के लिए, श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट ने श्री कुलदीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट को बांयी ओर जाने और शत्रु की पोजीशन पर एक के बाद एक ग्रेनेड फेंकने का आदेश दिया। लगातार ग्रेनेड फेंकने और यूबीजीएल की गोलीबारी का अच्छा परिणाम निकला और विद्रोही अपनी सुरक्षित पोजीशनों से वापस जाने लगे। श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट और श्री कुदलीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट तब विद्रोहियों के सामने आए और अपने संबंधित दल सदस्यों की यथोचित सहायता से उनकी ओर बढ़े। उन्होंने अपनी प्राणों की बिल्कुल भी परवाह नहीं की और अनुकरणीय

साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों को पीछे धकेलते हुए आगे बढ़ते रहे, जो उनकी ओर बढ़े रहे दल पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट और श्री कुदलीप दहिया, सहायक कमांडेंट ने उग्रवादियों की तीव्र और अंधाधुंध गोलीबारी में अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना महान नेतृत्व और विशिष्ट साहस का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों को अव्यवस्थित करने तथा उन्हें उनके ठिकाने से भगाने में सफल रहे। बहादुर अधिकारियों ने अपने सैन्य दल के साथ भाग रहे विद्रोहियों का पीछा किया और जीएनएलए के दो कैडरों को पकड़ने में सफल रहे। क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी लेने पर, उन्हें जीएनएलए विद्रोही का एक शव भी मिला, बाद में जिसकी पहचान चीमन सीएच. मोमिन, जिम्मी के सेकन्ड इन–कमांड (एरिया कमांडर) के रूप में हुई। पकड़े गए कैडरों की पहचान बिष्णु एम. संगमा और फातिमा एम. मारक के रूप में हुई। क्षेत्र से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारुद बरामद हुआ।

यह अभियान किसी सिविलियन अथवा सैन्य दल को किसी क्षति के बिना विशिष्ट रूप से निष्पादित किया गया। सम्पूर्ण मुठभेड़ के दौरान, श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट और 210 कोबरा बटालियन के श्री कुलदीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट ने आगे रहकर अपने सैन्य दलों का नेतृत्व किया और अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च स्तरीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया। उन्होंने प्राण घातक स्थिति में अपने प्राणों को जोखिम में डाला और अधिक सहायता के बिना मुठभेड़ का सामना किया और 01 खूंखार जीएनएलए को मार गिराया तथा 02 विद्रोहियों को गिरफ्तार कर लिया।

की गई बरामदगी :

- एके श्रृंखला की राइफल–01
- एके श्रृंखला की मैगजीन–06
- 7.62×39 एमएम के जिंदा गोलाबारुद–160 राउंड
- 7.65 एमएम की पिस्तौल–02
- 7.65 एमएम पिस्तौल की मैगजीन–03
- 7.65×25 एमएम के जिंदा गोलाबारुद–19 राउंड
- 08 जिंदा कारतूसों के साथ एक एसबीबीएल बंदूक
- विभिन्न क्षमता वाले 18 जिंदा गोलाबारुद
- .22 जिंदा गोलाबारुद के 07 राउंड
- एके गोलाबारुद के 24 खाली खोखे
- एचई ग्रेनेड–01
- वायरलेस सेट–03
- वायरलेस सेट चार्जर–02
- जिलेटिन मोम–बाल बियरिंग के साथ लगभग 400 ग्राम
- एक प्लास्टिक में पैक संदिग्ध विस्फोटक सामग्री

इस मुठभेड़ में श्री अमित शर्मा, उप कमांडेंट और कुलदीप सिंह दहिया, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.06.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 151–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अमरेन्द्र तिवारी,
सहायक कमांडेंट

02. अरविन्द ददोरिया,
उप निरीक्षक

03. हरीश कुमार,
हेड कांस्टेबल

04. संतोष कुमार पाण्डेय,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.11.2013 को पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय से पुलिस थाना विलियम नगर जिला ईस्ट गारो हिल्स (मेघालय) के अंतर्गत गांव चियोक्ग्रे के आम क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोहियों का एक शिविर होने की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, सुनियोजित योजना बनाए जाने तथा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद 210 कोबरा के सहायक कमांडेंट श्री अमरेन्द्र तिवारी की कमान में मेघालय पुलिस की स्वॉट टीम सहित 210 कोबरा की दो टीमों ने अभियान चलाया। दिनांक 27.11.2013 को 2300 बजे टीमें आधार शिविर से चल पड़ीं ताकि गुप्त तरीके से लक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया जा सके। चारों ओर छाए घने अंधकार और नदियों के ठिठुरते पानी का मुकाबला करते हुए घने जंगल में रात भर चली छानबीन के पश्चात टुकड़ियां दिनांक 28.11.2013 को 0300 बजे संदिग्ध स्थल के पास पहुंची। संदिग्ध शिविर रणनीतिक दृष्टि से ऐसी जगह पर स्थापित किया गया था, जो घने जंगल से घिरी हुई एक ऊंचाई वाली जमीन पर अवस्थित था, पास में ही गांव था तथा उसके उत्तर में नदी थी, जो एक प्राकृतिक अवरोध का कार्य कर रही थी। क्षेत्र की शुरुआती टोह लेने के बाद भागने के संभावित मार्गों पर आठ अवरोध स्थापित किए गए। सुबह होते ही श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट की कमान में हमला दल सावधानीपूर्वक लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ा। वे शत्रुओं से घिरी हुई जगह की तरफ बढ़ने लगे जबकि वे बखूबी जानते थे कि उनके इस कदम से उनकी जान को खतरा हो सकता है। श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट ने हमले की अगुवाई करने की जिम्मेदारी ली तथा अपने आप को अग्रणी स्काउटों के बीचों–बीच खड़ा किया। उनकी बायीं ओर उप निरीक्षक/जीडी अरविन्द ददोरिया, तथा कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार थे, जबकि हेड कांस्टेगबल/जीडी हरीश कुमार उनकी दाहिनी ओर थे। दल के बाकी सदस्य उनके पीछे हो लिए। जैसे ही स्काउट कुछ आगे की ओर बढ़े, एक पेड़ के पीछे छिपे विद्रोहियों के संतरी ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी जबकि उनका दूसरा सदस्य इसकी सूचना देने के लिए शिविर की ओर भागा। स्काउटों ने तुरंत कार्रवाई की तथा संतरी के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। कुछ ही क्षण में लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित शिविर से कुछ अन्य सदस्यों ने भी अपने संतरी की सहायता में गोलियां चलानी शरू कर दीं। विद्रोहियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों की परवाह किए बिना स्काउट, संतरी को निष्क्रिय करने के लिए गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति का अनुसरण करते हुए संतरी की ओर घुटनों के बल बढ़े। स्काउटों के जबरदस्त साहस और भयमुक्त होकर उन्हें आगे बढ़ता देखकर संतरी को अपनी जान का खतरा महसूस हुआ और वह घने जंगलों की ओर भाग खड़ा हुआ। संतरी के भागने से शिविर की ओर जाने वाला रास्ता खुल गया और तत्काल टुकड़ियों ने उस पर धावा बोल दिया। यह पता चलते ही कि शिविर से विद्रोही अलग–अलग दिशाओं में भागे हैं,

श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट ने अवरोध बन कर खड़े दलों को और अधिक सतर्क रहने तथा भागने वाले विद्रोहियों पर नजर रखने के लिए कहा।

चूंकि किसी भी अवरोध–दल ने भागने वाले विद्रोहियों की सूचना नहीं दी, इससे यह स्पष्ट था कि वे अभी भी घेराबंदी में हैं और कहीं छिपे हुए हैं। पूरे क्षेत्र में गहरा सन्नाटा पसर गया जो कुछ अनहोनी होने की आशंका जता रहा था। ऐसी स्थिति में बिलकुल अलग–थलग पड़ गए विद्रोहियों द्वारा समन्वित हमला किए जाने की संभावना को इंकार नहीं किया जा सकता था। अपनी अड़चनों पर काबू पाते हुए श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट ने अपनी टीम को चार समूहों में विभाजित किया और उन्हें अलग–अलग दिशाओं में तलाशी लेने का आदेश दिया। वे उप निरीक्षक/जीडी अरविन्द ददोरिया,, हेड कांस्टेबल/जीडी हरीश कुमार, कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार पाण्डेय तथा दो और कांस्टेबलों के साथ भागने के सर्वाधिक संभावित मार्ग की ओर बढ़े। जैसे ही उन्होंने ऊंची–ऊंची घास तथा बांसों के झुरमुटों, जिनके कारण देखने में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी, को पार करना आरंभ किया, बांसों के झुरमुटों में छिपे विद्रोहियों ने अचानक उन पर जबरदस्त गोलीबारी शुरू कर दी । विद्रोहियों की गोलियों की परवाह किए बगैर श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी अरविन्द ददोरिया,, हेड कांस्टेबल/जीडी हरीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार पाण्डेय ने जवाबी गोलीबारी की और एक विद्रोही को मार गिराया। स्थिति को भांपते हुए, लगभग 4–5 विद्रोही नदी की दिशा में भागने लगे और साथ–साथ गोलियां भी चलाते रहे। श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट ने इस शुरुआती जीत को हाथ से जाने नहीं दिया और उनके द्वारा चलाई जा रही गोलियों की तनिक भी चिंता न करते हुए उनका पीछा किया। यह देखते हुए कि उनका पीछा किया जा रहा है, एक विद्रोही ने टुकड़ियों पर एक ग्रेनेड फेंका। जोखिम से भरे क्षेत्र का अनुमान लगाते हुए टुकड़ियों ने आड़ लिया और वे बाल–बाल बच गईं। विद्रोही अवरोधकों की ओर भागे तथा चुनौती दिए जाने पर उन पर गोलियां चलाने लगे। कट–ऑफ पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की और विद्रोही, हमला दल और कट–ऑफ पार्टी के बीच घिर गए। विद्रोहियों ने अभी भी भागने की आशा नहीं छोड़ी और घनी झाड़ियों का लाभ उठाकर तथा ग्रेनेड फेंकने के साथ–साथ अंधाधुंध गोलियां चलाकर भागने का प्रयास किया । कुछ समय तक विद्रोहियों की ओर से लगातार गोलीबारी होती रही और टुकड़ियां गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति के तहत आगे बढ़ती रहीं। नदी के किनारे पहुंचने पर तीन शव मिले, जिनकी पहचान बाद में यूनाइटेड अचिक लिबरेशन आर्मी (यू ए एल ए) के दुर्दांत उग्रवादी, राकेन डी. संगमा, सिल्सरंग डी. मारक उर्फ रिक्कम आर. मारक और राकमान ए. संगमा के रूप में हुई, जिसके साथ हथियारों, गोलाबारूद और अन्य सामग्रियों सहित कोलंबस शंगडियार नामक एक घायल काडर को भी पकड़ा गया।

श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट, उप–निरीक्षक अरविन्द ददोरिया,, हेड कांस्टेबल/जीडी हरीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी संतोष कुमार पाण्डेय ने पूरे अभियान के दौरान अपनी डयूटी के निर्वहन में उल्लेखनीय साहस और अत्यधिक विशेषज्ञता का परिचय दिया। उनके निर्भीक मुकाबले, अदम्य साहस और दिलेरी से मुठभेड़ की दिशा बदल गई, जिसके परिणामस्वरूप यूनाइटेड अचिक लिबरेशन आर्मी (यू ए एल ए) के तीन दुर्दांत सदस्य मारे गए। यद्यपि उनका सामना सीधे विद्रोहियों की गोलियों से हुआ, जिनसे उनकी जान को गंभीर खतरा था, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं छोड़ी और बहादुरी के साथ उनका डटकर मुकाबला किया।

की गई बरामदगी :

- 01 मैगजीन सहित 7.65 मि.मी. पिस्तौल
- 7.65 मि.मी. जिंदा कारतूस–05
- एके राइफल के खाली खोखे–10
- एचई नं. 36 ग्रेनेड–01
- चाइनीज ग्रेनेड–02
- एडैप्टर, माउस, यूएसबी केबल के साथ नया लैपटॉप (एचपी) –01
- एडैप्टर और माउस के साथ एचपी नोटबुक–01
- नोकिया मोबाइल फोन (नोकिया 1100)–01
- सिम कार्ड–02 (आइडिया और वोडाफोन)
- मानचित्र–03 (प्रस्तावित राभा हासोंग राज्य, गारो हिल्स कामरूप मानचित्र असम के ग्वालपाड़ा जिले में से प्रत्येक का एक)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अमरेन्द्र तिवारी, सहायक कमांडेंट, अरविन्द ददोरिया,, उप निरीक्षक, हरीश कुमार, हेड कांस्टेबल और संतोष कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.11.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 152–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. पंकज मिश्रा
उप कमांडेंट

02. मुकेश कुमार सिंह
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह सूचना मिलने के पश्चात कि माओवादियों का एक मजबूत दल पुलिस थाना अरकी, जिला खूंटी के अंतर्गत मनीबेरा वन क्षेत्र में मौजूद है तथा सुरक्षा बलों के कार्मिकों पर घात लगाकर हमला करने वाला है, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और राज्य पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई। माओवादियों का एक मजबूत गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाने के लिए श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट की कमान में 94 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चार प्लाटूनों और श्री पी. आर. मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, खूंटी की कमान में राज्य पुलिस के एक घटक को तैनात किया गया। संयुक्त दल आधार शिविर से दिनांक 14.01.2014 को 0400 बजे अत्यधिक ठंड वाले मौसम में अभियान के लिए रवाना हुआ। चूंकि इस क्षेत्र में माओवादी भारी संख्या में मौजूद होते हैं, इसलिए इस बात की पूरी संभावना थी कि टुकड़ियों पर घात लगाकर हमला किया जा सकता है। इस खतरे के बावजूद, श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट ने कन्वॉय का नेतृत्व किया ताकि टुकड़ियों को माओवादियों द्वारा चुनौती दिए जाने की स्थिति में वे मुकाबला करने के लिए आगे रहें। गम्हरिया गांव के निकट वाहन छोड़ने के बाद दल अंधेरे में, उबड़–खाबड़ क्षेत्र और छोटे मोटे सोतों वाली गहरी नदी होने के बावजूद कच्चे रास्तों से आगे बढ़े। कमांडरों ने गांव लाबेद के निकट वन क्षेत्र की पहले तलाशी लेने और यदि वहां पर माओवादी नहीं मिलते हैं, तब गांव मनीबेरा की ओर बढ़ने का निर्णय लिया था। दलों ने बेहद कठिन क्षेत्र में लगभग 6 किमी. की यात्रा की और लगभग 0630 बजे गांव लाबेद के समीप पहुंचे। जैसे ही दलों ने जंगल की तलाशी लेनी आरंभ की, उन्हें गांव और जंगल के बीच झुरमुटों में कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई पड़ी। माओवादियों की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए, कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार, उप कमांडेंट पंकज मिश्रा और सहायक पुलिस अधीक्षक अभियान खूंटी श्री पी. आर. मिश्रा सहित बहादुर सैनिकों के एक छोटे हमला दल ने आगे से तथा बांयी और दांयी ओर से एक–एक दल ने आगे बढ़ना शुरू कर दिया। जैसे ही श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट की कमान में हमला दल झुरमुटों के समीप गया, उन्हें बंदूक से लैस एक माओवादी दिखाई पड़ा। चूंकि माओवादियों के मुख्य समूह का पता नहीं चल पाया था, इसलिए हमला दल संतरी को पकड़ने के लिए उसकी ओर बढ़ा। यह कार्य दिलेरी का था क्योंकि संतरी परिष्कृत हथियारों से लैस था और माओवादियों के मुख्य समूह की अवस्थिति का पता नहीं था। इसी बीच दूसरे दलों ने भी लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ना आरंभ कर दिया और दोनों ओर से मुख्य हमला दल की सहायता में जुट गए। जैसे ही हमला दल माओवादियों के निकट पहुंचा, उनकी गतिविधि पकड़ में आ गई और संतरी ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। कुछएक गोलियां चलाने के बाद, संतरी झुरमुटों की ओर भागा जहां माओवादियों का मुख्य समूह मौजूद था। मुख्य समूह सुरक्षित जगहों पर आड़ लेकर बैठा हुआ था और वे संतरी से लगभग 50 मीटर की दूरी पर थे। टुकड़ियों की हलचल को भांपते हुए

माओवादियों के समूह ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट, श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक अभियान और कांस्टेबल मुकेश कुमार बेहद जोखिम वाली स्थिति में थे और वे माओवादियों की गोलियों से बाल–बाल बच रहे थे। अपनी जान जोखिम में होने के बावजूद, उन तीनों बहादुरों ने गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति अपनाई। शीघ्र ही सहायता दलों ने भी माओवादियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी और माओवादियों को अपनी जान बचाने के लिए उस जगह से भाग जाने के लिए विवश कर दिया। जब माओवादी भाग रहे थे, उन्होंने श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट, श्री पी. आर. मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक अभियान और कांस्टेबल मुकेश कुमार पर जबरदस्त गोलीबारी की, लेकिन उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना माओवादियों का पीछा किया। अपनी जान को जोखिम में डालकर वे माओवादियों के समीप पहुंचे और उन पर जबरदस्त गोलियां चलाई। इस अदम्य और निर्भीक हमले में एक माओवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि अन्य कई माओवादी घायल हो गए। इस हमले से माओवादी भौंचक रह गए और अपनी जान बचाने की मंशा से माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी का सहारा लिया और एक के बाद एक ग्रेनेड फेंके। कुछ ही मीटर पर विस्फोट होने के कारण टुकड़ियों को आगे न जाने के लिए विवश होना पड़ा। माओवादियों ने इस स्थिति का लाभ उठाया और घनी झाड़ियों की आड़ लेकर भाग खड़े हुए परन्तु एक माओवादी को आगे बढ रही टुकड़ियों ने घेर लिया। घिरे हुए माओवादी को पकड़ने के लिए हमला दल आगे बढ़ा, लेकिन उन्हें घिरे हुए माओवादी और सुरक्षित दूरी पर पोजीशन लिए हुए उसके साथियों द्वारा की जा रही जबरदस्त गोलीबारी का सामना करना पड़ा। उप कमांडेंट पंकज मिश्रा, कांस्टेबल मुकेश कुमार और सहायक पुलिस अधीक्षक अभियान पी. आर. मिश्रा के नेतृत्व वाला हमला दल गोलियों की परवाह किए बिना आगे बढा और घिरे हुए माओवादी को पकड़ने में सफल हो गया। यह इन तीन अधिकारियों के अत्यधिक साहस और धैर्य का नतीजा था कि एक जीवित माओवादी पकड़ा गया जिसने बाद में माओवादी समूहों के बारे महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया। इस मुठभेड़ के पश्चात इस पूरे क्षेत्र की तलाशी ली गई और माओवादियों के छिपने के ठिकाने को नष्ट किया गया। इस क्षेत्र से निम्नलिखित सामान बरामद हुए :–

क्रम सं.	बरामद हथियार/गोलाबारूद और सामान	हथियार/यूनिट
01	12 बोर की सिंगल बैरल गन	02
02	12 बोर के जिंदा लाइव राउंड	06
03	खाली खोखा	01

माओवादियों की जबरदस्त गोलीबारी और अपनी प्राणों का अत्यधिक जोखिम होने के बावजूद इस पूरे अभियान में उपर्युक्त कार्मिकों ने अपनी डयूटी के प्रति जबरदस्त समर्पण का परिचय दिया। जान को जोखिम में डालकर उन परिस्थितियों में उनके द्वारा दिखाया गया धैर्य न केवल अनुकरणीय है बल्कि यह अत्यधिक साहस, शौर्य, निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता का भी परिचय देता है। माओवादियों और हमला दल के बीच बहुत कम दूरी होने तथा जबरदस्त गोलीबारी के कारण इस पूरे अभियान में जीवन और मृत्यु का अंतर बेहद कम रहा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पंकज मिश्रा, उप कमांडेंट एवं मुकेश कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.01.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 153–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अरुण कुमार सिंह,
उप कमांडेंट

02. गिरेन्द्र सिंह तोमर,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.02.2014 को, 218 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को पुलिस थाना घाघरा, जिला गुमला (झारखंड) के अंतर्गत इका गांव के आम क्षेत्र में माओवादी दस्ते के वरिष्ठ कमांडरों जैसे नकुल यादव, सुशील गंजू, मुनेश्वर और लालमन सिंह (सब–जोनल कमांडर) की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। यह भी जानकारी दी गई थी कि माओवादी गांव वालों की एक बैठक बुला सकते हैं तथा उन्हें संगठन से जुड़ने के लिए विवश कर सकते हैं। इन माओवादियों को पकड़ने या उन्हें समाप्त करने के लिए यह योजना बनाई गई कि एक छोटा दल क्षेत्र में गुप्त तरीके से भेजा जाएगा जो पहले माओवादियों का पता लगाएगा और तब उन पर हमला बोलेगा। तदनुसार, श्री ए.के. सिंह, उप कमांडेंट की कमान में 218 बटालियन तथा श्री पवन कुमार,

सहायक पुलिस अधीक्षक की कमान में राज्य पुलिस को लेकर एक छोटे दल का गठन किया गया तथा उन्हें इस अभियान की जानकारी कमांडेंट, 218 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दी गई। 2000 बजे टुकड़ियां वाहनों में सवार होकर लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ीं। वाहन से 25 कि.मी. की दूरी तय करने तथा गांव गम्हरियां को पार कर जाने के पश्चात वे वाहन से उतर कर गुप्त तरीके से वन में प्रवेश कर गए। घने जंगलों, कठिन क्षेत्र, घुप्प अंधेरे और घने कोहरे का मुकाबला करते हुए टुकडियां पूरी सतर्कता के साथ अपने लक्ष्य की ओर चल पड़ीं। ऐसी स्थिति में, घने जंगल में माओवादी समूह या उनके संतरी के साथ अचानक होने वाली मुठभेड़ से इन्कार नहीं किया जा सकता था। इस स्थिति से बचने के लिए श्री अरुण कुमार, उप कमांडेंट ने अपनी टुकड़ियां को अपने कदमों की आहट न होने देने का आदेश दिया जबकि वे स्वयं नाइट वीजन उपकरण के माध्यम से जंगल की निगरानी करने लगे। घना कोहरा चीजों को खतरनाक और जोखिमपूर्ण बना रहा था। 4 घंटे तक पैदल चलने तथा अत्यधिक गोपनीयता बनाए रखने के लिए गाँवों से बच निकलते हुए वे 0130 बजे इका गांव के निकट पहुंचे। अब जो कार्य सर्वप्रथम था, वह यह था कि पहले माओवादी दस्ते का पता लगाया जाए और तब उन पर हमला किया जाए। संपर्क मार्गों पर तीन अवरोध दल (कट–ऑफ) तैनात करके श्री अरुण कुमार, उप कमांडेंट बहादुर सैनिकों के अपने छोटे दल के साथ माओवादियों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए गांव की तरफ बढ़े। घुप्प अंधेरे और घने कोहरे के कारण नाइट विजन उपकरण से भी देखने में दिक्कत आ रही थी। जब बहादुरों का यह छोटा दल गांव के पंचायत भवन के निकट पहुंचा, तब भवन के अंदर छिपे माओवादियों ने उन पर जबरदस्त गोलीबारी की। टुकड़ियां बाल–बाल बचीं क्योंकि कोई भी कार्मिक इस अंधाधुंध गोलीबारी की चपेट में नहीं आया। अचानक हुए इस हमले के लिए तैयार टुकड़ियों ने भी जवाबी गोलीबारी की तथा अत्यधिक कम दूरी से जबरदस्त मुठभेड़ आरंभ हो गई। यह जानते हुए कि माओवादियों का कमांडर घटना–स्थल से सबसे पहले भागेगा तथा अपने सदस्यों को टुकड़ियों से मुकाबला करने में लगाए रखेगा, श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट ने सहायक उप निरीक्षक/जीडी जी.एस. तोमर को साथ लिया तथा घुटनों के बल भवन के पीछे की ओर बढ़ने लगे। जब वह 10 मीटर ही जा सके थे, तब श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट ने यह नोट किया कि जैसा उन्होंने अनुमान लगाया था माओवादी अब भागने लगे हैं। यह जानते हुए कि वे खुले में हैं और किसी भी तरह की आवाज माओवादियों की गोलियों को आमंत्रण देगी, दोनों ने माओवादियों को भागने से रोकने के लिए गोलियां चलाईं। श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट और सहायक उप निरीक्षक/जीडी जी.एस. तोमर द्वारा चलाई गई गोलियों का नतीजा निकला और गोलियां कुछ माओवादियों को लगीं लेकिन जल्द ही वे स्वयं भी चारों तरफ से बरस रहीं गोलियों से घिर गए। इस विषम परिस्थिति में, उन्होंने अपना साहस जुटाया और माओवादियों पर जबरदस्त गोलियां बरसाते हुए अप्रतिम बहादुरी का परिचय दिया और उन्हें मार गिराया। उनकी इस दिलेरी से माओवादियों को सुरक्षित स्थान के लिए भागने हेतु विवश होना पड़ा और इस स्थिति का फायदा उठाकर वे दोनों पेड़ों की आड़ में हो लिए। यह समझते हुए कि श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट और सहायक उप निरीक्षक/जीडी जी.एस. तोमर उनके भागने में प्रमुख अड़चन हैं, दो माओवादी पेड़ के पीछे जाकर टुकड़ियों को व्यस्त रखने के लिए गोलियां और ग्रेनेड बरसाने लगे जबकि उनके अन्य साथी भागने लगे। स्थिति हाथ से निकलती हुए जानकर श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट ने पीछे की टुकड़ियों को आगे आने तथा माओवादियों का मुकाबला करने के लिए कहा और वे स्वयं तथा सहायक उप निरीक्षक/जीडी जी.एस. तोमर अपनी जान की परवाह किए बिना गोलियों की बरसात में घुटनों के बल रेंगने लगे ताकि सटीक गोलियां चलाने के लिए सही जगह मिल सके। जब वे वांछित स्थल तक पहुंच गए, तब उन्होंने माओवादियों पर गोलीबारी की तथा एक माओवादी को मार गिराया। अपने साथी की दुगर्ति देखकर दूसरा माओवादी उस स्थान से भागने लगा। यह देखकर वे दोनों रूके नहीं और उन्होंने माओवादियों का पीछा किया और उसे भी घायल कर दिया, लेकिन वह क्षेत्र, अंधेरे और कोहरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया। सुबह मुठभेड़–स्थल की विस्तृत तलाशी ली गई और एक एसएलआर राइफल, 95 राउंड गोलाबारूद, 49,000/– रु. नकद और अन्य आपत्तिजनक चीजों और दस्तावेजों के साथ लालमन सिंह (सीपीआई माओवादी का सब–जोनल कमांडर) नामक मारे गए माओवादी का शव बरामद हुआ।

इस पूरे अभियान की योजना अनुकरणीय तरीके से बनाई और निष्पादित की गई थी। टुकड़ियों द्वारा प्रदर्शित जबरदस्त प्रतिबद्धता, असाधारण धैर्य और अदम्य साहय के कारण माओवादियों के नापाक मंसूबे विफल कर दिए गए और उनका एक दुर्दांत कमांडर मारा गया। 218 बटालियन के श्री. ए. के. सिंह, उप कमांडेंट और सहायक उप निरीक्षक/जीडी गिरेन्द्र सिंह तोमर ने अभियान के दौरान जबरदस्त साहस, प्रतिबद्धता, शौर्य और असाधारण धैर्य का परिचय दिया और अपनी जान जोखिम में डालकर लालमन सिंह (सीपीआई माओवादी का सब–जोनल कमांडर) नामक एक दुर्दांत माओवादी को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अरुण कुमार सिंह, उप कमांडेंट और गिरेन्द्र सिंह तोमर, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 154–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. संजय कुमार,
उप कमांडेंट

02. मनोज कुमार यादव,
सहायक कमांडेंट

03. दिलीप कुमार सिंह,
सहायक कमांडेंट

04. शब्बीर अहमद पोर,
कांस्टेबल

05. महेश चन्द मीणा,
उप निरीक्षक

06. दीप्ति रंजन बिश्वाल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.07.2014 को सायंकाल अपने ही स्रोतों से खुफिया जानकारी मिली कि कुंदन पाहन उर्फ विकासजी, चंदन और तुलसी दास उर्फ विशालजी नाम के बड़े माओवादी नेता अपने सशस्त्र काडरों के साथ पुलिस थाना अरकी, जिला खूंटी के अंतर्गत गांव लेम्बा की पहाड़ियों में बैठक करने जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (अभियान) रांची और अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) खूंटी से परामर्श करके 203 कोबरा और 133 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा एक अभियान, जिसका कोड नाम "मूनलाइट" था, की योजना बनाई गई। तदनुसार, एक छोटे दल द्वारा अभियान चलाए जाने की योजना बनाई गई जिसमें 4 मारक दल शामिल किए गए, जिनमें से प्रत्येक दल की कमान एक सशक्त कमांडर के पास थी। मारक दल–1 की कमान श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट को सौंपी गई, जिसमें टीम कमांडर के रूप में श्री मनोज कुमार यादव, सहायक कमांडेंट अपने कोबरा कमांडो के साथ शामिल थे। मारक दल–2 की कमान श्री एस.के. झा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची को सौंपी गई और इसमें श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट की कमान में 133 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ियां शामिल थीं। मारक दल–3 की कमान श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक (अभियान) खूंटी के पास थी और उसमें उनका क्यूएटी शामिल था। मारक दल–4 की कमान श्री हर्षपाल सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक (अभियान) रांची को सौंपी गई और इसमें 203 कोबरा की टुकड़ियां शामिल थीं। ये टुकड़ियां ए/203 कोबरा शिविर (पुराना जेल परिसर, रांची) में एकत्रित हुईं और इन्हें जानकारी दी गई।

कमांडरों द्वारा विस्तारपूर्वक और गहन जानकारी दिए जाने के बाद, ये टुकड़ियां 2330 बजे शिविर से रवाना हुई और गंतव्य स्थल अर्थात् गांव लेम्बा से 03 किमी. पहले पहुंच गईं। सावधानीपूर्वक उतर जाने के बाद टुकड़ियां सारी मुसीबतों अर्थात् दलदल, पहाड़ी क्षेत्र, कंटीली घास, भारी झुरमुटों और घुप्प अंधेरे का मुकाबला करती हुईं आगे बढ़ीं। चूंकि बैठक होने की जगह सही–सही ज्ञात नहीं थी, इसलिए टुकड़ियों ने क्षेत्र की तलाशी के लिए सुबह होने तक इंतजार किया। सुबह होते ही मारक दल क्षेत्र की तलाशी लेते हुए पहाड़ियों की ओर बढ़े। मारक दल–1 और 2 बीच में थे जबकि मारक दल–3 उनकी बायीं ओर तथा मारक दल–4 दाहिनी ओर था। जब मारक दल–1 क्षेत्र की तलाशी ले रहा था, उसी समय पेड़ों और झाड़ियों के पीछे छिपे माओवादियों के संतरी ने उनकी गतिविधियों को देखकर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। मारक दल–1 और 2 ने तत्काल पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी की। इसके बाद जबरदस्त गोलीबारी होने लगी क्योंकि कुछ और माओवादी भी संतरी की सहायता करने लगे थे। इस भीषण गोलीबारी में, 203 कोबरा के श्री मनोज कुमार यादव, सहायक कमांडेंट को दायीं आंख के पास उस समय एक गोली लगी जब वे कवर से बाहर आकर माओवादियों की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। उनके साथी उप निरीक्षक/जीडी महेश चन्द मीणा तत्काल अपनी कवर से बाहर कूद पड़े और उन्हें कवर के पीछे खींच लिया। यह देखते हुए कि समय निकलता जा रहा है और अन्य माओवादियों को घटना–स्थल से भागने का मौका मिल रहा है, 203 कोबरा के श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट ने अपने जवानों को गोली चलाते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने का आदेश दिया। घायल होने के बावजूद श्री मनोज कुमार यादव, सहायक कमांडेंट ने उप निरीक्षक/जीडी महेश चन्द मीणा और कांस्टेबल/जीडी डी.आर. बिश्वाल को अपने साथ लिया तथा चल रही गोलियों की परवाह और अपनी जान की लेशमात्र चिंता न करते हुए माओवादियों की ओर बढ़े। जवानों की जबरदस्त बहादुरी से डरकर दो माओवादियों ने धंसी जमीन का फायदा उठाकर उस स्थान से भागना सुरक्षित समझा। यह देखते हुए श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट एक माओवादी के पीछे भागे, जो वहां स्थित एक स्कूल भवन की आड़ लेते हुए पहाड़ी की तरफ भाग रहा था। इसी बीच दाहिनी ओर मौजूद मारक दल–4 गोलियों की आवाज सुनकर स्कूल भवन को कवर करते हुए मुठभेड़ स्थल की ओर भागा। एक माओवादी, जो स्कूल भवन की आड़ लेते हुए पहाड़ी की तरफ भाग रहा था, एकाएक मारक दल–4 के सदस्यों अर्थात् 133 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी शब्बीर अहमद पोर के बिलकुल आमने–सामने आ गया। जवानों के एकदम सामने आने पर माओवादी ने अपने स्वचालित हथियारों से उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इससे श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी शब्बीर अहमद पोर बाल–बाल बचे और बिना विचलित हुए माओवादी पर जवाबी गोलियां दागनी शुरू की जिसके कारण माओवादी को आड़ लेने के लिए भागना पड़ा। आगे से जवानों अर्थात् श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी शब्बीर अहमद पोर से तथा पीछे की ओर से श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट से घिर जाने पर माओवादी स्कूल भवन के अंदर दौड़ा तथा मजबूत दीवारों के पीछे एक कमरे में आड़ ले ली। कमरे में सुरक्षित महसूस होने पर माओवादी, जवानों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने लगा। बाकी जवान स्कूल भवन की ओर दौड़े और उसे सभी ओर से कवर कर लिया। तब माओवादी को निष्क्रिय करने के लिए श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट ने यह निर्णय लिया कि स्कूल के पीछे मौजूद जवान उस कमरे को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी करेंगे, जिसमें माओवादी छिपा हुआ है, जिससे उसका ध्यान बंट जाएगा, जबकि श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी शब्बीर अहमद पोर आगे से कमरे के नजदीक जाकर हमला कर देंगे। यह योजना सफल रही और तीनों जांबाज कमरे के नजदीक पहुंचे और कमरे के भीतर की ओर गोलियां चलाने लगे। जब कमरे के

अंदर से गोलियां चलनी रुक गईं, तब कुछ मिनट प्रतीक्षा करने के पश्चात् वे तीनों कमरे में सावधानीपूर्वक घुसे तथा उन्हें वहां निम्नलिखित हथियारों/गोलाबारुद और सामानों के साथ एक शव मिला, जिसकी पहचान बाद में सीपीआई (माओवादी) के सब–जोनल कमांडर और स्पेशल एरिया केमेटी चीफ नं. 2 तुलसी दास उर्फ विशाल जी के रूप में हुई :–

1. मैगजीन सहित एके 47 राइफल–01
2. मोटरोला वॉकी–टॉकी–01
3. 7.62x39 मिमी. के जिंदा रांउड–161
4. ग्रेनेड–01
5. 7.62x39 मिमी. के खाली खोखे–83
6. मोबाइल–03
7. चार्जर–02

सभी बाधाओं अर्थात् प्रतिकूल क्षेत्र, दलदली जमीन, अपर्याप्त कवर, शत्रुओं की भारी और जबरदस्त गोलीबारी ने जवानों के संकल्प की परीक्षा ली, लेकिन 203 कोबरा बटालियन के श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट, श्री मनोज कुमार, सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक/जीडी महेश चन्द मीणा, कांस्टेबल/जीडी डी.आर. बिश्वाल और 133 बटालियन के श्री दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी शब्बीर अहमद पोर ने अपने प्राणों को दांव पर लगाकर अत्यधिक जोखिम उठाते हुए शत्रु के पास पहुंचे और असाधारण साहस और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए एक दुर्दांत माओवादी कमांडर को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय कुमार, उप कमांडेंट, मनोज कुमार यादव, सहायक कमांडेंट, दिलीप कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, शब्बीर अहमद पोर, कांस्टेबल, महेश चन्द मीणा, उप निरीक्षक और दीप्ति रंजन बिश्वाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 155–प्रेज/2015–राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. आलोक पंवार,
सहायक कमांडेंट

02. रविन्द्र कुमार,
कांस्टेबल

03. जतन लाल,
कांस्टेबल

04. गुरू प्रसाद के. एन.,
कांस्टेबल

05. मुकेश कुमार गुर्जर,
कांस्टेबल

06. विजय सिंह राठौर,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

उप महानिरीक्षक दांतेवाड़ा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को पुलिस थाना चिंतागुफा, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गांव रामाराम के निकट घने जंगल में माओवादियों के एकत्रित होने के बारे में जानकारी मिली जो अपना शहीद सप्ताह मनाने वाले थे। यह भी सूचना प्राप्त हुई कि माओवादियों ने इसके लिए एक स्मारक अर्थात् शहीद स्मारक भी स्थापित किया है। इस जानकारी के आधार पर, श्री डी. पी. उपाध्याय, उप महानिरीक्षक दांतेवाड़ा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में दिनांक 28.07.2014 को एक अभियान चलाया गया। इस अभियान की योजना बारीकी से बनाई गई, जिसमें तीन अलग–अलग दिशाओं से आने वाले 74 बटालियन, 150 बटालियन, 223 बटालियन और 206 कोबरा के जवानों को शामिल करते हुए तीन दल बनाए गए, जिन्हें गांव रामाराम के निकट घने

जंगल में आपस में मिलना था। एक बेहद कठिन भू–भाग और भारी वर्षा से उफन रहीं नदियों/नालाओं को पार करते हुए दल अंधेरे में साढ़े तीन घंटे चलने के बाद लक्षित क्षेत्र पहुंचे। जंगल क्षेत्र और गांव की तलाशी से किसी भी माओवादी की उपस्थिति का पता नहीं चल पाया, परन्तु एक विशालकाय माओवादी स्मारक ध्वस्त कर दिया गया था। ऐसा प्रतीत हुआ कि माओवादियों को किसी प्रकार से जवानों की आवाजाही की भनक लग गई थी और वे वहां से चले गए थे। इसके बाद जवानों ने माओवादी स्मारक ढहा दिया और सुनियोजित ढंग से वापस लौटने की योजना बनाई। जब 74 और 223 बटालियन के जवानों वाला दल गांव रामाराम से बाहर आ रहा था, तब उन पर माओवादियों द्वारा गोलियों की बौछार हुई जो घात लगाकर गांव के बाहर बैठे हुए थे। जब मुठभेड़ की शुरुआत हुई, तब 150 बटालियन के क्यू ए टी का नेतृत्व श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट कर रहे थे। घात लगाए गए क्षेत्र से अपने जवानों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए उन्होंने भारी गोलीबारी के बीच बेहद प्रशंसनीय तरीके से अपने दल का नेतृत्व किया तथा माओवादियों के पास पहुंचने के बाद प्राणघातक हमले किए। किनारे से हुए इस हमले से माओवादी विचलित हो गए और घिरे हुए जवानों को मुठभेड़ स्थल से हटने का अवसर मिल गया। जवानों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद भी श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट रूके नहीं, बल्कि बड़ी हिम्मत के साथ शत्रुओं के ठिकानों पर हमला किया। अपनी जान की सुरक्षा तथा भारी गोलीबारी से बेपरवाह उन्होंने दूसरों को भी कार्य कर दिखाने के लिए प्रेरित किया। जवानों को गंभीर रूप से घायल करने की योजना विफल होते देख माओवादियों ने गुस्से में आकर श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट के दल पर जबरदस्त हमला बोल दिया। भारी गोलीबारी और ग्रेनेडों के फेंके जाने के कारण श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र कुमार और कांस्टेबल/जीडी जतन लाल को चोटें आईं। माओवादियों ने तुरंत जवानों को घेरना शुरू कर दिया। इस मौके पर कांस्टेबल/जीडी गुरू प्रसाद, कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार गुर्जर और कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह राठौर ने समय की मांग को जाना और अपनी सटीक गोलीबारी और सीजीआरएल के इस्तेमाल से वहां मौजूद माओवादियों को जबरदस्त क्षति पहुंचाई। चोटों और विस्फोटों से माओवादियों का मनोबल टूटने लगा और वे उस जगह से भागने लगे। जवानों ने बाहर आकर माओवादियों का पीछा किया, परन्तु उफन रहे नाले के पार छिपे माओवादियों के दूसरे समूह ने अपने काडरों को बचाने के लिए जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। यह देखते हुए कि ऐसे मौके पर भाग रहे माओवादियों का पीछा करना असंभव है, श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट ने अपने जवानों को नाले के पार छिपे माओवादियों पर हमला करने का आदेश दिया। चोटिल होने के बावजूद उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया तथा कांस्टेबल/जीडी रविन्द्र कुमार, कांस्टेबल/जीडी जतन लाल, कांस्टेबल/जीडी गुरु प्रसाद, कांस्टेबल/जीडी मुकेश कुमार गुर्जर तथा कांस्टेबल/जीडी विजय सिंह राठौर ने इस कार्य में उनका बखूबी सहयोग दिया। यूबीजीएल की गोलीबारी से हुए हमले के कारण कुछ माओवादी, जो पेड़ों पर चढ़े हुए थे, चोट खाने के बाद गिरते दिखाई पड़े। जब गोलीबारी शांत हुई, तब इलाके की तलाशी ली गई और हथियार के साथ एक माओवादी का शव बरामद हुआ। उफन रहे नाले के दूसरी ओर तलाशी नहीं ली जा सकी, क्योंकि नाले को पार करना तथा कम रोशनी में घने जंगल में प्रवेश करना जवानों के लिए घातक सिद्ध हो सकता था।

अभियान के दौरान, अपने जवानों को उनसे घिरता हुआ देखकर श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट सीधे माओवादियों की ओर गए और जबरदस्त हमला बोला। किनारे से किए गए इस हमले से कम से कम 4 माओवादी या तो मारे गए अथवा उन्हें गंभीर चोटें आईं। अधिकारी द्वारा शत्रु के सामने आगे बढ़कर प्रदर्शित इस बहादुरी से उनके दल के अन्य साथियों को प्रेरणा मिली और उन्होंने भी अपने घायल होने की परवाह किए बगैर पूरी शक्ति के साथ मुकाबला किया। शत्रु के पास इन जवानों के संकल्प, प्रतिबद्धता और साहस का कोई उत्तर नहीं था और उन्होंने जवानों के इस आवेश और सटीक गोलीबारी से भागना ही सुरक्षित समझा। यद्यपि घटना–स्थल से एक ही शव बरामद हुआ, लेकिन खुफिया जानकारी से पता चलता है कि इस मुठभेड़ में 10 से अधिक माओवादी या तो मारे गए अथवा गंभीर रूप से घायल हुए थे।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री आलोक पंवार, सहायक कमांडेंट, रविन्द्र कुमार, कांस्टेबल, जतन लाल, कांस्टेबल, गुरु प्रसाद के.एन., कांस्टेबल, मुकेश कुमार गुर्जर, कांस्टेबल तथा विजय सिंह राठौर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 156–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. बृजेन्द्र कुमार मिश्रा,
उप कमांडेंट

02. जय कुमार तिवारी,
कांस्टेबल

03. अमित जामवाल,
कांस्टेबल

04. बोरसे दीपक सुरेश,
कांस्टेबल

05. फिन्टूश कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला सदैव माओवादी गतिविधियों का केन्द्र–बिन्दु रहा है। पुलिस थाना भेजी, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गांव जग्गावरम के निकट माओवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद, 208 कोबरा के श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने क्षेत्र, विगत की घटनाओं, आने–जाने के मार्ग और माओवादियों की आवाजाही के पैटर्न का विश्लेषण करने के पश्चात् सुनियोजित ढंग से एक अभियान की योजना बनाई। अभियान दिनांक 21.08.2014 को 2200 बजे चलाया गया जिसमें सी/208, डी/208 कोबरा, 219 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 2 कंपनियों और राज्य पुलिस के जवान शामिल हुए। योजना के अनुसार, कोबरा के जवानों को क्षेत्र में सीधे और गुप्त तरीके से हमला करना था, जबकि 219 बटालियन के जवानों को माओवादियों का ध्यान भटकाने के लिए कठिन क्षेत्र में छद्म अभियान चलाना था। कठिन क्षेत्र में सुनियोजित ढंग से कठिनाई से भरपूर वातावरण में पूरी रात चलते रहने के बाद कोबरा के जवान लक्षित क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने गांव जग्गावरम के आस–पास खड़े किए गए एक माओवादी स्मारक को ध्वस्त कर दिया। वापस लौटते समय श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने कुछ दूरी पर एक तालाब के किनारे कुछ गांव वालों को देखा। दूरबीन की सहायता से बारीकी से देखने पर पता चला कि गांव वालों के साथ सशस्त्र माओवादी भी मौजूद हैं। गांव वालों के मौजूद रहने के कारण जवान गोलियां नहीं चला सकते थे। श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने तत्काल अपने दल को तीन हिस्सों में विभाजित किया, जिसमें से एक दल बायीं और दूसरा दल दायीं ओर को सुरक्षित करने के लिए भेजा गया जबकि तीसरे दल, जिसकी कमान स्वयं उनके पास थी, माओवादियों की ओर सुनियोजित ढंग से बढ़ा। जैसे ये जवान आगे बढ़े, पेड़ों के पीछे तथा सुरक्षित स्थान पर मौजूद माओवादियों के एक संतरी ने जवानों की गतिविधियां देख ली और उन पर गोलियां चलाई। गोलीबारी की आवाज सुनकर माओवादी गांव वालों को छोड़कर जंगल की ओर भागे। आस–पास में गांव वालों की उपस्थिति होने से जवानों को गोलियां चलाने में दिक्कत हुई। माओवादियों को भागता देख श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने उनका पीछा किया जिनके पीछे उनका दल भी भागा। माओवादी जंगल में प्रवेश करके घात लगाकर बैठ गए और जैसे ही जवानों ने जंगल में प्रवेश किया वे उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। इसमें कांस्टेबल/जीडी जय कुमार तिवारी, कांस्टेबल/जीडी अमित जामवाल, कांस्टेबल/जीडी फिन्टूश कुमार, कांस्टेबल/जीडी बोरसे दीपक और उनके कमांडर श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट बाल–बाल बच गए। खुले में होने तथा अपर्याप्त कवर होने के बावजूद जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना माओवादियों पर गोलियां चलाईं। श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने सामने से जवानों का नेतृत्व किया तथा उन्हें माओवादियों पर गोलियां चलाते हुए आड़ में जाने का आदेश दिया ताकि माओवादी उन लोगों पर सटीक निशाना न लगा पाएं। इसके पश्चात् काफी कम दूरी पर जबरदस्त मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों को कोई क्षति न होता देख तथा आस–पास और जवानों की मौजूदगी को देखकर माओवादी एक–एक करके जंगल के भीतर भागने लगे। यह भांपते हुए कि बाएं और दाहिने किनारे पर मौजूद जवानों को माओवादियों को घेरने में समय लग रहा है और माओवादियों ने भागना भी शुरू कर दिया है, श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने अपने जवानों को गोलियां दागते हुए आगे बढ़ने की नीति अपनाने का आदेश दिया। उनके कुशल नेतृत्व में जवान भी उनकी ओर की जा रही गोलीबारी की परवाह किए बिना जबरदस्त मनोबल का परिचय देते हुए आगे बढ़े। गोलीबारी के दौरान घायल माओवादी क्षेत्र से भाग रहे थे/उनको ले जाया जा रहा था जबकि अन्य माओवादी जवानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए गोलियां चला रहे थे। जैसे ही जवान पास पहुंचे, बचे हुए माओवादी भी मुठभेड़ स्थल से भाग गए। जवान यहीं पर नहीं रुके, बल्कि माओवादियों का पीछा किया और उनके पीछे दौड़े। भाग रहे माओवादियों द्वारा रुक–रुक कर चलाई जा रही गोलियों की परवाह किए बिना जवानों ने पीछा करना नहीं छोड़ा और लगभग 200 मीटर पीछा करने के पश्चात् भाग रहे एक घायल माओवादी पर गोलियां चलाईं और उसे मार गिराया। यदि जवानों ने मुठभेड़ के बाद माओवादियों का पीछा न किया होता, तो निश्चित ही एक दुर्दांत माओवादी कमांडर घायल अवस्था में अन्य माओवादियों की तरह वहां से भाग गया होता। इस भीषण मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी मारे गए जिनकी पहचान पोडियम गंगा उर्फ वीजू और पोडियम रामे (एक महिला माओवादी जो घायल हुई और जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के रूप में हुई लेकिन उनका शव बरामद नहीं हो सका।

भारी गोलीबारी होने के बावजूद, श्री बी.के. मिश्रा, उप कमांडेंट ने अपनी जान की परवाह किए बिना आगे बढ़कर अपने जवानों का नेतृत्व किया। उन्होंने स्वयं को कांस्टेबल/जीडी जय कुमार तिवारी, कांस्टेबल/जीडी अमित जामवाल, कांस्टेबल/जीडी बोरसे दीपक और कांस्टेबल/जीडी फिन्टूशकुमार के साथ आगे रखा। उन लोगों ने संयुक्त रूप से माओवादियों को गंभीर क्षति पहुंचाई। यह गोलीबारी लगभग 15 मिनट तक चली और तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गोलाबारुद के साथ एक एसएलआर और अन्य माओवादी सामग्रियों सहित वर्दी में पोडियम गंगा उर्फ वीजू (कोन्टा क्षेत्र समिति का प्लाटून कमांडर) का शव बरामद किया गया। बाद में प्राप्त सूचना से पोडियम रामे नामक एक महिला माओवादी के मारे जाने का भी पता चला। अन्य माओवादी भी इस अभियान में घायल हुए थे, लेकिन वे स्थल से भागने में सफल हो गए।

उपर्युक्त कार्मिकों के साहसिक कार्य से निर्दोष लोगों की जान की रक्षा हुई, दुर्दांत माओवादी कमांडर मारे गए तथा अन्य माओवादी घायल हुए और इसके अतिरिक्त, अपनी किसी क्षति के बिना हथियारों एवं गोलाबारुद की बरामदगी हुई, जो अत्यधिक धैर्य, साहस, आत्म–विश्वास, जबरदस्त रणनीति सूझ–बूझ और उच्च कोटि के नेतृत्व और नियंत्रण का उदाहरण है।

की गई बरामदगी :

1. स्लिंग के साथ 7.62 मिमी. सेल्फ लोडिंग राइफल (बी.नं.–16269089)–01

2. एसएलआर मैगजीन–02

3. 7.62 मिमी. के जिंदा कारतूस–22 राउंड

4. 7.62 मिमी. का क्षतिग्रस्त राउंड–1

5. 7.62 मिमी. का खाली खोखा–01

6. 7.62x39 मिमी. के खाली खोखे–06

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री बृजेन्द्र कुमार मिश्रा, उप कमांडेंट, जय कुमार तिवारी, कांस्टेबल, अमित जामवाल, कांस्टेबल, बोरसे दीपक सुरेश, कांस्टेबल और फिन्टूश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 157–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	अंजनी कुमार सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	धनन्जय दास कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	तन्मय भौमिक कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

अपने स्रोतों से विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई, जो दिनांक 12.02.2014 को उप पुलिस महानिरीक्षक अभियान बीजापुर तथा पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा सत्यापित की गई, कि माओवादियों का एक समूह पुलिस थाना मिरतूर, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत गांव तामोदी के निकट ठहरा हुआ है। तदनुसार, 204 कोबरा के सहायक कमांडेंट श्री अंजनी कुमार की कमान में क्षेत्र में तलाशी और ध्वस्त करने संबंधी अभियान की योजना बनाई गई। जवानों ने गोपनीयता बनाए रखने और अचंभित करने के लिए अंधेरे में दिनांक 13.02.2014 को 0430 बजे शिविर छोड़ दिया।

दो दिनों तक गुप्त तरीके से बढ़ते रहने के बाद जवान दिनांक 15.02.2014 की सुबह में गांव तमोदी के निकट पहुंचे। यह गांव घने और पहाड़ी जंगल के किनारे अवस्थित था। क्षेत्र का विश्लेषण करने के बाद, श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट ने गांव के पीछे पहाड़ी की तलाशी लेने का निर्णय लिया। जैसे ही जवान पहाड़ी पर ऊँचाई और कुछ दूरी तक चढ़े, झाड़ियों के पीछे छिपे माओवादियों के एक संतरी ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवान, कांस्टेबल/जीडी धनन्जय दास, कांस्टेबल/जीडी तन्मय भौमिक और सहायक कमांडेंट, अंजनी कुमार, बाल–बाल बचे और गोलियां उनके बिलकुल पास से निकल गईं। ये तीनों जवान हरकत में आए और छिपे हुए माओवादी पर गोलियां चलाते हुए घुटने के बल रेंगते हुए आड़ लेने के लिए आगे बढ़े। शीघ्र ही वहां उपस्थित कुछ अन्य माओवादी भी गोलीबारी में शामिल हो गए और जवानों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाने लगे। माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए, श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट अपने जवानों के साथ गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति के साथ आगे बढ़े। अभी जवान कुछ ही कदम आगे बढ़े थे, जब माओवादियों ने अपने ठहरने के स्थान को सुरक्षित करने के लिए लगाए गए दो आईईडी विस्फोट किए। जवान बाल–बाल बचे और उन्होंने आगे बढ़ना रोक दिया। स्थिति का फायदा उठाकर माओवादियों ने जवानों के दायें–बायें से आगे बढ़ना शुरू किया ताकि उन पर अलग–अलग दिशाओं से हमले किए जा सकें। लेकिन माओवादियों की यह चाल कमांडर ने पकड़ ली और उन्होंने कांस्टेबल/जीडी तन्मय भौमिक को जवानों को घेरने वालों पर यूबीजीएल चलाने का आदेश दिया। भीषण गोलीबारी के बीच कांस्टेबल/जीडी तन्मय भौमिक आड़ से बाहर आए, सुरक्षित पोजिशन ली तथा माओवादियों पर लगातार दो ग्रेनेड फेंके। ग्रेनेडों से विस्फोट होने के कारण माओवादियों को मार्ग में रुकना पड़ गया। इस स्थिति का लाभ उठाकर श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी धनन्जय दास के साथ हो लिए तथा इस बात की परवाह किए बिना कि और आईईडी लगाए गए हो सकते हैं, अपने मार्ग पर घुटने के बल बढ़ने लगे और माओवादियों पर जबरदस्त हमला बोल दिया। इस भीषण हमले का नतीजा निकला और इन दो बहादुर जवानों ने एक माओवादी को मार गिराया। जवानों के साहस से आश्चर्यचकित और पराजित होकर माओवादी घने जंगल और क्षेत्र का लाभ उठाकर घटना–स्थल से भाग खड़े हुए। श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट ने अपने जवानों के साथ माओवादियों का पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल हो गए। क्षेत्र की गहन तलाशी के पश्चात, मारे गए माओवादी का शव, एक .303 राइफल, एक देशी हथियार, 02 बैग पैक, .303 राइफल के 05 जीवित राउंड, एके 47 के 03 खाली खोखे, बैटरी, बिजली के तार और साहित्य बरामद हुए।

अभियान के दौरान, श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी धनन्जय दास और कांस्टेबल/जीडी तन्मय भौमिक ने महत्वपूर्ण और शौर्यपूर्ण भूमिका निबाही। पूरे अभियान की योजना एक बेहद पेशेवर तरीके से बनाई और निष्पादित की गई। भीषण गोलीबारी के दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना हमला करने का साहस दिखाया जो माओवादी को मार गिराने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अंजनी कुमार, सहायक कमांडेंट, धनन्जय दास कांस्टेबल और तन्मय भौमिक, कांस्टेबल ने अदम्य, वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.02.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 158–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. अजित कुमार,
सहायक कमांडेंट

02. श्रीकान्त पाण्डे,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 03.7.2014 को पुलिस थाना खैरा, जिला जमुई (बिहार) में सुरक्षा बलों के खिलाफ कुछ अत्यधिक जघन्य अपराधों के लिए उत्तरदायी एक दुर्दांत माओवादी कमांडर सिद्धू कोडा, सदस्य, बिहार झारखंड सीमांत क्षेत्रीय समिति (बीजेएसजेडसी) के अपने प्लाटून के साथ मौजूद रहने की जानकारी मिली। 7वीं बटालियन के सेकंड–इन–कमांड श्री हीरा कुमार झा तत्काल हरकत में आए और जानकारी की आवश्यक पुष्टि के बाद उक्त माओवादी को पकड़ने के लिए एक अधिकारी और 42 जवानों के साथ घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के लिए चल पड़े। उन्होंने कुछ और माओवादियों की उपस्थिति और संभावित संघर्ष की आशंका जताते हुए 7वीं बटालियन की एक और कम्पनी को पूर्व–निर्धारित क्षेत्र में पहुंचने के लिए बुलाया। अपने दल के साथ श्री हीरा कुमार झा कुछ दूरी सड़क मार्ग से और कुछ दूरी पैदल तय करते हुए लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने के लिए 12 कि.मी की दूरी पूरी की जहां श्री अजित कुमार की कमान में 7वीं बटालियन की कंपनी प्रतीक्षा कर रही थी। यह दल लक्षित गांव के समीप 0045 बजे पहुंच गया।

रात में घेराबंदी तथा दिन में तलाशी' के स्वर्णिम नियम पर भरोसा जताते हुए हीरा कुमार झा, सेंकंड–इन–कमांड ने कंपनी के कंपनी कमांडर अजित कुमार, सहायक कमांडेंट को गांव के चारों ओर घेराबंदी करने का निर्देश दिया। यह गांव ऐसी जगह अवस्थित था जहां इसका छोर घने जंगल से लगा हुआ था। आदेशों का पालन करते हुए अजित कुमार ने अपने जवानों की सहायता से गांव की घेराबंदी की और विधिवत रूप से यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि भागने के संभावित मार्ग बंद कर दिए गए हैं, उन्होंने अभियान के कमांडर हीरा कुमार झा को हरी झंडी दी, जिन्होंने अजित कुमार के साथ स्वयं यह सुनिश्चित किया कि कोई कमी न रह गई हो। तत्पश्चात, दोनों अधिकारियों ने तलाशी दल के साथ आगे बढ़ते हुए सुबह 0450 बजे गांव की तलाशी आरंभ की। जैसे ही तलाशी दल गांव के दूसरे मकान के पास पहुंचा, उनका स्वागत कुछ दूरी से की गई गोलीबारी ने किया। तलाशी दल ने तत्काल पोजीशन ली और जवाबी गोलियां दागीं परन्तु इस बार उनका सामना अन्य झोपड़ियों से की जा रही ताबड़तोड़ गोलीबारी से हुआ। सभी दिशाओं से गोलियां चलने से गांव अब एक युद्ध क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका था। दोनों कमांडरों ने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और अपने जवानों को छोटे–छोटे हमला दलों में बांटा तथा उन्हें "गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने" की रणनीति पर अमल करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की तरफ बढ़ने का आदेश दिया। हीरा कुमार झा, सेकंड–इन–कमांड, अजित कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे वाला छोटा दल स्वचालित हथियारों से गोलियां बरसाते हुए झोपड़ी की तरफ आगे बढ़ा। इसी बीच, हमला दलों ने निरंतर गोलीबारी और अपनी चारों तरफ हो रहे विस्फोटों की परवाह न करते हुए अपने विशेष लक्ष्यों को ढूंढ निकाला। माओवादियों ने भी यह भांप लिया था कि उनका सामना दृढ़–संकल्प लिए हुए बहादुर जवानों से हो रहा है जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आम नागरिकों को ढाल बनाने की पुरानी सफल नीति का सहारा लेते हुए वे महिलाओं, बच्चों, युवाओं और वृद्ध जनों की आड़ लेकर झोपड़ियों से बाहर आए और साथ लगे जंगल की ओर अपना रास्ता ढूंढने लगे। इस स्थिति में जवानों को गोलियां चलानी बंद करनी पड़ीं, क्योंकि इससे दुर्दांत माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच फंसे निर्दोष नागरिकों की जान को खतरा हो सकता था। इसके साथ ही कमांडर भी उस अत्याचारी माओवादी कमांडर सिद्धू कोडा को पकड़ने का अवसर हाथ से जाने नहीं देना चाहते थे, जो सुरक्षा बलों के लिए बड़ा कांटा बना हुआ था। हीरा कुमार झा और अजित कुमार ने सावधानीपूर्वक क्षेत्र का निरीक्षण किया और उनका ध्यान भाग रहे ए.के. 47 राइफलधारी एक माओवादी की ओर गया जो एक आम महिला को मानव कवच बनाए हुए था। अच्छी तरह से जानते हुए कि केवल बड़े माओवादी कमांडरों के पास स्वचालित हथियार होते हैं, अधिकारियों को यह समझने में जरा सी भी देर नहीं लगी कि भाग रहा यह माओवादी और कोई नहीं बल्कि सर्वाधिक वांछित माओवादी नेता सिद्धू कोडा है। तुरंत ही

एक वैकल्पिक योजना बनाई गई और हीरा कुमार झा ने अजित कुमार और कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे के साथ मिलकर जहां तक संभव हो सके उसके बिलकुल निकट जाकर उसे पकडने का निर्णय लिया, परन्तु इस योजना में जान जाने का गंभीर जोखिम था। तीनों उस क्षेत्र से हट गए और गांव के सूदूर अंत तक का घुमावदार रास्ता लेकर झाड़ियों के पीछे छिप गए। उन्होंने धैर्यपूर्वक माओवादी कमांडर को अपनी मारक दूरी में आने की प्रतीक्षा की। तथापि, जब वह माओवादी उनकी गोलीबारी के दायरे में नहीं आया, तब उन्होंने गोलियां न चलाने का विकल्प चुना ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी निर्दोष की जान न चली जाए भले ही वह माओवादी कमांडर भाग खड़ा हो। संकल्प से भरे होने के कारण उन्होंने स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाने का निर्णय लिया। इसलिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करते हुए श्री हीरा कुमार, सेकंड–इन–कमांड ने माओवादी कमांडर का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करके उसका ध्यान भंग करने के लिए स्वयं बाहर आने का निर्णय लिया। इतनी कम दूरी पर जवान की हरकत देखकर माओवादी ने मानव कवच को धक्का दिया और अंधाधुंध गोलीबारी की। दोनों अधिकारियों, हीरा कुमार झा और अजित कुमार तथा कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे, जो इस मौके की प्रतीक्षा ही कर रहे थे, ने नियंत्रित तरीके से जवाबी गोलीबारी की। दोनों तरफ से हुई इस गोलीबारी में एक गोली हीरा कुमार झा, सेकंड–इन–कमांड की खोपड़ी से होकर निकल गई और वह बहादुर अधिकारी मौके पर शहीद हो गया। तथापि, इससे अजित कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे विचलित नहीं हुए और उन्होंने भाग रहे माओवादी पर गोलियां चलाना जारी रखा। यद्यपि माओवादी कमांडर को भी गोली लग गई थी, फिर भी वह घने जंगल में भागने में सफल हो गया। कंपनी कमांडर अजित कुमार और कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे ने भाग रहे माओवादी का पीछा किया लेकिन उन्हें आड़ लेनी पड़ी क्योंकि उनके पीछे से अन्य माओवादियों ने, जो अपने कमांडर के साथ गांव में ठहरे हुए थे, उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी थीं। तब दोनों का ध्यान भाग रहे अन्य माओवादियों पर गया। यह वह समय था जब उन्होंने देखा कि हथियार लिए एक महिला माओवादी एक गांव वाले की आड़ लेकर जंगल की तरफ भागने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अपने आपको झाड़ियों के पीछे छिपा लिया और उसकी प्रतीक्षा करने लगे। जैसे ही वह महिला नजदीक पहुंची, दोनों व्यक्ति उस पर टूट पड़े तथा उसे .303 बोल्ट एक्शन राइफल के साथ पकड़ लिया। उसकी पहचान माओवादी कमांडर सिद्धू कोडा की पत्नी रीना के रूप में हुई जो बलों को चकमा देने में सफल रही थी। इस अभियान में, तीन माओवादी पकड़े गए। उनसे एक .303 बोल्ट एक्शन राइफल, एक 12 बोर पिस्तौल, एक दूरबीन, 30 कि.ग्रा. विस्फोटक, 3 आईईडी, 150 जिंदा राउंड, माओवादी साहित्य और अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गईं। एसआईबी पटना की तकनीकी जानकारी से बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि अभियान में छह माओवादी गंभीर रूप से घायल भी हुए थे।

श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल श्रीकान्त पाण्डे, दोनों ने अभियान के दौरान जबरदस्त निर्भीकता, सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय दिया जिसके कारण तीन माओवादी पकड़े जा सके तथा विश्वसनीय रिपोर्टों के अनुसार दुर्दांत माओवादी कमांडर सिद्धू कोडा सहित कई माओवादी घायल भी हुए।

की गई बरामदगी :

03 नक्सली अर्थात् रीना (महिला नक्सली), राजू सोरेन, माधव सोरेन गिरफ्तार किए गए तथा बरामद .303 राइफल–1, 12 बोर देशी पिस्तौल–01, दूरबीन–01, विस्फोटक सामग्री के 3 कंटेनर–15–15 कि.ग्रा., .303 के जिंदा राउन्ड–58, 5.56 इंसास के जिंदा राउंड–92 और आईईडी–03 (घटना स्थल पर नष्ट)।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट एवं श्रीकान्त पाण्डे, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.07.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 159–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. सुनील कुमार शर्मा,
सहायक कमांडेंट

02. रंजीत मंडल,
सहायक कमांडेंट

03. गुलाब सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.08.2014 को यह खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि विक्रम गोपी उर्फ बारुद (बानो और कोलीबेरा क्षेत्र का पीएलएफआई एरिया कमांडर) अपने दस्ते के 8–10 सदस्यों के साथ कवाजोर जंगल में ठहरा हुआ है और वह मध्याह्न भोजन तक रुकेगा, कमांडेंट–94 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने एक छोटे दल द्वारा अभियान चलाने की

योजना बनाई। तदनुसार, ए/94 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 18 कार्मिकों के दल को श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट की कमान वाले राज्य पुलिस के 12 जवानों के साथ शिविर पर सुनियोजित ढंग से तुरंत हमला करने को कहा गया। क्षेत्र, झाड़—झंखाड़, तय की जाने वाली दूरी और भागने के मार्ग का विश्लेषण करने के पश्चात् वह दल मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 1000 बजे चला तथा 1200 बजे लक्षित जंगल के समीप पहुंच गया। उन्होंने जंगल से कुछ दूरी पर मोटरसाइकिलें छोड़ दीं तथा दो भागों में बंट गए। योजना यह थी कि जंगल की दो दिशाओं अर्थात् पूर्व और पश्चिम से तलाशी ली जाए और इसलिए दोनों दलों की कमान क्रमशः श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट और श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट को सौंप दी गई। तत्पश्चात दोनों दलों ने गुप्त रूप से जंगल में प्रवेश किया और अपनी—अपनी दिशाओं से जंगल की तलाशी लेने लगे। लगभग 1425 बजे श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट की कमान वाले दल के एक सदस्य ने कुछ दूरी पर जंगल में तिरपाल का एक तंबू (छिपने का ठिकाना) देखा। उसने इसकी जानकारी अपने कमांडर से साझा की। श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट ने अपने दल को आड़ लेने को कहा और वे आगे की कार्रवाई की योजना बनाने लगे। उन्होंने श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट की कमान वाले दूसरे दल को यह जानकारी दी और उस स्थान की अवस्थिति से अवगत कराया तथा उनसे पश्चिम दिशा से क्षेत्र को कवर करने को कहा। ये दोनों दल एक—दूसरे के साथ लगातार संपर्क में रहे और दूसरे दल के लक्ष्य पर पहुंचने पर श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट ने अपने दल को छोटे दलों में विभाजित किया और उन्हें पूर्व दिशा की तरफ से इलाके की घेराबंदी करने का आदेश दिया। इसी प्रकार, श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट ने भी अपने दल को उप—समूहों में बांट दिया तथा पश्चिम की ओर से क्षेत्र को कवर किया। इलाके की घेराबंदी करने के बाद दोनों कमांडर शिविर की ओर बढ़े। जैसे ही श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट की कमान वाला हमला दल घुटनों के बल रेंगता हुआ उसके समीप पहुंचा, एक पेड़ के पीछे छिपे पीएलएफआई काडरों के एक संतरी ने उस पर अचानक अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

अचानक हुई इस प्राणघातक गोलीबारी में आगे मौजूद श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी गुलाब सिंह बाल—बाल बचे और गोलियां उन्हें छूकर निकल गईं। इस हमले की परवाह न करते हुए दोनों हरकत में आए तथा संतरी पर जवाबी गोलियां चलाईं। इस तेज और ठोस कार्रवाई से संतरी को अपनी लक्षित गोलीबारी रोक लेने पर विवश होना पड़ा जिससे बहादुर जवानों को आड़ लेने के लिए कुछ समय मिल गया। गोलियों की आवाज सुनकर शिविर में आराम कर रहे अन्य काडर भी बाहर आ गए और गोलीबारी में शामिल हो गए। बहुत ही कम दूरी से भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। इस गतिरोध को समाप्त करने तथा शिविर को नष्ट करने के लिए श्री रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट ने पहले मुख्य संतरी को मार्ग से हटाने और तत्पश्चात् बनी जगह से शिविर में घुसने का रास्ता बनाने का निर्णय लिया। इस प्रकार की अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेडों के विस्फोटों के बीच सुरक्षित कवर से बाहर निकलना जोखिम से भरा कार्य था, फिर भी सभी आशंकाओं की अनदेखी करते हुए वे और कांस्टेबल/जीडी गुलाब सिंह अपने—अपने कवर से बाहर आए और अपनी दाहिनी ओर घुटने के बल रेंगने लगे। हमले की जगह मिलते ही उन्होंने संतरी पर सटीक गोली चलाई और उसे मार गिराया। इसी बीच, श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट की कमान वाले जवान भी पश्चिम दिशा से निकट पहुंच चुके थे और उन्होंने भी काडरों पर गोलियां दागनी शुरू कर दी थी। अपने आपको दलों के बीच घिरा हुआ पाकर काडरों ने भागने का प्रयास किया। प्रयास करने की मंशा से काडरों ने उस दिशा में भारी गोलीबारी की जिस तरफ सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट मौजूद थे और गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति अपनाई। गोलियों की बौछार से घिरे होने के बावजूद श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट ने अपना मानसिक संतुलन नहीं खोया। उन्होंने अल्प कवर के पीछे काडरों के नजदीक आने पर जवाबी हमला करने की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की। अपने हमले तथा उक्त दिशा से जवानों का कोई भी प्रत्युत्तर न मिलने पर उत्साहित हुए काडरों ने उस दिशा में घेराबंदी से बाहर निकल जाना सुरक्षित समझा। काडर, स्थान से भागने की आशा से अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए उक्त दिशा में भागे। श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट ने पुनः अपनी रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए अपने कवर से बाहर आए और जैसे ही काडर उनके समीप पहुंचे, वे भाग रहे काडरों के सामने आए और उन पर गोलियां चला दीं। इस गोलीबारी से एक काडर घायल हो गया जबकि तीन अन्य जमीन पर गिर पड़े। इस निर्भीक और साहसिक कार्रवाई से घबराकर और मृत्यु को सामने देखकर काडर अपनी जान की भीख मांगने लगे। यह जाल से बाहर निकलने का उनका अंतिम प्रयास था, परन्तु श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट की कमान में जवान उन काडरों पर टूट पड़े और उनके हाथों से हथियार छीन लिए। इस मुठभेड़ की समाप्ति पर तलाशी अभियान चलाया गया जिसमें एक पीएलएफआई काडर मृत पाया गया जिसकी पहचान पंचू बैदिक के रूप में हुई तथा एक अन्य काडर गंभीर रूप से घायल पाया गया जिसकी पहचान भरत सिंह उर्फ थरथरी के रूप में हुई। प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे तुरन्त बानो अस्पताल ले जाया गया। तथापि, दिनांक 01.09.2014 को आरआईएमएस, रांची में भरत सिंह उर्फ थरथरी की मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। गिरफ्तार किए गए तीनों पीएलएफआई काडरों की पहचान संजय सुरीन, भुवनेश्वर यादव और जीवन मसीहा टोपनो के रूप में हुई। छिपने के ठिकाने को नष्ट किया गया और मुठभेड़—स्थल से निम्नलिखित चीजें बरामद हुईं :—

क्रम सं.	हथियारों/गोलाबारुद का नाम	बरामद
1.	मैगजीन सहित .303 बोल्ट एक्शन देशी राइफल	7
2.	9 मिमी पिस्तौल	1
3.	रिवाल्वर	1
4.	7.62 मिमी की देशी पिस्तौल	1
5.	.303 और .315 के जिंदा राउंड	38
6.	9 मिमी के जिंदा राउंड	6
7.	7.62 जिंदा राउंड	13

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुनील कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट, रंजीत मंडल, सहायक कमांडेंट और गुलाब सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.08.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 160—प्रेज/2015——राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	अजित कुमार, सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
03.	संदीप कुमार, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	बलवन्त सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	बचन सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
06.	सुभाष चन्द्र राय, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
07.	हरि किशन, उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.09.2014 को लगभग 1430 बजे अपने स्रोतों से श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट, ऑफिसर कमांडिंग ई/07 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को पुलिस थाना लोकईनानपुर, जिला गिरिडीह (झारखण्ड) के अंतर्गत गांव डलडलिया के निकट जंगल में दिनेश पंडित, सुरंग यादव और अन्य (जो लगभग 14 की संख्या में थे) सहित माओवादियों के एक समूह की आवाजाही की सूचना मिली। उन्होंने यह सूचना हजारीबाग में मौजूद अपने कमांडेंट को दी और भू—भाग, स्थलाकृति और उपलब्ध अन्य जानकारी का विश्लेषण करने के पश्चात एक अभियान की योजना बनाई गई।

तदनुसार, लगभग 1705 बजे टीएसी मुख्यालय टिसरी से श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट की कमान में बटालियन की क्यूएटी (डीसी—01, एसआई/जीडी—01, एचसी/जीडी—02, एचसी/आरओ—01 और कांस्टेबल/जीडी—09, कुल—14) टिसरी स्थित कंपनी के ठिकाने पर पहुंची और श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में ई/7 की दो प्लाटूनों के साथ अभियान आरंभ किया गया। पुलिस थाना टिसरी के प्रभारी अधिकारी भी जवानों के साथ हो लिए। जवान छलावा रणनीति का इस्तेमाल करके शिविर से गुपचुप तरीके से बाहर निकले और गांव डलडलिया के निकट जंगल के सिरे तक पहुंचे। छिपने के संभावित ठिकाने पर हमला करने के लिए जवानों को दो समूहों में विभाजित किया गया, जिनमें से एक की कमान श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट तथा दूसरे की कमान श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट के पास थी। जवान अपने लक्ष्य की ओर गुप्त तरीके से बढ़ने लगे लेकिन माओवादियों की उपस्थिति का कोई अता—पता नहीं चल पा रहा था। विद्रोह—रोधी अभियानों में अपने लंबे अनुभव का सहारा लेते हुए श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट ने तब गांव डलडलिया की ओर से जंगल की तरफ जाने वाले मार्ग पर सुनियोजित ढंग से पोजिशन लेने का निर्णय लिया। अपने दिमाग में उन्होंने यह अनुमान लगा लिया था कि यदि माओवादी जंगल में हैं, तो अपनी दैनिक जरुरतों के सामान हेतु निश्चित रूप से वे गांव की तरफ आएंगे। एक टोही दल को स्थल का चयन करने हेतु भेजा गया और सूर्यास्त होने पर जवानों ने मार्ग को कवर करते हुए पोजिशन ले ली। जवानों ने अपनी सांसों की आवाज तक को दबाते हुए किसी भी आवाज के प्रति अपनी आंख और कान को खुला रखते हुए धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की। यह प्रतीक्षा लगभग 23.15 बजे जाकर समाप्त हुई जब आगे के कट—ऑफ दल के कमांडर श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट ने कुछ कदमों की आहट सुनी। इस संदिग्ध आवाजाही की सूचना वायरलेस सेट के माध्यम से सभी दलों को दी गई और सभी दलों को सतर्क कर दिया गया। नजदीक आने पर कदमों की आहट से पता चला कि आगे के दल में केवल 1—2 व्यक्ति हैं जबकि पीछे से आने वाला दल बड़ा है। कुछ समय बाद, श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी बलवन्त सिंह और कांस्टेबल/जीडी संदीप कुमार नामक उनके साथियों, जो मार्ग के दाहिनी

ओर केवल 10 से 12 मीटर की दूरी पर थे, ने दो छायाकृतियों को गांव डलडलिया की ओर आते देखा। आगे के दल को पार करते ही दोनों छायाकृतियां छिपे हुए जवानों के बीच रुकीं और उस जगह की छानबीन करने लगी। जब वे कोई अवांछित उपस्थिति न होने के प्रति आश्वस्त हो गईं, तब उनमें से एक ने सीटी बजाकर संकेत दिया और आगे बढ़ गई। इसके बाद मुख्य समूह, जो कुछ कदम पहले रुक गया था, आगे बढ़ा। जैसे ही संदिग्ध व्यक्तियों का मुख्य समूह जवानों के पास पहुंचा, कमांडर श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट और राज्य पुलिस ने उन्हें अपनी पहचान बताते हुए रुकने के लिए कहा, परन्तु संदिग्ध व्यक्तियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अपने जवानों पर आए संकट को ताड़ते हुए, श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट और उप निरीक्षक/जीडी सुभाष चन्द्र राय और कांस्टेबल/जीडी बचन सिंह नामक उनके दो साथियों ने माओवादियों पर गोलियां चलाना आरंभ कर दिया जो उनसे लगभग 10–12 मीटर की दूरी पर थे। पीछे की कट–ऑफ पार्टी, जिसका नेतृत्व उप–निरीक्षक/जीडी हरि किशन कर रहे थे, ने भी माओवादियों पर गोलियां दागनी शुरू कर दी। माओवादियों को भागने से रोकने के लिए उप–निरीक्षक/जीडी हरि किशन ने इलाके में सभी एहतियाती उपाय किए और गांव की ओर जाने वाले मार्ग के बीचों–बीच खड़े हो गए। जवाबी गोलीबारी का सामना कर रहे माओवादियों ने तुरन्त पेड़ों और उबड़–खाबड़ जमीन के पीछे पोजिशन ले ली। उस स्थान से भागने के प्रयास में उन्होंने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मात्र 10–12 मीटर की दूरी से एक भीषण संघर्ष शुरू हो गया जिससे जवानों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। इस स्थिति से उबरने के लिए, श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट ने श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट को दाहिनी ओर से माओवादियों की ओर बढ़ने का आदेश दिया जबकि वे स्वयं बायीं ओर से आगे बढ़े। वे दोनों अपने साथियों के साथ घुटनों के बल चलते हुए किनारों से माओवादियों पर हमला करने के लिए आगे बढ़े। माओवादियों ने महसूस किया उनके भारी प्रतिरोध के बावजूद जवान उनकी ओर बढ़ रहे हैं, इसलिए उन्होंने अंधेरे में उस स्थान से भाग जाने में भलाई समझी। सुबह होते ही लगभग 06.15 बजे एक विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान हथियारों सहित मृत माओवादियों के तीन शव बरामद हुए जिसके साथ–साथ कई जगहों पर खून के धब्बे दिखे जिनसे स्पष्ट हो रहा था कि इस मुठभेड़ में कुछ और माओवादी घायल भी हुए हैं। मृतक माओवादियों की पहचान दिनेश पंडित (एरिया कमांडर), सहदेव मुर्मू और जीवा लाल राय के रूप में हुई। तलाशी के दौरान निम्नलिखित हथियार और गोलाबारुद भी बरामद हुए :–

क्रम सं.	नाम	मात्रा
01.	मैगजीन नं. 816210 के साथ एसएलआर राइफल	01
02.	मैगजीन सहित .303 राइफल, मार्क–4	01
03.	मैगजीन सहित .315 बोर राइफल	01
04.	.303 के जिंदा कारतूस	38 राउंड
05.	.303 के खाली खोखे	02
06.	एक मैगजीन पाउच	01
07.	चार्जर क्लिप	05
08.	मैगजीन पाउच	01
09.	.315 बोर के जिंदा कारतूस	49 राउंड
10.	खाली खोखे	02
11.	7.62 मिमी का जिंदा कारतूस	09 राउंड
12.	7.62 मिमी के खाली खोखे	04

अभियान के दौरान, श्री एस.के. यादव, उप कमांडेंट ने बेहतरीन रणनीतिक सूझबूझ, साहसिक मनोवृत्ति और शौर्यपूर्ण कार्रवाई का परिचय दिया। तनावपूर्ण, जोखिमपूर्ण परिस्थिति तथा माओवादियों के इतने नजदीक होने के बावजूद उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में रखा और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का उदाहरण पेश किया। इसी प्रकार, श्री अजित कुमार, सहायक कमांडेंट और उनके साथियों ने सराहनीय कार्य कर दिखाया। माओवादियों से बेहद निकट होने तथा उनका सामना करने वालों में सबसे आगे रहने के बावजूद वे तनिक भी विचलित नहीं हुए, धैर्य बनाए रखा, सतर्कता, तत्परता बनाए रखी, त्वरित कार्रवाई की तथा किनारे से हमला करके जवाबी हमले करते रहे। इसी प्रकार, उप निरीक्षक/जीडी हरि किशन और श्री एस.के. यादव, उप कमांडेंट के साथियों ने नजदीकी मुठभेड़ में जबरदस्त साहस का प्रदर्शन किया जहां उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना माओवादियों को सीधी टक्कर दी।

इस मुठभेड में सर्व/श्री सुरेश कुमार यादव, उप कमांडेंट, अजित कुमार, सहायक कमांडेंट, संदीप कुमार, कांस्टेबल, बलवन्त सिंह, कांस्टेबल, बचन सिंह, कांस्टेबल, सुभाष चन्द्र राय, उप निरीक्षक और हरि किशन, उप–निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.09.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 161–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. हेमेन कलिता,
कांस्टेबल

02. मोहम्मद असफाक खान,
निरीक्षक

03. प्रवीण कुमार सैनी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10 मार्च, 2014 को अपने स्रोतों से त्राल शहर में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों/भागों में तलाशी और घात लगाने के लिए 185 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 9 प्लाटूनें तैनात की गईं। तैनाती इस प्रकार से की गई थी कि 5 प्लाटूनें, पश्चिम दिशा से शहर से बाहर जाने वाले मार्गों पर घात लगाएंगी, जबकि 4 प्लाटूनें प्रत्येक लेन और छोटी लेन को कवर करते हुए पूरे शहर की तलाशी लेते हुए पश्चिम दिशा में जाकर मिल जाएंगी। तदनुसार, एफ कंपनी की एक प्लाटून, जो निरीक्षक/जीडी मोहम्मद असफाक खान की कमान में थी, को जांच और तलाशी हेतु गोल मस्जिद के आस–पास वाला क्षेत्र सौंपा गया।

लगभग 2010 बजे, उपर्युक्त प्लाटून सुनियोजित तरीके से त्राल एस बी आई होते हुए गोल मस्जिद की ओर बढ़ने लगी। इस प्लाटून के जवान कांस्टेबल/जीडी हेमेन कलिता और कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार सैनी थे, जो अपने कमांडर अर्थात् निरीक्षक/जीडी मोहम्मद असफाक खान की सीधी कमान में थे। जैसे ही जवान एक छोटी लेन के पास पहुंचे, उन्होंने फेरन पहने 4 लोगों का एक समूह देखा। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को देखने के बाद वह समूह जल्दबाजी में छोटी लेन में जाने लगा। उस समूह की यह गतिविधि जवानों को संदेहास्पद लगी और कांस्टेबल/जीडी हेमेन कलिता और कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार सैनी ने उन्हें अपनी–अपनी जगह पर रुकने तथा फेरन उठाने का आदेश दिया। आदेशों की अवहलेना करते हुए वह समूह छोटी लेन में और आगे जाने लगा। भाग रहे लोगों को पकड़ने के लिए कमांडर और उनके दो जवानों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। यह देखते हुए कि उनका पीछा किया जा रहा है, उस अज्ञात समूह ने अपने फेरन के अंदर ढ़के हथियारों से जवानों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और भागने लगे। खुली जगह में बिना किसी कवर और छिपाव के होने के बावजूद, कांस्टेबल/जीडी हेमेन कलिता, कांस्टेबल/जीडी प्रवीण कुमार सैनी और निरीक्षक/जीडी मोहम्मद असफाक खान अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जवाबी गोलीबारी करने लगे। जवानों की जवाबी गोलीबारी देखकर, दो आतंकवादियों ने एक दीवार के पीछे कवर ले ली तथा आगे बढ़ रहे जवानों पर गोलियां बरसाने लगे जबकि दो अन्य आतंकवादी भागते रहे। सुरक्षित दीवार के पीछे छिपे आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी में स्वयं को फंसता पाकर, जवान कवर के लिए भागे और एक भवन की गेट और चारदीवारी से बने गढ़ढ़े में पोजिशन ले ली। यथास्थिति बनी रही जहां गोलियां जवानों के साथ–साथ आतंकवादियों को भी आगे बढ़ने नहीं दे रही थीं। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए, निरीक्षक/जीडी मोहम्मद असफाक खान ने गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ने की नीति का इस्तेमाल करके आगे बढ़ने का निर्णय लिया, हालांकि इस चाल में किसी कवर के अभाव में जान को खतरा शामिल था। अपनी जान को जोखिम में डालकर कमांडर और उनके दो बहादुर जवान आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी करने लगे और अपने–अपने कवर से बाहर आ गए। सभी एहतियात को धता बताते हुए खुले में आने की जवानों की इस साहसिक और निर्भीक कार्रवाई से आतंकवादी बेहद डर गए और वे अपने कवर के पीछे से भागने लगे। आतंकवादी आगे बढ़ रहे जवानों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे और अपने कवर से भाग गए। जवानों ने भी उन पर गोलियां चलाईं और इतनी नजदीक से हुई गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में अरशद भाई–छोटू, निवासी पाकिस्तान, डिप्टी कमांडर, जैश–ए–मोहम्मद के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादी से निम्नलिखित सामान भी बरामद हुए :

(i)	मैगजीन एके 47	:	4
(ii)	जिंदा कारतूस एके 47	:	220 राउंड
(iii)	जिंदा ग्रेनेड	:	7
(iv)	वायरलेस सेट (केनवूड)	:	1
(v)	खाली खोखे	:	5
(vi)	मोबाइल	:	2

तथापि, मृतक आतंकवादी का हथियार उसका साथी लेकर भाग गया, जो जवानों की साहसिक और निर्भीक कार्रवाई के बावजूद भागने में सफल रहा था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री हेमेन कलिता, कांस्टेबल, मोहम्मद असफाक खान, निरीक्षक और प्रवीण कुमार सैनी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.03.2014 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

सं. 162–प्रेज/2015––राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जसवंत सिंह,
उप निरीक्षक

02. रेवना शिद्दप्पा के.,
सहायक उप निरीक्षक

03. मनोज राम,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01 जुलाई, 2013 को लगभग 0330 बजे दो शीर्ष कमांडरों के साथ एचएम के ऑपरेशनल चीफ (जिला कमांडर), दक्षिण कश्मीर शबीर अहमद की गुलजार अहमद भट पुत्र गुलाम हसन भट, गांव मंडुरा, पुलिस थाना त्राल, जिला पुलवामा के मकान में मौजूद होने की विशिष्ट सूचना मिलने पर 185 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा जम्मू एवं कश्मीर पुलिस/एसओजी के साथ एक घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया गया। 185 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप निरीक्षक/जीडी जसवंत सिंह, सहायक उप निरीक्षक/जीडी रेवना शिद्दप्पा के. और कांस्टेबल/जीडी मनोज राम को शामिल करते हुए दो तलाशी दल गठित किए गए। लगभग 0530 बजे, इन दोनों दलों ने लक्षित मकान की कड़ी घेराबंदी की ताकि आतंकवादी भाग न सकें। इसी बीच, घर के अंदर छिपे आतंकवादियों ने तलाशी दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसका जवाब जवानों द्वारा दिया गया। गोलीबारी में, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल मंजूर अहमद को गोली लगी और उन्होंने मकान के परिसर में एक पेड़ के पीछे शरण ली।

आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने तथा मकान मालिक के परिवार के सदस्यों को मकान से बाहर आने की अनुमति देने को कहा गया, जिन्हें उन्होंने बंधक बनाया हुआ था। आतंकवादियों द्वारा इस पेशकश को नामंजूर किए जाने के बाद परिवार के सदस्यों और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के घायल जवान को सुरक्षित बाहर निकालने की योजना बनाई गई। जब यह दल मकान परिसर में प्रवेश कर रहा था, तब उनके ऊपर दो अलग–अलग दिशाओं से भारी गोलीबारी की गई। यह देखते हुए कि जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के घायल जवान को सुरक्षित बाहर ले जाया जा रहा है, एक आतंकवादी मकान से बाहर आया और पुलिस कार्मिक पर गोली चलाई जो तब तक मकान के बाहरी गेट तक पहुंच चुका था। इस मौके पर पूरे दल को भारी क्षति हो सकती थी यदि जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल मुश्ताक अहमद के साथ 185 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांस्टेबल/जीडी मनोज राम ने फिदायीन की तरह कार्रवाई न की होती, उन्होंने दल की सुरक्षित रूप से गेट के बाहर आने तक उनकी रक्षा की और जवाबी गोलीबारी भी करते रहे। आतंकवादी और ये दो कांस्टेबल एक–दूसरे के सामने मात्र कुछ ही गज की दूरी पर रहकर एक दूसरे पर गोलियां चला रहे थे। इस अभियान में, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल मुश्ताक अहमद ने अपने प्राणों की आहुति दी और आतंकवादी मारा गया। कांस्टेबल/जीडी मनोज राम को भी उनके बायें हाथ की ह्यमेरस हड्डी पर गोली लगी। गोली से घायल होने के बावजूद तथा अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वे लगातार आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे।

तत्पश्चात, दल पर उस समय पुनः दो दिशाओं से जबरदस्त गोलीबारी की गई, जब वे सामने से मकान में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़ रहे थे। 185 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप निरीक्षक/जीडी जसवंत सिंह, सहायक उप निरीक्षक/जीडी रेवना शिद्दप्पा के. ने आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा तथा दल के शेष सदस्य मकान में प्रवेश कर गए तथा मकान का दरवाजा तोड़ दिया, जहां परिवार के सदस्य फंसे हुए थे। गोलीबारी में, उप निरीक्षक/जीडी जसवंत सिंह को बायें पैर में गोली लगी, लेकिन गोली लगने से घायल होने के बावजूद और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने सहायक उप निरीक्षक/जीडी रेवना शिद्दप्पा द्वारा कंधे से कंधा मिलाकर दिए गए सहयोग से आतंकवादियों पर गोली चलाना जारी रखा, जिसके कारण परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बचा लिए गए।

यह भीषण मुठभेड़ सायंकाल देर तक चली और मकान की अंतिम तलाशी में एचएम के 3 दुर्दांत/अति वांछित आतंकवादियों अर्थात् शबीर अहमद उर्फ–आदिल, पुत्र गुलाम अहमद भट, निवासी हाइना, श्रेणी ए++, शाहनवाज अहमद मीर उर्फ–साहब टिंगा,

पुत्र अली मोहम्मद मीर, निवासी डडसारा, श्रेणी 'ए', एजाज अहमद लावे उर्फ माजिद, पुत्र मोहिदीन लावे, निवासी लर्गाम, श्रेणी 'बी' के शव और निम्नानुसार हथियार/गोलाबारुद बरामद हुए :

क्र. सं.	मद	मात्रा
1.	एके–47 राइफल	2
2.	एके–56 राइफल	1
3.	एके मैगजीन	6
4.	एके गोलाबारुद	90 राउंड
5.	पाउच	3
6.	पिस्तौल	01 (क्षतिग्रस्त)
7.	स्लिंग	3
8.	चीनी ग्रेनेड जिंदा	5 (मुठभेड़ स्थल पर नष्ट किया गया)
9.	मैगजीन स्प्रिंग	2
10.	वॉयर कटर	1
11.	कैंची	1
12.	हेडफोन	1
13.	टॉर्च	1 (क्षतिग्रस्त)
14.	डेटोनेटर	1 (स्थल पर नष्ट किया गया)
15.	चाकू	1
16.	बैग	1
17.	आर आर बैज	1
18.	पोस्टर	3
19.	1000 रु.	2 नोट (फटे–पुराने)
20.	500 रु.	8 नोट (फटे–पुराने)
21.	100 रु.	1 नोट (फटा–पुराना)

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री जसवंत सिंह, उप निरीक्षक, रेवना शिद्दप्पा के., सहायक उप निरीक्षक और मनोज राम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.07.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

———————

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 3rd December 2015

No. 112-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry/1st Bar to Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Assam Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Zakir Hussain, Sub Divisional Police Officer (PMG)
2. Mohesh Chandra Borah, Sub Inspector (1st Bar to PMG)
3. Bhugeswar Saikia, Constable (PMG)

Statement of service for which the decoration has been awarded

On 02.06.2011 an information received that a large group of ULF extremists with heavily sophisticated weapons set up a camp in the village Tamuli Bogaon adjacent to Kakoojan reserve forest under Digboi PS and are roaming in that area. Accordingly, at 4 PM a joint operation was launched under command and control of Shri Zakir Hussain, APS, SDPO, Margherita alongwih OC Digboi PS and other security forces. The operational team was divided into small groups and carried out operations at different places of that area. One of the Police team led by Shri Zakir Hussain, APS and OC Digboi PS SI Mohesh Chandra Borah with his PS staff suddenly noticed that two youth with a motor cycle coming towards them from opposite jungle side. Noticing the Police group, the motorcyclist took a "U" turn and tried to escape. Immediately Shri Zakir Hussain, APS, commanded his team to chase them. As police chase the motorcycle, the motorcyclist opened indiscriminate firing with their automatic sophisticated weapons targeting operational group. Shri Zakir Hussain, APS and SI Mohesh Ch. Borah along with PSO retaliated in their self defence and continued chasing them tactically exposing themselves to the extreme danger of life and were able to nab both of them with motorcycle without any casualty of Police team. During the exchange of fire both the extremists sustained multiple bullet injuries. Huge Arms/Ammunition, explosives etc. recovered from their possession. The camp of ULFA was busted in this operation.

During examination the bullet injured extremists were identified as (1) Sgt. Maj. Akon Borgohain @ Sunami S/o Shri Bhubon Borgohain of Kolakata Gaon, PS Sapekhati, Dist: Sivsagar and (2) Sgt. Maj. Tikshu Baruah @ Abhoy Gogoi S/o Modin Baruah of Upper Mamoroni Gaon, PS: Digboi, Dist. Tinsukia. Both are hardcore ULFA cadres trained in Myanmar.

Recoveries made :

1. 1 (one) AK-56 Rifle
2. 2 (two) Nos. of AK series magazine
3. 25(twenty five) Rds. AK Series ammunitions
4. 1 (one) 9 MM pistol with magazine
5. 04 (four) Nos of 9 MM pistol ammunitions
6. 3 (three) Nos. of Chinese Bottle Grenades
7. 2 (two) Nos. detonators
8. One motor cycle bearing Registration No. AS-23-D-2663

In this encounter S/Shri Zakir Hussain, Sub Divisional Police Officer, Mohesh Chandra Borah, Sub Inspector and Bhugeswar Saikia, Constable displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4(i) of the Rules governing the award of Police Medal/1st Bar to Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 02/06/2011.

SURESH YADAV
OSD to the President

No. 113-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Assam Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Utpal Borah,
   Sub Inspector
2. Learnish Pegu,
   Sub Inspector
3. Bhupen Hatimuria,
   Constable

Statement of service for which the decoration has been awarded

On 09.05.2012 at about 0900 hrs, on receipt of a secret information regarding movement of 5/6 suspected Maoist activists preparing for subversive activities against security forces in the general areas of Baskota Chuk, Mishing Borgora under Sadia PS. SI Utpal Borah, OC Sadiya PS, SI (P) Learnish Pegu and AP Bn personnel immediately left for the village. On reaching the spot, the Police team started search operation by splitting into small groups. During search operation, the operation team led by SI Utpal Borah and SI (P) Learnish Pegu noticed movement of some persons in the houses of Bal Bahadur Limbu and Jash Bahadur Limbu of Mishing Borgora. They hid themselves behind the trees and cautiously moved towards the house. As the operation team reached near the house, the extremists taking shelter in the house hurled a hand grenade on the Police party. Immediately after that the heavily equipped Maoist extremists tried to emerge from the house taking cover of thick vegetation and started indiscriminate firing on the Police team.

Police also retaliated the fire in self defence. In this exchange of fire Const Achinta Das got hit but continued firing disregarding the threat to his life. SI Utpal Borah showing true leadership ability provided cover to his team and directed SI(P) Learnish Pegu to rescue constable Achinta Das from the onslaught of the extremist's fire. SI(P) Learnish Pegu leading his team, crawled forward and brought Achinta Das to a safe distance continuously firing in self defence. Disregarding the grave threat to their personal lives at the call of the duty, SI Utpal Borah and his team exhibited exemplary courage and neutralized 04 (four) armed Maoist extremist in direct exchange of fire, who were later identified as (1) Siddhartha Buragohain, Age-30 yrs @ Chandra Baruah @ Lathi, S/o Rangman Buragohain, Telikola Gaon PS- Sadiya, Commander CPI(Maoist), Upper Assam Leading Committee (2) Rajib Gogoi, Age-35 yrs, @ Medang @ Vastav Baruah @ Mission @ Changmai, S/o Produnya Gogoi, village- Tupsinga, PS- Sadiya (3) Arup Chetia, Age-26 yrs, @ Iyan, S/o Sri Kumud Chetia of Tokjan Ahomgaon, PS- Sadiya (4) Kamala Buragohain, Age-24 yrs, S/o Budheswar Buragohain, village- Gorchinga, Mekurichuk, PS- Sadiya. SI Utpal Borah exhibited extraordinary courage and leadership in such situation and was able to boost the morale of his party. His slightest error in the operation would have resulted in irreparable damage to him and his party.

Under the above facts and circumstances, it is evident that the S/Shri(1) SI Utpal Borah, (2) SI (P) Learnish Pegu and (3) UBC Bhupen Hatimuria, responded promptly and showed conspicuous bravery and gallant leading the operations from the front and exhibited raw courage in neutralizing the extremists.

Recoveries made :

1.	AK-47 series rifles	02 nos.
2.	AK-56 series rifles	01 no.
3.	Magazine	06 Nos.
4.	Live ammunition AK series	104 Rds.
5.	Empty Cartridge	44 nos.
6.	Grenade	03 nos.
7.	Detonator	01 no.
8.	Demand letter	27 nos.
9.	Mobile Handset	04 nos.
10.	Pocket Diary	05 nos.
11.	Mobile SIM Cards	16 nos.

In this encounter S/Shri Utpal Borah, Sub Inspector, Learnish Pegu, Sub Inspector and Bhupen Hatimuria, Constable displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4(i) of the Rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 09/05/2012.

SURESH YADAV
OSD to the President

No. 114-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Assam Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Arabinda Kalita,
   Superintendent of Police
2. Shiladitya Chetia,
   Addl. Superintendent of Police
3. Raju Bahadur Chetry,
   Sub Inspector
4. Soren Uzir,
   Constable

Statement of service for which the decoration has been awarded

On 21.09.2013, at about 7:30 PM, Shri Anil Kr. Agarwal, GM, NHPC Tawang was abducted by NDFB (S) extremists from 12 mile area under Chariduar P.S., Sonitpur. Investigation revealed that the driver of the vehicle bringing Shri Agarwal had connived in the abduction. In due course, senior officers of Assam Police were able to win over four cadres from the more than twenty members of NDFB (S) group which had held the NHPC GM captive.

On 11.11.2013 at about 3 PM, a thoroughly planned and meticulously rehearsed hostage-rescue operation was launched by Assam Police under DIGP (Northern range), Assam. An Assault Team, two support Teams and an Extraction Team were made and Assault team of 15 men led by Shri Arabinda Kalita, IPS, SP, Sonitpur and Shri Shiladitya Chetia, IPS, Addl. S.P. (HQ), Sonitpur was the second-in-command.

On foot from Bhalukpung railway station, the Assault Team did a four-hour long steep uphill climb in a treacherous terrain (at times using ropes), through a recognized habitat of wild elephants and other wild animals. Finally, the team reached the hill nearest to the hilltop in Maldang area on Assam-Arunachal border under Chariduar P.S., where the abducted person was being kept. Here, team leaders Shri Arabinda Kalita, IPS and Shri Shiladitya Chetia, IPS devised their final hostage rescue strategy with a quick on spot terrain study.

From Assault team of 15 men, for final hostage evacuation two buddy pairs were formed- (a) Shri Arabinda Kalita, IPS with Sub-Inspector (UB)Raju Bahadur Chetry and (b) Shri Shiladitya Chetia, IPS with Constable Soren Uzir. These four men left the rest of the team of 11 men who waited 30 meters from the extremist camp to provide assistance when the hostage was being brought out.

At about 7:30 PM, Shri Kalita and Shri Chetia along with their buddies started crawling to the extremist camp, up from a gorge and right under the nose of the sentry guard of the extremist camp. As per plan, the hostage Shri Anil Kr. Agarwal along with a defected cadre sneaked out of the camp to answer a nature's call. When the four police personnel took charge of the hostage, a volley of fire came upon them from the NDFB(S) extremists who sensed that their hostage was being rescued. The four policemen instinctively retaliated the firing while taking the hostage away through the exit route using themselves as a shield of the hostage from gunfire.

Since the extremists were by then, relentlessly lobbing grenades at the police team, Shri Shiladitya Chetia, IPS and Constable Soren Uzir counteracted with flanking fire and diverted the extremist attack upon themselves. This enabled Shri Kalita and Shri Chetry to evacuate the victim Shri A. K. Agarwal from the camp safely and reach the rest of the team. On reaching the team, Shri Kalita brought down heavy fire upon the extremist camp and began moving the victim away to hand him over to the support and extraction teams at a distance. To ensure that the victim could be moved to complete safety, Shri

Chetia and Constable Uzir continued taking rear guard action by now firing at the extremists from mortars. This lasted for more than twenty minutes until the extremists, finding their camp destroyed, fled away in the darkness.

As a consequence of this extremely brave and co-ordinated endeavour, Police could safely rescue Shri Anil Kr. Agarwal, GM, NHPC Tawang and bring him out to Bhalukpung (state Highway) on the same night. However, in the process, Shri Kalita, Shri Chetia, Shri Chetry and Constable Uzir sustained splinter injuries.

In this successful operation, Shri Arabinda Kalita, IPS, Shri Shiladitya Chetia, OPS, SI Raju Bahadur Chetry and Constable Soren Uzir displayed courage of highest order in the call of duty. Their death-defying valor and dedication to duty appeals to the glorious standards of above four men in uniform. Not only they had the indomitable courage to march four hours on foot through the extremist infested terrain but also took head on the extremists armed to the teeth and are in an advantageous, protected and mined location.

In this encounter S/Shri Arabinda Kalita, Superintendent of Police, Shiladitya Chetia, Addl. Superintendent of Police, Raju Bahadur Chetry, Sub Inspector and Soren Uzir, Constable displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4 (i) of the Rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 11/11/2013.

SURESH YADAV
OSD to the President

———————————

No. 115-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Bihar Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Sushil Khopde,
   Dy. Inspector General
2. Upendra Kumar Sinha,
   Superintendent of Police
3. Arvind Kumar Gupta,
   Sub Divisional Police Officer
4. Sanjay Kumar Singh,
   Dy. Superintendent of Police
5. Mrityunjay Kumar Singh,
   Sub Inspector

Statement of service for which the decoration has been awarded

The districts of Buxar, Rohtas and Kaimur had been reeling under heinous criminal acts perpetrated with frightening regularity by Suresh Rajbhar of village Itwa, Rajpur PS Dist Buxar and his gang, having 10-12 hardcore recorded criminals of Bihar and UP. He was an accused in at least 46 heinous criminal cases of Buxar and its adjoining districts of Bihar and UP which comprises acts of murders, dacoity and kidnappings for ransom. Along with public, he was responsible for killing and making injuries to several policemen. He was absconder since 1979. A reward of Rs. 25000/- was declared by Govt. of Bihar for his arrest.

On 24.06.2010 at about 12.35 PM Raghunath Singh, SI of Police cum Officer in charge Rajpur PS, with his subordinate police officers and men, was engaged in verification of a secret information about hiding of Suresh Rajbhar and his associates in Lakshmanpur Dera, a small village of only 8 (eight) earthen houses, under Rajpur PS. They cordoned the suspected house and moved towards it. Sudden shower of bullets from the house hit SAP jawan Awadhesh Prasad Sah. This sudden attack and bullet injury to SAP jawan shook the policemen all at once. The criminals were in advantageous position, having positioned inside a earthen house with thick walls whereas the police personnel found themselves without any defence, in open.

Irrespective of substantial risk to their lives, the police party displayed splendid courage and extreme conviction. They changing their way, neared the house and made counterattacks, warning them to surrender. The desperados, paying no

heed to their warnings, accelerated their firings. Conceiving gravity of the situation, Shri Raghunath Singh, SI reported prevailing situation to his higher and asked for additional force. Arrival of SP Buxar, SDPO Buxar SDPO Dumaraon and other Police Officers with their force on the scene, enthused the Police Party, confronting the extremely violent criminals tooth and nail. After assessment of the situation, villagers in fear were evacuated from nearby houses. Police Officers and men were deputed on every route of their possible escape despite all precautionary measures, exchange of bullets was going on. The situation was very challenging and fraught with tense and terrifying risks. Criminals had damaged two police jeeps and its headlights with heavy fire shots just to interrupt police attacks and their mobility. Despite all these odds, the Police Team was firm and determined to perform the job they were entrusted.

Arriving on the scene, DIG of Police, Shahabad Range along with Dy. SP Sanjay Kumar Singh, Bhojpur and SI Mrityunjay Kumar Singh discussed further strategic plan to conduct the operation successfully. Blockades of all possible escaping routes were tightened. STF jawans were deployed on roofs of nearby houses. Two raiding cum assault teams were constituted to arrest unyielding and hardcore criminals. The first team headed by DIG, Shahabad consisting of Sanjay Kumar Singh, Dy. SP (Rural) Bhojpur, Mritunjay Kumar Singh, SI of Police (SOG) STF SC Santosh Kumar Singh and JC Sanjay Kumar Singh. Second Assault team was headed by Upendra Kumar Sinha, SP, Buxar, Arvind Kumar Gupta, SDPO, Buxar, Raghunath Singh, SI cum Officer in charge, Rajpur PS and JC Baijnath Kumar, STF. Both the teams, in a planned way moved towards the den of the criminals maintaining all precautionary measures. Sanjay Kr. Singh Dy. SP, Arvind Kumar Gupta, SDPO, Mrityunjay Kumar Singh, SI of Police and SI Raghunath Singh with STF were ordered by DIG to perform close action of the operation. The offenders were repeatedly being given warnings to stop firing and to surrender, but they fired vehemently upon the police parties, challenging them in most abusive language and threatened to annihilate them. In reply heavy firing were made and hand grenades were exploded by the police teams. The ultras were still unshaked and undeterred inside strong earthen walls of the house. A Police team consisting of DIG Sushil Khopde, Dy. SP Sanjay Kr. Singh, SI Mritunjay Kr. Singh, SC Santosh Kumar Singh and JC Sanjay Kumar Singh moved towards the den from north side whereas SP Buxar with Arvind Kr. Gupta SDPO Buxar, SI Raghunath Kumar Singh and JC, Baijnath Kumar moved from south west side. In the meantime, the criminal planned an evil strategy, sent one portion of the den on fire with intention to escape furtively creating confusion among police personnel. The situation was kept under control by both the teams. Headlights of gypsy car and landmines vehicle were switched on and focused on the encounter site to avoid confusion. As the police parties were engaged in controlling the situation, local supporters of the criminals started firing from west, north and south directions. Available SAP Jawans and additional force of STF Kaimur under leadership of SI Uday Shanker, faced them and control the situation on outer cordon. This drama continued for whole night. The ultras kept on firing intermittently as police tried to get closer.

As a last resort in the early morning, the DIG & SP again assessed the situation, regrouped the teams & planned fresh strategy. They tried their best to reach near the fortified den under cover of heavy firing of bullets. The criminals were at the height in counterattack. It was a highly volatile situation. The fighting escalated into a full scale war. DIG Shahabad and SP Buxar called out warnings again to surrender. At this they tried once again to flee in east and west directions under the shower of bullets, however their efforts were foiled.

As a strategy one of the criminals, introducing himself as Suresh Rajbhar, agreed to surrender on mobile phone of SDPO Buxar. On this, firing from police side stopped by the DIG & both the DIG and SP came out in front for surrender of criminals. But to utter amazement of Police Team, the criminals, in two groups, came out of the den from south east directions and began to fire indiscriminately and tried to flee. During this intensified firing, JC Sanjay Kumar Singh was hit in his leg. In retaliatory firing by both raiding parties, four fleeing criminals were hit and fell in the eastern field with their weapons.

In course of room intervention the police team exploded hand grenades avoiding apprehension of any further criminals attack resulting spot death of three criminals. They were found dead in the courtyard of the house. In total seven criminals were shot dead, two of which were found in police uniform.

This gruesome encounter continued for 23 hours in which the criminals fired around 500-600 rounds and a big volume of firearms were recovered from their possessions. The number of police officers and personnel employed in this major operation was 181. Total rounds of fire by the Police was 1280 in addition 11 hand grenades and 2 tear gas. This exemplifies their reckless criminality, defiance and propensity for violence with amazing fire power. Fire attacks by the supporters on police parties from outside and from every direction approves the fact that Suresh Rajbhar had organized a strong group of criminals. In such a grave situation surfacing at the critical moment, firing by the police was aptly necessary and of the barest minimum and also fully justified.

During supervision of the case it revealed that the den was in such condition that no punching of effective fire could discourage the criminals till the end of operation. It was also found that several holes were made in thick walls of the den to target the police from all directions. They watched the police strategies of attacks and their movements through the holes.

Exercising superior sense of service, DIG of Police, Shahabad Range, along with police party, handled the situation even in the midst of imminent danger to their lives.

Irrespective of substantial risk of their lives, the police party displayed commendable patience of job and exceptional devotion to duty. By dint of their positive and immediate responsive action, gritty determination, potentiality and combative spirit they faced stiff necked criminals, Suresh Rajbhar and his gang men from the front for about 23 hours at stretch. They, appealing them (criminals) to surrender, exercised maximum restraint. The police party was forced to counterattack in self defence, security of government arms and ammunitions and only when the ultras had increased their fire power to a horrifying level.

Recoveries made :

1. 3006 US Model Rifle Semi Automatic - 01
2. 3006 Prohibited Bore Regular Rifle- 01
3. .315 Bore Regular Rifles - 06
4. DBBL Gun 12 Bore 4057/3764- 01
5. .315 -179 Round Live Cartridges
6. .3006-102 Round Live Cartridges
7. 7.62 MM-3 round live cartridges
8. 12 Bore- 40 round live cartridges
9. .315 – 56 MT
10. 3006- 12 MT
11. Bindoliya- 07
12. Mobile -3
13. Mobile SIM-4

In this encounter S/Shri Sushil Khopde, Dy. Inspector General, Upendra Kumar Sinha, Superintendent of Police, Arvind Kumar Gupta, Sub Divisional Police Officer, Sanjay Kumar Singh, Dy. Superintendent of Police and Mrityunjay Kumar Singh, Sub Inspector displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4 (i) of the Rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 25/06/2010.

SURESH YADAV
OSD to the President

———————————

No. 116-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Chhattisgarh Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Pramod Xess,
   Inspector
2. Manohar Pradeep Kerketta,
   Company Commander

Statement of service for which the decoration has been awarded

Inspector of Police, Saranggarh, Pramod Xess received information that some cadres of CPI (Maoists) had a meeting in which they were planning to incite people of village Pardhiyapali against the Govt. They were also planning to induct new members and attack the Police Out Post of Dongripali. After their meeting, they went towards Karramal forest and were staying near Butipani pond. On 27.01.2012, on receipt of this information, the necessary details of the terrain and topography, chalked out a strategy and planned an operation to apprehend the ultras. He formed two teams &briefed them.

The first team led by Inspector Xess went down to the Karrarnal forest to cut off the route of the Naxalites. The second team led by CC Kerketta reached Gomarda. The second team split into 3 sections to cordon the area. In the early morning at around 12 O'clock, the Naxalites started firing heavily on the second team.

One Naxalite carrying AK 47 was leading his comrades. CC Kerketta positioned himself strategically and was able to fire and inflict bullet injury on him. After this, the intensity of fire from Naxalites increased. Pramod Xess fired with his AK 47 and killed the naxalite on the spot. The other naxalites came to take the dead body and ammunition and again attacked with hand grenades. Inspector Xess and CC Kerketta guided the men ably and were in complete control of the situation. Firing from both sides went on for an hour. Naxalites were forced to recede. Some naxalites were found yelling and some were seen running with dead bodies of slain naxals on their shoulders. The police party, recovered one dead body of naxalite around 30 yrs. old alongwith Arms & Ammunitions. Inspector of Police Pramod Xess and Company Commander Manohar Pradeep Kerketta planned and executed the operation successfully. They displayed exemplary courage in leading the Police teams from front and inflicting heavy casualty on the naxals without any injury to the Police personnel.

Recovery:

1. AK 47 Rifle 01 No.
2. AK 47 live rounds 39 Nos.
3. AK 47 blank khokha -05 Nos.
4. INSAS Rifles Blank Khoka 02 Nos.
5. .303 live round 01 No.
6. AK47 Magzine 03 Nos.
7. Magzine Pouch Black Colour 01 No.

In this encounter S/Shri Pramod Xess, Inspector and Manohar Pradeep Kerketta, Company Commander displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4(i) of the Rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 27/01/2012.

SURESH YADAV
OSD to the President

No. 117-Pres/2015—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the under mentioned officers of Chhattisgarh Police:-

NAME & RANK OF THE OFFICERS

S/Shri

1. Manish Kumar Sharma,
   Addl. Superintendent of Police
2. Uday Bhan Singh Chauhan,
   Superintendent of Police
3. Rajendra Prasad Sharma,
   Inspector

Statement of service for which the decoration has been awarded

In the year 2007-08, when Raipur and Durg Police arrested a few top cadres of the Naxalites and recovered a huge cache of arms and ammunition in the city, Chhattisgarh police decided to continue its crusade to expose anti-national agenda of the Naxalites' on all fronts. Since then, Durg Police had been working relentlessly on unraveling malicious designs of urban network of the CPI (Maoist).

